

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में रक्षा संपदा महानिदेशालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'मंथन 2025' को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 19 अंक: 258 पृष्ठ: 12

RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com

राष्ट्रीय संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## दिल्ली में 72 देशों के राजनयिकों ने मां के नाम पर किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में 72 से अधिक देशों के 75 राजदूतों, उच्चायुक्तों और मिशन प्रमुखों ने गुरुवार को "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत अपनी मां के नाम पर पौधरोपण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू सेवा पखवाड़ा के तहत दिल्ली के पीबीजी ग्राउंड में यह वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि ये पूरे विश्व के लिए बहुत बड़ा आयोजन है। प्रधानमंत्री मोदी के एक पेड़ मां के नाम की अपील हमें यह एहसास दिलाती है कि धरती को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। इस मौके पर कई राजदूत और उच्चायुक्त अपनी मां को याद करके भावुक हो गए। सेवा पखवाड़ा के तहत 25 सितंबर को पूरे देश में 7.5 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। आज इंडिया से इसकी खुशबू पूरी दुनिया तक पहुंची है। मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि दिल्ली का हरित क्षेत्र 25 फीसद बढ़ा है, जो अन्य सभी प्रदेशों में सबसे ज्यादा है। एक पेड़ मां के नाम सिर्फ अभियान नहीं बल्कि एक जन आंदोलन है। आपके द्वारा लगाया हुआ हर पेड़ मां के प्यार और संवेदना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 72 देशों के राजनयिकों ने अपनी मां के नाम पर दिल्ली की धरती पर पेड़ लगाया।

यह दृश्य दिखाता है कि मां का रिश्ता न भाषा से बंधा है और न ही सीमा से। मां का नाम लिया जाए तो पूरी धरती एक हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर शुरू सेवा पखवाड़े के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि मां और धरती मां दोनों के प्रति हमारी कृतज्ञता का भी प्रतीक है। दिल्ली सरकार इस वर्ष 70 लाख पेड़ लगाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने सभी से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाने का आग्रह किया।

## कांग्रेस समर्थक वोटर ही बन रहे निशानाः राहुल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का मुद्दा उठाते हुए चुनाव आयोग पर हमला बोला है। उन्होंने कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में 6,018 मतदाताओं के नाम हटाए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह सब एक संगठित साजिश का हिस्सा है जिसमें कांग्रेस समर्थक वोटरों के नाम ही टारगेट किए जा रहे हैं। राहुल गांधी ने आज यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मतदाता सूची से नाम काटने की प्रक्रिया बड़े पैमाने पर और सेंट्रलाइज तरीके से की जा रही है। आलंद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस समर्थक मतदाताओं को लक्षित कर उनके नाम मतदाता सूची से काटे गए। उन्होंने दावा किया कि अब तक 6,018 मतदाताओं के नाम हटाए जाने का मामला सामने आया है, हालांकि यह संख्या और भी बड़ी हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह

**बोले राहुल**

- आलंद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस समर्थक मतदाताओं को लक्षित कर उनके नाम मतदाता सूची से काटे गए।

वोट चोरी का मामला तब संयोगवश पकड़ा गया जब एक बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के रिश्तेदार का नाम सूची से गायब मिला। जब इसकी पड़ताल की गई तो सामने आया कि यह प्रक्रिया किसी तीसरे पक्ष द्वारा की जा रही है और इसका संचालन ऑटोमेटेड सॉफ्टवेयर से किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में जिस व्यक्ति का नाम सूची से हटाया गया, तो जांच में उसके पड़ोसी का ही नाम सामने आया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बीएलओ ने जब पड़ोसी से पूछा तो उसने नाम हटाने से इनकार किया।

## बिहार में दो-तिहाई से अधिक बहुमत वाली राजग सरकार बनानी हैः शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद डेहरी-ऑन-सोन में शाहाबाद और मगध प्रक्षेत्र के 10 जिलों के कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का लक्ष्य सरकार बनाना नहीं, बल्कि दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाना है। अमित शाह ने कहा कि 10 जिलों के सभी कार्यकर्ता संकल्प लें कि वो मोदी की नेतृत्व में बिहार में सरकार बनाएंगे। नीतीश की सरकार ने जो कुछ बिहार के लिए किया है। उसे घर-घर तक पहुंचाएंगे। इसके बाद अमित शाह ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि आपकी आवाज राहुल गांधी तक जाना चाहिए। घुसपैठिये को वोट का अधिकार है क्या, घुसपैठियों को राशन मिलना चाहिए, उनको आ?ष्मान कार्ड मिलना चाहिए, उनको वोट देने का अधिकार है क्या? अमित शाह के इन सवालों पर वहां मौजूद लोगों ने नहीं में जवाब दिया। ये आएंगे तो घुसपैठिये बढ़ाएंगे, राजग आएगा तो बिहार को बढ़ाएगा। दो तिहाई बहुमत से विजय करने का संकल्प लीजिए। अमित शाह ने कहा कि



### नीतीश और शाह की बंद कमरे में मुलाकात, बिहार चुनाव में राजग सीट बंटवारे पर मंथन

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना के होटल मौर्या में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बंद कमरे में करीब आधे घंटे तक बात की। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह मुलाकात सियासी हलकों में चर्चा का विषय बन गई है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सीट बंटवारे और चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। मुलाकात में जदयू और भाजपा के वरिष्ठ नेता, जैसे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, विजय कुमार चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल मौजूद रहे। पटना में दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद गृहमंत्री अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक रोहतास जिले के डेहरी ऑन सोन पहुंच गए हैं। उनके साथ दोनों उपमुख्यमंत्री (विजय सिन्हा-सम्राट चौधरी) और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल भी मौजूद हैं।

राजग को इस बार शाहाबाद की 80 प्रतिशत सीटों पर जीत दर्ज करना है। उन्होंने बिहार का भविष्य नरेन्द्र मोदी से जोड़ने की अपील की। शाह ने कहा कि अन्य दलों में नेता चुनाव जीतते हैं। हमारी पार्टी में कार्यकर्ता चुनाव जीतते हैं और कार्यकर्ता ही नीचे से ऊपर तक पहुंचते हैं। भाजपा में एक बूथ का अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन सकता है। हम यहां पर जितनी मजबूती से संकल्प करेंगे, भाजपा

**शाह ने कहा**

- गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार का विकास और समृद्धि राजग का लक्ष्य है।

उतनी ही मजबूत होगी, राजग मजबूत होगा और राजग जितना मजबूत होगा बिहार भी उतना ही खुशहाल बनेगा। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार का विकास और समृद्धि राजग का लक्ष्य है। यह चुनाव सरकार बनाने का नहीं है।

यह चुनाव दो तिहाई से ज्यादा बहुमत के साथ सरकार बनाने का है। 10 जिलों के सभी कार्यकर्ता आज से संकल्पित होकर जाएं कि हम मोदी जी के नेतृत्व में बिहार में मजबूत राजग सरकार बनाएंगे। नीतीश कुमार और मोदी जी की सरकार ने जो कुछ बिहार की जनता के लिए किया है उसे उसे घर-घर तक लेकर जाएंगे और लोगों को बताएंगे। अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी विश्व भर में एक मात्र ऐसे नेता हैं जिन्होंने लगातार 24 साल तक राज्य और देश के मुखिया के रूप में काम किया।

## बुलढाणा में ट्रक और कार के बीच टक्कर में 4 की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के मलकापुर के पास नेशनल हाइवे पर गुरुवार को तडके एक कार और एक ट्रक के बीच हुई जोरदार टक्कर में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई और 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। इस घटना की छानबीन मलकापुर पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। इस घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि आज तडके भुसावल से मलकापुर की ओर जा रही कार अचानक अनियंत्रित होकर सामने जा रहे ट्रक से टकरा गई। इस घटना में कार चालक साजिद अजीज बागवान और 3 महिलाओं समेत कुल चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## सेना प्रमुख ने लिकाबाली सैन्य अड्डे का दौरा करके एलएसी पर देखीं युद्ध की तैयारियां

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ चल रहे तनाव के बीच सैन्य संरचना की युद्ध तत्परता का आकलन करने के लिए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश के लिकाबाली सैन्य अड्डे का दौरा किया। सैन्य अधिकारियों ने जनरल द्विवेदी को कई महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी दी, जिनमें परिचालन रणनीतियां, आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य



और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ प्रौद्योगिकी का एकीकरण करने के साथ ही राष्ट्रीय विकास की पहल शामिल हैं। चीन के सैनिकों के साथ 2020 में गलवान घाटी हिंसक संघर्ष के बाद से इस क्षेत्र में 60 हजार से अधिक सैनिकों की तैनाती है। इसके साथ ही विवादित मैकमोहन रेखा के पास स्थित अरुणाचल प्रदेश का सामरिक महत्व सैन्य अभियानों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है। भारत के 30वें सेनाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद जनरल द्विवेदी की यह यात्रा भारतीय सेना की पूर्वोत्तर सीमाओं पर उच्च स्तर की तत्परता और परिचालन क्षमता का आकलन करने के लिहाज से महत्वपूर्ण है, क्योंकि वर्तमान भू-राजनीतिक परिवेश में यह एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। लिकाबाली सैन्य अड्डे के इस आधिकारिक दौरे का उद्देश्य एलएसी पर चीन के साथ चल रहे तनाव के बीच सैन्य संरचना की युद्ध तत्परता का आकलन करना था।

## आधारहीन आरोप लगाना राहुल की आदतः अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तंज कसा है। भाजपा ने कहा कि 'हाइड्रोजन बम' फोड़ने वाले थे, लेकिन सिर्फ फुलझड़ी से ही काम चलाना पड़ा है ओर वो भी फुस्स हो गयी। आधारहीन आरोप लगाना इनकी आदत बन गई है। राहुल गांधी की प्रेस कांफ्रेंस के बाद भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि उन्होंने (राहुल) आरोपों की राजनीति को अपना आभूषण बना लिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव दर चुनाव हार और जनता से नकार दिए जाने वाले एक नेता,



जिनके नेतृत्व में करीब 90 चुनाव कांग्रेस हार चुकी है। उनकी हताशा-निराशा लगातार बढ़ती जा रही है और आरोपों की राजनीति को राहुल ने अपना आभूषण बना लिया है। उन्होंने कहा कि जब इनके द्वारा लगाए गए आरोपों को सत्यापित करने के लिए कहा जाता है तो पीठ दिखाकर भाग जाते हैं, शपथ पत्र देने को कहा जाता है तो मुकर जाते हैं।

## पर्यटन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए आतिथ्य क्षेत्र में मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्ट-अप योजना को मंजूरी

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से आतिथ्य क्षेत्र में मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्ट-अप योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के अंतर्गत नई पर्यटन इकाइयां स्थापित करने और मौजूदा होम-स्टे इकाइयों का विस्तार और स्तरोन्नत करने के लिए ऋण पर वित्तीय राहत दी जाएगी। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि योजना के अंतर्गत ऋण पर शहरी क्षेत्रों में तीन प्रतिशत, ग्रामीण क्षेत्रों में चार प्रतिशत और जनजातीय क्षेत्रों में



पांच प्रतिशत तक ब्याज उपदान (सब्सिडी) मिलेगी। यह सुविधा अधिकतम तीन वर्षों की अवधि के लिए और दो करोड़ रुपये तक के ऋण पर उपलब्ध होगी। यह योजना केवल बोनाफाइड हिमाचलियों के लिए है। उन्होंने बताया कि होम-स्टे पर्यटकों के लिए महंगे होटलों के स्थान पर किफायती विकल्प है। यह पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान कर उन्हें लंबी अवधि तक ग्रामीण क्षेत्रों में रुकने के लिए आकर्षित करते हैं। यह योजना सांस्कृतिक रूप से समृद्ध ग्रामीण क्षेत्रों के पर्यटन को बढ़ावा देने,

- होम-स्टे की स्थापना के लिए तीन से पांच प्रतिशत ब्याज पर सब्सिडी का प्रावधान

स्वरोजगार सृजित करने और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि होम-स्टे स्थानीय परंपराओं, व्यंजनों और रीति-रिवाजों से सीधे जुड़? का अवसर देते हैं। किफायती ठहराव बजट यात्रियों, बैकपैकरों और छात्रों के लिए पर्यटन स्थलों को सुलभ बनाता है और स्थानीय समुदायों को प्रत्यक्ष लाभ देता है।

## जानकारी छिपाकर किसे बचा रहा चुनाव आयोगः खरगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में 6,018 मतदाताओं के नाम हटाए जाने के आरोप का कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने समर्थन करते हुए चुनाव आयोग से तीन सवाल पूछे। मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची से नाम हटाने की जांच कर रही सीआईडी टीम ने पिछले 18 महीनों में चुनाव आयोग को 18 पत्र लिखे हैं। लेकिन, चुनाव आयोग दोषियों का पता लगाने के लिए जरूरी जानकारी छिपा रहा है। उन्होने राहुल गांधी के आरोपों



का समर्थन करते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने इस घटना का पदार्फाश कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में सीआईडी से जानकारी छिपाकर आयोग किसे बचा रहा है?

### नशीली दवाओं की तस्करी पर रोक लगाने के लिए विशेषज्ञ सेल बनाने पर दिया जोर

## एनसीबी प्रमुख ने नशामुक्त भारत के लिए संयुक्त प्रयासों पर दिया जोर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के महानिदेशक अनुराग गर्ग ने कहा है कि नशामुक्त भारत का लक्ष्य केवल जब्ती कार्यवाहियों तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि ड्रग कार्टेल्स की रीढ़ तोड़ने के लिए उनकी पूरी कड़ियों की गहन जांच आवश्यक है। दूसरे राष्ट्रीय एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए गर्ग ने राज्यों से आग्रह किया कि प्रत्येक एएनटीएफ कम से कम दस मामलों की पहचान कर उनकी 360 डिग्री जांच सुनिश्चित करे। जटिल मामलों



को एनसीबी, एनआईए और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा जाना चाहिए, ताकि अंतरराज्यीय और विदेशी नेटवर्क का प्रभावी रूप से पर्दाफाश हो सके। गर्ग ने डार्कनेट और क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से होने वाली नशीली दवाओं की तस्करी पर रोक लगाने के लिए विशेषज्ञ सेल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी एजेंसियों से सामूहिक और रणनीतिक कार्रवाई का आह्वान करते हुए कहा कि यह केवल कानून प्रवर्तन का मुद्दा नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य को बचाने का मिशन है। देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों का दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन बुधवार को नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। इसमें सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने 2047 तक नशामुक्त भारत के लक्ष्य को साधने के लिए साझा जिम्मेदारी और सामूहिक संकल्प दोहराया। यह दो दिवसीय सम्मेलन संयुक्त संकल्प, साझा जिम्मेदारी विषय पर आयोजित किया गया था, जिसका शुभारंभ 16 सितंबर को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया। सम्मेलन का आयोजन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने किया था, जिसमें 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एएनटीएफ प्रमुखों के साथ कई सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में नशीली दवाओं के अवैध उत्पादन और वितरण को रोकने के लिए हॉटस्पॉट मैपिंग, सड़क स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट्स तक नेटवर्क को जोड़ने, तटीय एवं समुद्री तस्करी मार्गों पर विशेष निगरानी और मांग में कमी लाने की रणनीतियों पर चर्चा हुई।

## सऊदी अरब के साथ पाक की बढ़ती नजदीकियों को रोकने में सरकार नाकामः जयराम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद जयराम रमेश ने पाकिस्तान की अमेरिका, चीन और सऊदी अरब के साथ बढ़ती नजदीकियों पर चिंता जाहिर करते हुए भारत सरकार को इसे रोकने में नाकाम बताया। जयराम ने एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका, चीन और सऊदी अरब की हालिया यात्राओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन देशों पर पाकिस्तान का प्रभाव बढ़ना देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए



ऑपरेशन सिंदूर के रुकने बाद भड़काऊ भाषण और सांप्रदायिक जहर घोलने वाले बयान से भारत में पहलगाम हमला करवाने वाले पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को ट्रंप में व्हाइट हाउस में लंच पर बुलाया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा के बाद चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को गुप्त सैन्य मदद का भी दावा किया। उन्होंने पहलगाम हमले के समय प्रधानमंत्री मोदी के सऊदी अरब यात्रा को बीच में छोड़ने का जिक्र कर कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद सऊदी अरब का पाकिस्तान के साथ "रणनीतिक पारस्परिक रक्षा" समझौते पर हस्ताक्षर करना देश के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने इसे देश की कूटनीति के लिए झटका बताते हुए कहा कि कांग्रेस इसके लिए चिंतित है। इस पर नए सिरे से सोचा जाना चाहिए।

# जीएसटी रिफॉर्म देशवासियों के लिए मोदी जी का दीवाली गिफ्टः योगी

- जीएसटी रिफॉर्म्स के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का जताया आभार
- मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के निर्णय को महंगाई से राहत और व्यापार को गति देने वाला बताया
- सीएम बोले- जीएसटी रिफॉर्म्स रोजगार सृजन की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगा
- किसानों, कारोबारियों और आम परिवारों तक सभी को मिलेगी राहतः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रेस वार्ता करते हुए हालिया जीएसटी रिफॉर्म्स को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों के लिए एक बड़ा दीवाली गिफ्ट करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का यह निर्णय देशवासियों को महंगाई से राहत और व्यापार को गति देने वाला है। यह केवल टैक्स सुधार नहीं बल्कि हर नागरिक के जीवन को सरल बनाने वाला दीपावली का उपहार है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं, किसानों, कारोबारियों और आम परिवारों तक सभी को राहत देने वाले इन सुधारों का लाभ 22 सितम्बर से, यानी शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन से मिलने लगेगा। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया।

**घोषणा के 20 दिनों के अंदर सामने आए परिणामः** मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री जी ने जिस टैक्स रिफॉर्म की घोषणा की थी, उसके परिणाम महज 20 दिनों में सामने आ गए। जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में 3 सितम्बर को लिए गए फैसले अब लागू हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक टैक्स सुधार नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने वाला व्यापक अभियान है।

**जीएसटी में अब तक का सबसे बड़ा रिफॉर्मः** मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले देश में अलग-अलग कर लागू थे जिनमें वैट, सेल टैक्स, सेवा कर, उत्पाद शुल्क, एंट्री टैक्स और मनोरंजन कर जैसे जटिल कर उपभोक्ताओं और कारोबारियों पर भारी पड़ते थे। जीएसटी ने इन्हें समाहित कर देश को वन नेशन, वन टैक्स की व्यवस्था दी। अब जीएसटी में सबसे बड़ा सुधार किया गया है। पहले चार स्लैब–5%, 12%, 18% और 28% लागू थे। लेकिन अब सिर्फ दो स्लैब–5% और 18%–को रखा गया है। 12% और 28% की दरें समाप्त कर दी गई हैं। कुछ विलासिता की वस्तुओं पर 40% टैक्स यथावत रहेगा। इससे आम उपभोक्ता को सीधी राहत मिलेगी। रसोई से लेकर कृषि, मकान निर्माण से लेकर बड़े हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, उद्योग और व्यापार–हर क्षेत्र को लाभ मिलेगा।



- प्रधानमंत्री ने की टैक्स रिफॉर्म की घोषणा और 20 दिनों में आ गए उसके परिणामः सीएम
- 2017 से पहले थे कई जटिल कर, जीएसटी ने इन्हें समाहित कर वन नेशन, वन टैक्स की व्यवस्था दीः योगी

**घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ी राहतः** मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सामान्य गृहस्थ परिवार को अब घरेलू खर्चों में सीधी राहत मिलेगी। दूध, दही, पनीर, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और बच्चों से जुड़े सामान पर केवल 5% या 0% टैक्स लगेगा। इससे न सिर्फ रोजमर्रा के खर्च कम होंगे बल्कि उपभोक्ता की क्रय क्षमता भी बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति ज्यादा खरीद सकेगा तो खपत बढ़ेगी और बाजार में मांग बढ़ने से उत्पादन में तेजी आएगी।

**किसानों और ग्रामीण भारत को फायदाः** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुधार किसानों और ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था के लिए भी ऐतिहासिक है।

## ओबीसी वर्ग के उत्थान के लिए योगी सरकार ने तैयार किया मजबूत खाका

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित यूपी के रूप में स्थापित करने का दूरदर्शी लक्ष्य निर्धारित किया है। इस महत्वाकांक्षी विजन की आधारशिला ग्रामीण युवाओं, खासकर पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना, साथ ही ग्राम स्वच्छता और अवसंरचना को मजबूत बनाना है। सरकार का मानना है कि अगले 22 वर्षों में इन क्षेत्रों में व्यापक सुधार से यूपी न केवल 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है, बल्कि भारत की विकास यात्रा में भी निर्णायक भूमिका निभा सकता है। इस दिशा में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ओबीसी समुदाय के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए ठोस कदम उठा रहा है, जो प्रदेश के 52% से अधिक आबादी वाले इस वर्ग के लिए नई उम्मीद लेकर आया है। प्रदेश में ओबीसी वर्ग की आबादी 52% से अधिक है, और उनके सशक्तिकरण के बिना विकसित यूपी का सपना अधूरा रहेगा। पिछले आठ वर्षों में विभाग ने ओबीसी कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2024-25 में 32,22,499 ओबीसी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की गई, जबकि पिछले आठ सालों में कुल 2,07,53,457 छात्रों को 13,535.33 करोड़ रुपये का लाभ मिला। यह राशि पूर्ववर्ती सरकार के 4,197 करोड़ रुपये के व्यय से चार गुना अधिक है।

## नगर आयुक्त ने वृंदावन में श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** नगर आयुक्त जग प्रवेश ने वृंदावन जोन में श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर प्रदेश में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देना तथा अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करना है। नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा इस अवधि में नगर क्षेत्र के सभी वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत ऐसे स्थलों की भी सफाई कराई जा रही है, जहाँ लंबे समय से सफाई नहीं हो पाई थी। साथ ही सभी पार्षदगणों की सहभागिता से गठित स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियों के माध्यम से 70 वार्डों में व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। गुरूवार को नगर आयुक्त जग प्रवेश ने क्षेत्रीय पार्षद, नगर निगम अधिकारियों/कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता से वृंदावन क्षेत्र, वार्ड संख्या 13 सुनरख में श्रमदान किया।



## छोटे बच्चों की स्क्रीनिंग का अभियान चलाया

**मथुरा।** पोषण माह के अंतर्गत,दूसरे दिवस को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सैम और मैम बच्चों की स्क्रीनिंग के लिए विशेष अभियान चलाया गया। सभी सैम और मैंम बच्चों का डेटा पोषण ट्रैकर एप पर हर महीने दर्ज किया जाता है लेकिन राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान आज विशेष रूप से यह अभियान चलाया गया ।जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी सैम बच्चा एप पर अंकित होने से ना छूटे।

इसी प्रकार यदि कोई बच्चा पूर्व में पोषण ट्रैकर अति कुपोषित के रूप में पंजीकृत था लेकिन वर्तमान में उसकी स्थिति में सुधार हो गया है तो उसे उसके अनुरूप अद्यतन किया जा सके जिससे बच्चे के स्वास्थ्य में हुआ सुधार ऐप पर परिलक्षित हो सके।

## योगी सरकार ने खीरी में पेश की जनसहभागिता की मिसाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ/लखीमपुर खीरी :**

**कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता,**
**एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों।**

ये पंक्तियां योगी सरकार के लखीमपुर खीरी जिला प्रशासन पर पूरी तरह से चरितार्थ होती हैं। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप आपदा में जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला, जहां पर जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी द्वारा बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए 5 हजार सीएसआर स्पेशल किट का वितरण किया जा रहा है। यह किट योगी सरकार द्वारा सरकारी वित्तीय सहायता, मुआवजा और राहत किट के अतिरिक्त वितरित की जा रही है। इस किट को जिलाधिकारी की पहल पर 45 लाख रुपये की लागत से कॉरपोरेट सेक्टर, उद्यमियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से तैयार किया गया। इसी के साथ खीरी पूरे प्रदेश में ऐसा पहला जिला हैं, जहां पर बाढ़ पीड़ितों के लिए सीएसआर स्पेशल किट वितरित की जा रही है। एक किट की लागत करीब 900 रुपये है। बता दें कि पिछले वर्ष भी आपदा की घड़ी में सीएम योगी के मार्गदर्शन में सीएसआर स्पेशल किट का वितरण किया गया था।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप बाढ़ पीड़ितों को सरकारी सहायता के साथ उपलब्ध करायी जा रही स्पेशल किट

**निराश्रित महिलाओं, दिव्यागों और 70 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों को उपलब्ध करायी जा रही किट**

जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा आपदा के समय प्रदेशवासियों के साथ खड़े रहते हैं। उनके द्वारा न केवल आपदा की घड़ी में पीड़ितों को हर संभव मदद उपलब्ध करायी जाती है बल्कि वह खुद पीड़ितों पर दर्द साझा करने के लिए उनसे मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछते रहते हैं। इसी क्रम में सीएम योगी की दूरदर्शी सोच को आत्मसात करते हुए सरकारी सहायता के साथ बाढ़ प्रभावित इलाकों में 5 हजार सीएसआर स्पेशल किट का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किट को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए जिले की पांच बाढ़ प्रभावित तहसीलों के सभी बाढ़ प्रभावित गांव में निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों और 70 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों को चिन्हित किया गया है।

## लोहा एवं इस्पात क्षेत्र में 455 करोड़ के फर्जी जीएसटी बिलिंग घोटाले का भंडाफोड़ किया




**लुधियानाः** केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) आयुक्तालय, लुधियाना के अधिकारियों ने एक विशिष्ट सूचना के आधार पर 16 सितंबर को लुधियाना में कई तलाशी अभियान चलाकर 455 करोड़ मूल्य के एक बड़े फर्जी जीएसटी चालान रैकेट का पदार्फाश किया। मेसर्स वासु मल्टीमेटल्स, मेसर्स एसवीएम मल्टीमेटल्स प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स इंगॉटैस्टिक एलएलपी नामक तीन संबंधित फर्में फर्जी चालान प्राप्त करने और अपनी जीएसटी देनदारियों को समायोजित करने के लिए 69.41 करोड़ रुपये के अयोग्य इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का उपयोग करने में शामिल थीं, जिससे सरकारी राजस्व में भारी कमी आई। तलाशी अभियान के बाद, इन फर्मों का संचालन और नियंत्रण करने वाले दो व्यक्तियों को केंद्रीय जीएसटी अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। नेटवर्क की पूरी सीमा का पता लगाने और इसमें शामिल अन्य संस्थाओं की पहचान करने के लिए जाँच जारी है। सीजीएसटी लुधियाना आयुक्तालय कर धोखाधड़ी का पता लगाने था ईमानदार करदाताओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराता है।

## 'सेवा, संकल्प और समर्पण के चार वर्ष' पर कॉफी टेबल बुक का राज्यपाल ने किया विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने राजभवन में ''सेवा, संकल्प और समर्पण के चार वर्ष'' शीर्षक की एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। यह कॉफी टेबल बुक, राजभवन सूचना परिसर की ओर से राज्यपाल के चार वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित है। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित भी किया। राज्यपाल ने राजभवन में 23 वर्षों से अधिक समय तक निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने वाले कम्पट्रोलर प्रमोद चमोली को ''लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड'' से सम्मानित किया। चमोली लंबे समय तक



विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए राजभवन के गृहस्थ अनुभाग का संचालन किया और आयोजन व्यवस्थाओं में उत्कृष्ट प्रबंधन और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि चमोली ने अपनी सेवाओं से प्रशासनिक कार्यप्रणाली में अनुशासन, दक्षता और पारदर्शिता को भी सुनिश्चित किया है। उन्होंने अन्य सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार आपके कार्य के प्रति ईमानदारी, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वे इसी लगन और निष्ठा के साथ आगे भी कार्य करते रहें। राज्यपाल ने कहा कि सम्मानित अधिकारी एवं कर्मचारी अन्य सभी के लिए प्रेरणादायक उदाहरण हैं। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन पूरे प्रदेश का

- राज्यपाल ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजभवन के कार्मिकों को किया सम्मानित

प्रतिनिधित्व करता है जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों की समस्याओं के प्रति सजगता से कार्य करते हुए उनका ससमय निस्तारण के लिए कार्य करें। राजभवन से लोगों के मध्य एक अच्छा संदेश जाए, इसमें सभी कर्मियों की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल, अपर सचिव रीना जोशी, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राजभवन डॉ. महावीर त्यागी एवं डॉ. एके सिंह और चिकित्सा अधिकारी आयुष राजभवन डॉ. पंकज बच्चस के अलावा राजभवन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने 15 सितंबर को उत्तराखंड के राज्यपाल के रूप में चार वर्ष पूर्ण किए हैं। यह कॉफी टेबल बुक राज्यपाल के प्रेरणादायक विचारों के साथ-साथ उनके मिशन, एआई टेक्नोलॉजी, शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, युवाओं के मार्गदर्शन एवं अन्य सामाजिक विषयों पर केंद्रित है। कार्यक्रम में राज्यपाल के चार वर्षों के कार्यकाल पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

## शंकर और रघुनाथ का बलिदान अविस्मरणीय है : सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**जबलपुर।** राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस आज (गुरुवार को) संपूर्ण गोंडवाना क्षेत्र में मनाया जा रहा है जबलपुर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन हुआ। मुख्यमंत्री ने आज गुरुवार को जबलपुर में स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश आज जिन



रणबांकुरों की वजह से आजाद हवा में सांस ले रहा है, उनमें शंकर शाह और रघुनाथ शाह का बलिदान अविस्मरणीय है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने आगे कहा कि राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ने भारत माता के लिए प्राणों की आहुति देकर स्वतंत्रता आंदोलन की नींव को मजबूत किया। उनका जीवन आज भी राष्ट्र और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि जबलपुर और पूरा देश उन पर गर्व महसूस करता है। इस दौरान सभा स्थल पर राजा शंकर शाहझ्ररघुनाथ शाह अमर रहें के नारे गूंजते रहे। मुख्यमंत्री इसके बाद घण्टाघर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस इनफॉरमेशन सेंटर पहुंचे और संग्रहालय का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहीदों के जीवन को स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणादायी गाथा बताया। मंच से मुख्यमंत्री ने वीरांगना रानी दुर्गावती को भी याद करते हुए कहा कि महाकोशल की यह धरती बलिदानों की भूमि है।

## मुठभेड़ में दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के थाना रामगढ़ पुलिस टीम ने बुधवार देर रात ई-रिक्शा चोरी करने वाले 02 शातिर अभियुक्तों को मुठभेड़ में गिरफ़्तार किया है। गोली लगने से घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अपर पुलिस अधीक्षक देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि 16 सितम्बर को आमिर पुत्र मौहम्मद असरफ निवासी कोहिनूर रोड़ गली न0 15 थाना रामगढ़ व राहिल पुत्र रहीश निवासी हाल पता



अम्बेडकर पार्क ट्यूबैल वाली गली थाना रामगढ़ व 25 अगस्त को बृजराज पुत्र अमर सिंह निवासी सम्राट नगर ट्यूबैल बाली गली थाना रामगढ़ ने भी ई-रिक्शा चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि विवेचना के दौरान अभियुक्तगण नीरज व रितिक उर्फ राहुल का नाम प्रकाश में आया। थाना प्रभारी रामगढ़ संजीव कुमार दुबे पुलिस टीम के साथ बुधवार देर रात क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि बाईपास रोड़ से फैक्ट्री एरिया जाने वाले कच्चे रास्ते पर 02 संदिग्ध व्यक्ति 07 ई रिक्शा को बेचने की फिराक में खड़े हैं। थाना प्रभारी ने पुलिस टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों की घेराबंदी की। संदिग्धों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम ने जवाबी कार्यवाही की। जिसमें दोनों अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गए।

## राज्यपाल ने राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र स्थित बापू सभागार में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा आयोजित धार्मिक न्यास समागम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित बड़ी संख्या में साधु-संतों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भी साधु-संतों एवं गणमान्य व्यक्तियो का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा हरित पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा,




जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद सह जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरी सहनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार जायसवाल, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष डॉ रणवीर नंदन, राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य सायन कुणाल, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, साधु-संत, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जेल मंत्री ने नारनौल जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

**नारनौल।** हरियाणा के जेल मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने गुरुवार को जिला कारागार नारनौल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली और बंदियों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। जेल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. शर्मा ने जेल अधीक्षक से बंदियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। विशेष रूप से खाने की गुणवत्ता, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर दिया। जेल मंत्री ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए।

## प्रधानमंत्री का जीवन सेवा और संगठन की भावना को समर्पितः बडौली

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** सोनीपत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर शुरू हुए सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शिक्षा विभाग ने एथनिक इंडिया में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की। कार्यक्रम का गुरुवार को शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज भी मौजूद रहे। मोहनलाल बड़ौली ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन सेवा और संगठन की भावना को समर्पित है। सेवा पखवाड़ा अभियान इसी सोच को आगे बढ़ाने का प्रयास है।



उन्होंने कहा कि चित्रकला जैसी रचनात्मक गतिविधियां बच्चों की सोच, कल्पनाशक्ति और सामाजिक दृष्टिकोण को उजागर करती हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों को प्रतिभा दिखाने का मंच तो देती ही हैं, साथ ही समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए भी प्रेरित करती हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा समाज के सभी वर्गों को जोड़ने और देशहित में काम करने का सशक्त माध्यम है। विद्यार्थियों से उन्होंने अपील की कि वे पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रतियोगिता में जिलेभर के विद्यालयों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, अमृत महोत्सव और सेवा जैसे विषयों पर अपनी कल्पनाओं को रंगों से सजाया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष ने पौधारोपण भी किया और बच्चों से आह्वान किया कि वे हर विशेष अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल करें।

सेवा पखवाड़े के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर दिल्ली की माताओं को यह अमूल्य उपहार मिला है।

# दिल्ली में 502 पालनाघर आंगनवाड़ी सह क्रेच केंद्रों का शुभारंभ





टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को न्यू अशोक नगर स्थित दिल्ली नगर निगम प्राथमिक विद्यालय में 502 पालनाघर आंगनवाड़ी सह क्रेच केंद्रों (शिशु गृह) का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि दिल्ली में 502 पालना आंगनवाड़ी सह क्रेच केंद्र का शुभारंभ कामकाजी और मेहनतकश माताओं के जीवन में सुकून की नई रेखा है। ये केंद्र नन्हे बच्चों के पोषण और देखभाल का भरोसा है। अब माताएं निश्चित होकर अपने सपनों और जिम्मेदारियों को संतुलित कर पाएंगी। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर दिल्ली की माताओं को यह अमूल्य उपहार मिला है। ये 502 केंद्र नन्हे बच्चों के पोषण और देखभाल का संबल बनेंगे तथा कामकाजी व मेहनतकश माताओं को अपने रोजगार और जिम्मेदारियों को सहजता से निभाने में सहयोग देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनवाड़ी और क्रेच कार्यकर्ताओं को अब नए नाम हमौसीह से पुकारा जाएगा जो मां जैसा स्नेह, ममता और देखभाल का प्रतीक है। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, विधायक रविकांत, रवि नेगी, जिला अध्यक्ष विजेंद्र धामा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## दिल्ली में 'निपुण संकल्प योजना' शुरू, शिक्षा मंत्री सूद ने किया 'निपुण शाला' का लोकार्पण

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार को सेवा पखवाड़े के तहत जनकपुरी स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय सी-3 नंबर 1 में दिल्ली सरकार की निपुण नीति निपुण संकल्प योजना के तहत पहली निपुण शाला का लोकार्पण किया गया। यह निपुण शाला बच्चों की आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) के परिणाम को सुदृढ़ बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। दिल्ली सरकार ने कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थियों के लिए प्रारंभिक साक्षरता और संख्यात्मक कौशल को सशक्त बनाने के लिए निपुण संकल्प योजना की शुरूआत की है। इसके साथ ही मंत्री सूद ने नमो सुगम्य रथ एवं सुगम्य दिल्ली यात्रा (पश्चिमी क्षेत्र) का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के विजन को साकार करने में दिल्ली लगातार अग्रणी भूमिका निभा रही है। दिल्ली सरकार का लक्ष्य आने वाले तीन वर्षों में राजधानी का प्रत्येक सरकारी विद्यालय निपुण शाला युक्त बनाने का लक्ष्य है। निपुण शाला की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार के साथ-साथ सेवा पखवाड़े की भावना को और मजबूत करती है। शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि निपुण संकल्प योजना के माध्यम से दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करेगी की दिल्ली के हरेक सरकारी स्कूल का हर बच्चा प्रारंभिक साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में दक्ष बने। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों को सीखने में मदद करेगा बल्कि उनको उच्च शिक्षा में सफलता के लिए तैयार भी करेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों के लर्निंग आउटकम्स को सुधारने के लिए निपुण शाला जैसी पहल की गई है।

## जामिया के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र में प्रवेश शुरू, कई नए डिप्लोमा कोर्स आकर्षण का केंद्र



**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र ने विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके साथ ही आगामी सत्र से कई नए डिप्लोमा कोर्स भी छात्रों के लिए उपलब्ध होंगे। कुलपति प्रो. मजहर आसिफ और रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने सीडीओई के डीन प्रो. एम. मोशाहिद आलम रिजवी के साथ मिलकर गुरुवार को इस पहल की घोषणा की। नए कोर्सों में लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट, पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस, इंटरनेशनल रिलेशन एंड ग्लोबल गवर्नेंस, एजुकेशनल मीडिया प्रोडक्शन और मास मीडिया में हिंदी और उर्दू में एडवांस डिप्लोमा कोर्स शामिल हैं। इन कोर्सों के माध्यम से छात्रों को उद्योग-विशिष्ट कौशल प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। सीडीओई के डीन, प्रो. एम. मोशाहिद आलम रिजवी ने कहा कि इन नए कोर्सों का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक और रोजगार-उन्मुख शिक्षा प्रदान करना है। दूरस्थ शिक्षा की डिग्री नियमित डिग्री के बराबर ही मान्य है और यूजीसी द्वारा अनुमोदित है। प्रो. रिजवी ने कहा कि सीडीओई में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाता। छात्रों को उनके सभी विषयों के लिए मुद्रित और डिजिटल दोनों रूपों में अध्ययन सामग्री दी जाती है।

## दिल्ली चिड़ियाघर के एकमात्र अफ्रीकी हाथी 'शंकर' की मौत



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली के नेशनल जूलॉजिकल पार्क (चिड़ियाघर) के एकमात्र अफ्रीकी हाथी शंकर की बुधवार रात मौत हो गई। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। चिड़ियाघर प्रशासन ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह शंकर ने खाने में दिए गए पत्तों को कम खाया। उसे दस्त भी आ रहे थे। लेकिन, वह सामान्य रूप से फल और सब्जियां खा रहा था। इसके बाद चिड़ियाघर की पशु चिकित्सा टीम ने उसका उपचार किया और कर्मचारियों की निगरानी में रखा। उपचार के दौरान उसकी हालत स्थिर थी, लेकिन शाम को अचानक अपने शेड में वह गिर गया। गिरने की जानकारी होते ही चिकित्सकों ने आनन-फानन में आपातकालीन उपचार किया। हालांकि उसे बचाया नहीं जा सका और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मौत से एक दिन पहले मंगलवार तक वह एकदम स्वस्थ था। उसकी बीमारी या किसी प्रकार से अस्वस्थ होने की किसी के पास कोई जानकारी नहीं थी। शंकर की मौत किस वजह से हुई यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। मौत की जानकारी के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जांच के लिए आईवीआरआई बरेली के विशेषज्ञों, स्वास्थ्य सलाहकार समिति और मंत्रालय के प्रतिनिधियों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया जा रहा है। पोस्टमार्टम और आवश्यक नमूने लेने के बाद शव अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## दिल्ली पुलिस की पीसीआर वैन ने एक को कुचला, ब्रेक की जगह दबाया एक्सीलेटर, 2 पुलिसकर्मी सस्पेंड



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली के थाना मंदिर मार्ग इलाके में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां दिल्ली पुलिस की पीसीआर वैन ने एक व्यक्ति को कुचल दिया। हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, पीसीआर वैन के ड्राइवर ने अचानक गाड़ी रोकने के लिए गलती से ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबा दिया, जिससे वैन सड़क किनारे रैंप पर चढ़ गई और दुकान में सो रहे चाय विक्रेता को रौंद दिया। मामले में दोनों पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर सस्पेंड कर दिया गया है। हादसे को लेकर समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में नई दिल्ली के एडिशनल डीसीपी हुकमा राम ने कहा, "यहां एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना हुई है। पुलिस कानून के अनुसार कार्रवाई कर रही है। हम मृतक को हर संभव मदद और मुआवजा देंगे। हम सीसीटीवी की जांच करेंगे और आगे की जांच जारी है।" बातचीत में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान 55 वर्षीय चाय विक्रेता गंगाराम के रूप में हुई है, वह सुबह करीब 5 बजे अपनी चाय की दुकान पर सो रहा था, जब यह घटना हुई। अधिकारी ने बताया कि उसका बेटा उसके साथ दिल्ली में रहता है, जबकि उसकी पत्नी उत्तर प्रदेश के गोंडा में रहती है। अधिकारी ने कहा कि पीसीआर वैन में मौजूद दो पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी मेडिकल जांच की जा रही है। इससे पहले, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (डीएमई) पर होंडा सिटी कार से टकराने के बाद स्कूटर सवार की मौत हो गई।

## दिल्ली कोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज संरक्षित करने के लिए धौला कुआं एसएचओ को भेजा नोटिस



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली के धौला कुआं के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) को बीएमडब्ल्यू दुर्घटना मामले से संबंधित सीसीटीवी फुटेज संरक्षित करने का निर्देश देते हुए नोटिस जारी किया। अधिकारी को अगली सुनवाई के दौरान केस फाइल के साथ पेश होने का निर्देश दिया गया है।

**बुधवार को आया था आदेश**
यह नोटिस आरोपी गगनप्रीत कौर के वकील द्वारा दुर्घटनास्थल के सीसीटीवी साक्ष्य को संरक्षित करने की मांग वाली याचिका के बाद जारी किया गया है। कोर्ट ने बुधवार को इस याचिका पर पहले ही नोटिस जारी किया था। यह मामला धौला कुआं में हुई चर्चित बीएमडब्ल्यू एक्सीडेंट केस से संबंधित है, जिसमें वित्त मंत्रालय के उप सचिव नवजोत सिंह की मृत्यु हो गई थी। बुधवार को पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को गगनप्रीत कौर की जमानत याचिका का विरोध करने के लिए जवाब दाखिल करने का समय दिया है। इस पर सुनवाई शनिवार को होगी। इस बीच कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत को 27 सितंबर तक बढ़ा दिया है।

**लगाई गई धारा पर उठाए सवाल**
दिल्ली पुलिस ने जमानत याचिका पर अपना जवाब दाखिल कर दिया है। जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील रमेश गुप्ता ने गगनप्रीत कौर की ओर से तर्क देते हुए कहा कि यह एक साधारण दुर्घटना का मामला है। गैर-इरादतन हत्या से संबंधित धारा को लागू करना पूरी तरह से अनुचित है। वरिष्ठ वकील ने सवाल उठाते हुए यह भी कहा कि जांच ठीक ढंग से नहीं की गई है। डीसीपी का एक साक्षात्कार है, उन्हें जांच अधिकारी द्वारा गवाह बनाया जाना चाहिए। मौके पर एक एम्बुलेंस भी आई थी।

## बहुत परेशान करता है हनुमान मंदिर से कश्मीरी गेट बस अड्डा वाला जाम



- हनुमान मंदिर-कश्मीरी गेट जाम से लोग परेशान।
- आईएसबीटी के बाहर अव्यवस्था से यातायात प्रभावित।
- जाम कम करने के लिए नए प्रयोग करने की बात।

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** हनुमान मंदिर के सामने रिंग रोड पर वैसे तो मंगलवार के दिन जाम लगता है। मगर यह अक्सर होता है कि जब यहां से करीब एक किलोमीटर दूर रिंग रोड पर स्थित कश्मीरी गेट बस अड्डा पर यातायात की अव्यवस्था से लगने वाला जाम हनुमान मंदिर पर आ जाता है। कुछ माह पहले प्रयोग के तौर पर आईएसबीटी से बाहर रिंग रोड पर निकलने वाली बसों के लिए अलग से लेन बनाई गई है, इससे जाम से कुछ राहत तो मिली है, मगर जाम दूर नहीं हो सका है। आईएसबीटी के बाहर की अव्यवस्था भी रिंग रोड के यातायात को प्रभावित करती है। यहां यातायात जाम की बात करें तो बड़ा कारण आईएसबीटी का होना है। आईएसबीटी कश्मीरी गेट का पूरा नाम महाराणा प्रताप अंतरराज्यीय बस अड्डा है, जो 1976 में बना था। आईएसबीटी कश्मीरी गेट तीन मार्गों से घिरा है। एक तरफ रिंग रोड है, दूसरी ओर शाहदरा से आकर तीस हजारी जाने वाला जीटी रोड है इस पर भी जाम लगता है। तीसरी ओर कश्मीरी गेट स्थित निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर जाने वाला मार्ग है। इस मार्ग पर भी अव्यवस्था रहती है, मगर सबसे अधिक लोग रिंग रोड के जाम से जूझते हैं। यह दिल्ली का सबसे बड़ा अंतरराज्यीय बस टर्मिनल है और यहां से हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित कई राज्यों के लिए बसें चलती हैं।

## नाबालिग पर धारदार हथियार से हमला

**नई दिल्ली।** त्रिलोकपुरी में गुरुवार को एक नाबालिग पर झगड़े के दौरान तेज हथियार से हमला हुआ, जिसमें उसके चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार, पीड़ित को खून से लथपथ हालत में पाया गया। उसे तुरंत लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया, जहां से आगे के इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है और एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। मामले की जांच की जा रही है। दूसरी ओर दिल्ली पुलिस के दक्षिण-पूर्व जिले के विशेष दस्ते ने बुधवार को एक जुआ रैकेट का पर्दाफाश किया है।

## दिल्ली और हरियाणा में सात गैंगस्टरों के 58 ठिकानों पर छापेमारी



- दिल्ली, सोनीपत, सांपला, झज्जर, रोहतक व बहादुरगढ़ में की गई छापेमारी।
- आठ घंटे तक 58 टीमों ने संदिग्धों के ठिकानों की गहन तलाशी ली।

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली में पिछले कुछ सालों से व्यापारियों, शराब कारोबारियों, कार व प्रापर्टी डीलरों, कॉलोनाइजरों व अमीरों को गैंगस्टरों से रंगदारी के लिए लगातार धमकी मिल रही है। इनकी धरपकड़ के लिए उत्तरी रेंज के दो जिले आउटर नार्थ और रोहिणी जिला पुलिस ने दिल्ली और हरियाणा में बड़ा ऑपरेशन कर सात गैंगस्टरों से जुड़े 58 संदिग्धों के ठिकानों पर छापेमारी की। दोनों जिले के 820 पुलिसकर्मियों की 58 टीमों ने उक्त ठिकानों पर छापेमारी की। पहली बार दिल्ली पुलिस ने इस तरह का ऑपरेशन चलाया है। ऑपरेशन की गंभीरता का पता इसी से लगाया जा सकता है कि पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा व विशेष आयुक्त कानून एवं व्यवस्था रवींद्र सिंह यादव रात भर पुलिस टीमों का मॉनीटरिंग करते रहे। मुख्यालय सूत्रों की मानें तो पुलिसकर्मियों की टीमें दो दिन पहले तैयार कर ली गई थी। जिसके तहत बुधवार देर रत 11 बजे योजनानुसार सभी टीमों ने संदिग्धों की रेकी कर उनके ठिकानों के आसपास पोजीशन ले ली थी। 12 बजते ही एक साथ पुलिसकर्मियों ने उनके घरों पर धावा बोल दिया। बुधवार रात 12 बजे शुरू हुई कार्रवाई बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे तक यानी आठ घंटे तक चली। बाहरी उत्तरी जिले के डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी व रोहिणी के डीसीपी राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। कार्रवाई के लिए बाहरी-उत्तरी जिला के 500 पुलिसकर्मियों की 39 टीमें व रोहिणी जिला के 320 पुलिसकर्मियों की 19 टीमें बनाई गई थी। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने दिल्ली और सोनीपत व रोहिणी जिला पुलिस ने दिल्ली, सांपला, झज्जर, रोहतक व बहादुरगढ़ में कार्रवाई की। इस दौरान बाहरी उत्तरी जिले की टीमों ने 25 व रोहिणी जिले की टीमों ने 11 संदिग्धों को हिरासत में लिया। इन सभी से गहन पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई संबंधी रणनीति लीक न हो सके इसलिए दिल्ली पुलिस ने हरियाणा के स्थानीय थाना पुलिस से पहले कोई सूचना साझा नहीं की और बेहद गोपनीय तरीके से ऑपरेशन को अंजाम दिया।

## दिल्ली में प्रॉपर्टी का मालिकाना हक मिलना नहीं आसान



- छह साल में भी 35 हजार से कम मालिकाना हक।
- आवेदन प्रक्रिया में जटिलता, अधिकारी उदासीन।
- प्रचार के लिए फिल्म निर्माण कंपनी का लेंगे सहारा।

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में अपनी ही संपत्ति का मालिकाना हक पाना कितना मुश्किल है, इसका सबसे बड़ा उदाहरण "पीएम उदय" योजना है। दिल्ली की 1731 अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वालों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक देने के लिए विकास प्राधिकरण ने यह योजना 2019 में शुरू की थी, लेकिन 2025 में भी योजना अपेक्षित लक्ष्य से कोसों दूर है। आलम यह है कि करीब छह वर्ष में भी 35 हजार से कम लोगों को ही कन्वेंस डीड (सीडी) जारी की जा सकी है। आम जन को जहां डीडीए के अधिकारियों से शिकायत है वहीं डीडीए का कहना है कि प्रक्रिया को और सरल बनाने की कोशिश चल रही है। फरवरी 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव से पूर्व 29 अक्टूबर 2019 को इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत तत्कालीन केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी के हाथों हुई थी। कहा गया था कि इससे अनधिकृत कॉलोनियों में न केवल बेहतर ढंग से विकास हो सकेगा बल्कि यहां रहने वालों को पक्की रजिस्ट्री होने पर बैंक से ऋण भी मिल पाएगा। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने योजना पर सवाल उठाए, लेकिन लोगों ने फिर भी इसमें दिलचस्पी दिखाई। इस स्कीम के तहत एक अगस्त 2025 तक एक लाख 32 हजार से अधिक लोग आवेदन कर चुके हैं। बावजूद इसके मालिकाना हक पाने वालों की संख्या अभी तक 35 हजार भी नहीं पहुंची है। इन कॉलोनियों में 40 लाख लोग रहते हैं, यानी एक प्रतिशत को भी मकान नहीं मिले। पीएम उदय योजना के तहत आवेदन करने वाले लोगों का कहना है कि मालिकाना हक पाने की प्रक्रिया आसान नहीं है। लोग कोशिश करते भी हैं तो प्रक्रिया से संबद्ध अधिकारी गंभीरता से अपना काम नहीं करते। इसी का नतीजा है कि आवेदन अस्वीकृत हो जाते हैं। डीडीए के सूत्र बताते हैं कि पीएम उदय योजना में मालिकाना हक देने की प्रक्रिया में ज्यादातर वो अधिकारी तैनात रहे हैं जो डीडीए में दो तीन साल के लिए प्रतिनियुक्ति पर आए होते हैं चूंकि इनकी जवाबदेही बहुत नहीं रहती तो अपेक्षित परिणाम भी नहीं आ पाते। पीएम-उदय स्कीम को रफ्तार देने के लिए सिंगल विंडो शिविर लगाए जा रहे हैं। योजना का दूसरा चरण पिछले माह शुरू हुआ है।

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने एसआईआर कार्यक्रम का किया स्वागत



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरुवार को चुनाव आयोग के शुरू किए गए स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एसआईआर) कार्यक्रम का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वोट हम सबका अधिकार है और फर्जी वोट प्रजातंत्र पर बदनुमा दाग है। प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने आज पत्रकारों से बातचीत में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों से उन्होंने लुभावने वादों के जरिए फर्जी वोट बनवाने और घुसपैठियों को वोटर लिस्ट में शामिल करने का काम करती रही हैं। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद 2015 के विधानसभा चुनाव में अचानक 13 लाख वोट बढ़े और 2020 के चुनाव तक यह संख्या 8 लाख से अधिक बढ़ गई। उन्होंने कहा कि जांच में पाया गया है कि फुटपाथ पर नकली घर नंबर डालकर अल्पसंख्यक वोट बनाए गए। सचदेवा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल पर एसआईआर कार्यक्रम का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनका यह विरोध सिर्फ उन घुसपैठी वोटरों को बचाने के लिए है जो इनके वोटर बन सकते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग की नई प्रक्रिया के बारे में बताया कि 2002 की वोटर लिस्ट को आधार मानकर विशेष पुनरीक्षण होगा। जिनका नाम 2002 की सूची में है उन्हें केवल एन्यूमरेशन फॉर्म भरना होगा और जिनका नाम नहीं है, वे अपने माता-पिता के नाम की प्रति लगाकर नामांकन करा सकते हैं।

# स्वच्छता कार्यक्रमों को उत्सव की तरह मनाया जाए : प्रवीण लाठर

**पौधारोपण**

कर्ण मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा के नेतृत्व में हुआ पौधारोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम

**एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाडा के अंतर्गत आज वार्ड नंबर 12 के प्राचीन शिव मंदिर पार्क में भाजपा कर्ण मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई एवं रूद्राक्ष का पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते हुए पौधारोपण किया।



उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्यक्रमों को उत्सव की तरह मनाया जाए, क्योंकि स्वच्छता उत्सव के विचारों को खूबसूरती से जोड़ती है और स्वच्छता अभियानों को सामुदायिक उत्सव में बदल देती है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सिर्फ.सडकों पर झाड़ू लगाने या नालियों की सफाई करने तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसी संस्कृति बनाने के बारे में है, जहाँ सफाई दैनिक जीवन का हिस्सा बन जाए, जहाँ सार्वजनिक स्थान जगमगाएँ और जहाँ सफाई कर्मचारियों को वह सम्मान मिले, जिसके वे हकदार हैं।

उन्होंने कहा कि पौधारोपण का महत्व पर्यावरण संतुलन, शुद्ध हवा और ऑक्सीजन की उपलब्धता, जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने, मिट्टी के कटाव को रोकने, जल संरक्षण, जैव विविधता बढ़ाने और बाढ़ व सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक है एवं यह पर्यावरण और समाज दोनों के लिए लाभकारी है, क्योंकि पेड़ फल, औषधियाँ, और रोजगार भी प्रदान करते हैं, जिससे एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य बनता है।

कार्यक्रम का आयोजन कर्ण मंडल उपाध्यक्ष आकाश अरोड़ा द्वारा किया गया। उन्होंने इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर कृष्ण गर्ग, वार्ड पार्षद मोनिक गर्ग, भाजपा जिला प्रभारी डा.अशोक कुमार, मंडल उपाध्यक्ष आकाश अरोड़ा, नीना अग्रवाल, मंडल सचिव पायल अरोड़ा, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डा.अमित कुमार, सहसंयोजक डा.महिंदर प्रताप, सुमित ललित, सतीश कुमार, प्रमोद आहुजा, सुनील मदान, नंद लाल, रविन्द्र कश्यप, दिनेश तनेजा, बंटी आनंद, देव राज, अशोक धींगरा, पुष्पिंदर माथुर, बलराज शर्मा, आदित्य मंगल, पुनीत खन्ना आदि मुख्य तौर पर मौजूद रहे।

# सेठ जयप्रकाश मुकंद लाल इंजीनियरिंग कॉलेज में युवा संसद का हुआ आयोजन

**युवा संसद**

गृह, वित्त, कृषि, स्वास्थ्य, विदेश, शिक्षा व अन्य मंत्रालयों से जुड़े मुद्दों पर बहस की



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 18 सितंबर (कुलदीप सैनी) :** सेठ जयप्रकाश मुकंद लाल इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में युवा संसद का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने संसद की कार्यप्रणाली का नाट्य रूपांतरण कर गृह, वित्त, कृषि, स्वास्थ्य, विदेश, शिक्षा व अन्य मंत्रालयों से जुड़े मुद्दों पर बहस की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग करनाल की सदस्य सर्वजीत कौर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्थान के प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा नीति, अंतरराष्ट्रीय संबंध, कृषि कानूनों व बजट जैसे ज्वलंत मुद्दों पर पक्ष-विपक्ष में विचार रखे। इस मौके पर प्रबंधन समिति के सदस्य पं. ज्ञान प्रकाश शर्मा ने भी छात्रों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. एस.के. गर्ग ने युवाओं को राष्ट्रहित में सोच विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि देश को परिवर्तन के इस युग में आगे बढ़ने के लिए युवा सोच एवं प्रयासों की हर क्षेत्र में आवश्यकता है। छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए डॉ गर्ग ने कहा कि आज के युवा में विभिन्न कौशलों में निपुण होना जरूरी है।

जेएमआईईटीआई के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा और प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा अनुजा गोयल ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम में एमएलएन कॉलेज, एमएलएन स्कूल और जेएमआईईटीआई के छात्र भी शामिल हुए। अंत में बीबीए इंचार्ज राहुल शर्मा ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया।

# फसल अवशेष प्रबंधन पर उपमण्डल स्तरीय बैठक, किसानों से पराली न जलाने की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर,धर्मबीर-**

बीडीपीओ कार्यालय के मीटिंग हॉल में गुरुवार को फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर उपमण्डल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम रोहित कुमार ने की। एसडीएम ने कहा कि धान की कटाई का सीजन शुरू हो चुका है। कटाई के बाद किसान अपने खेतों को रबी फसलों—आलू, तोरिया और गेहूं—के लिए तैयार करते हैं। ऐसे में जरूरी है कि किसान पराली या फसल अवशेष में आग न लगाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से आवंटित गांवों में कैंपेनिंग, मुनादी, नुक्कड़ सभाएं और स्कूल-कॉलेज व्याख्यान आयोजित कर किसानों को जागरूक करें।



एसडीएम ने कहा कि ग्राम सचिव, पटवारी, नम्बरदार, सरपंच व पंचायत सदस्य भी अपने-अपने गांवों में किसानों को जागरूक करें। उन्होंने चेतावनी दी कि पराली जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है, मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं और वायु प्रदूषण बढ़ता है जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।उन्होंने स्पष्ट किया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा, पंचकुला के आदेशों के अनुसार पराली जलाना वायु प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन है। इसके लिए 5000 से 30,000 रुपये तक का जुमार्ना, एफआईआर और "मेरी फसल मेरा ब्यौरा" पोर्टल पर रेड एंट्री का प्रावधान है।

खंड कृषि अधिकारी डॉ. हरिंदर कुमार ने बताया कि किसान पराली प्रबंधन के लिए एक्स-सीटू और इन-सीटू दोनों तरीकों का प्रयोग कर सकते हैं। एक्स-सीटू में पराली की गांठें बनाकर अन्य उपयोग किया जा सकता है, जबकि इन-सीटू विधि में फसल अवशेष को खेतों में मिलाकर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाई जाती है।

# नाबालिग लड़की के छेड़छाड़ के आरोप में केस दर्ज

**रादौर, 18 सितंबर (कुलदीप सैनी) :** जठलाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने गांव के ही युवक पर उसकी नाबालिग बेटी को जबरन कमरे में बंद कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपित मासूम के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में नाबालिगा के पिता ने बताया कि उसकी बेटी घर से बाहर कूड़ा डालने के लिए गई थी। काफी देर तक जब वह वापिस नहीं आई तो छोटी बेटी उसे तलाश करने के लिए बाहर गई। तब उसने बताया कि उक्त आरोपित ने उसे अपने कमरे में बंद कर रखा है और बाहर से ताला लगाकर वह भाग गया है। जिसके बाद उसकी छोटी बेटी मेरे भांजे की पत्नी के साथ मासूम के घर पर गई और ताला तोड़कर मेरी बेटी को बाहर निकाला। तब मेरी बेटी ने हमें बताया कि वह जबरन उसे अपने घर में ले गया था।

# स्वनिधी योजना फिर शुरू, 15 से 50 हजार तक मिलेगा ऋण:अमन कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र, 18 सिंतबर(प्रदीप कुमार)** जिला नगर आयुक्त अमन कुमार ने कहा कि रेहड़ी संचालकों के लिए राहत भरी खबर है। करीब चार माह से बंद चल रही प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना को सरकार ने दोबारा शुरू कर दिया है। इस बार योजना में बड़ा बदलाव किया गया है और पहले से अधिक ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। पहले जहां 10 हजार, 20 हजार और 50 हजार रुपए तक का ऋण दिया जाता था। वहीं अब 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

डीएमसी अमन कुमार ने कहा कि नगर परिषद के रिकॉर्ड में कई हजार रेहड़ी संचालक पंजीकृत हैं जबकि पिछली बार भी रेहड़ी संचालकों को इस योजना का लाभ मिला था। योजना बंद होने के कारण प्रतिदिन जानकारी लेने पहुंचने वाले रेहड़ी संचालक निराश लौट रहे थे लेकिन अब उनके लिए फिर से रास्ता खुल गया है।

बढ़े हुए ऋण की मिलेगी सुविधा डीएमसी अमन कुमार ने कहा कि योजना के तहत सबसे पहले 15 हजार रुपए तक का ऋण मिलेगा। यदि लाभार्थी यह ऋण समय पर चुका देगा तो उसे अगली बार 25 हजार रुपए का ऋण दिया जाएगा। इसी तरह 25 हजार रुपए का ऋण चुकाने के बाद लाभार्थी 50 हजार रुपए तक के ऋण के लिए पात्र हो जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### ह्यूज सिस्टिक कॉर्पोरेशन ने नया कार्यालय खोलकर विस्तार की घोषणा की

**गुरुग्राम।** वैश्विक सॉफ़्टवेयर-सॉल्यूशंस और डिजिटल इंजीनियरिंग सेवाओं की प्रदाता कंपनी, ह्यूज सिस्टिक कॉर्पोरेशन (एचएससी) ने उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में नए कार्यालय के उद्घाटन की घोषणा की है। यह विस्तार एचएससी की ग्राहक-केंद्रित सोच को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में डिफेन्स क्षेत्र के ग्राहकों को व्यक्तिगत सेवाएँ देना है। देहरादून में अपने विस्तार के साथ, एचएससी यहां की अद्वितीय स्थानीय प्रतिभा को पहचानने और उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास कर रही है, जिनमें से कई प्रतिभाएँ अभी तक सामने नहीं आई हैं। भारत में एचएससी का यह चौथा कार्यालय है। इस आधुनिक सुविधाओं वाले कार्यालय के से हर कोने से हिमालय की हरी-भरी वादियों का मनोरम दृश्य दिखाई देता है।

इस नए कार्यालय का उद्घाटन श्री अजय गुप्ता, एसवीपी - ग्लोबल सेल्स एंड मार्केटिंग, श्री मनोज मिश्रा, एवीपी - इंजीनियरिंग, श्री प्रभात कुमार साहू, एवीपी - इंजीनियरिंग, श्री संजीव दोसाज, एवीपी - एडमिनिस्ट्रेशन, श्री संजय सरकार, सीनियर डायरेक्टर - सेल्स एंड बीडी और श्री विनोद सूद, एमडी, ह्यूज सिस्टिक की उपस्थिति में किया गया। इस कैंपस के महत्व के बारे में बात करते हुए, श्री विनोद सूद ने कहा, देहरादून कार्यालय का उद्घाटन हमारे लिए केवल गर्व का क्षण नहीं है, बल्कि यह हमारे ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण का प्रमाण भी है, जिसे हम अपनी स्थापना से लेकर आज तक महत्व देते आए हैं। इस नए कैंपस के जरिए हम डिफेन्स क्षेत्र के ग्राहकों के साथ पूर्ण सहयोग से काम कर पाएंगे। साथ ही उत्तराखंड और उत्तरी क्षेत्र के महत्वाकांक्षी युवा इंजीनियरों के माध्यम से भारत को वास्तव में आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी ।

### थैलीसीमिया पीड़ितों की मदद के लिए होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**रादौर, 18 सितंबर (कुलदीप सैनी) :** गांव सिलिकलां में 20 सितंबर को यूथ क्लब की ओर से पांचवे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमे 50 यूनिट से अधिक रक्तदान एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। गाव की सरपंच मीनू कांबोज व सीटू नंबरदार ने बताया कि गांव के युवाओं में रक्तदान शिविर को लेकर बड़ा उत्साह है। हर वर्ष उनके गांव में युवाओं की ओर से थैलीसीमिया पीड़ितों की मदद के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में एसडीएम नरेंद्र कुमार बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेगें और शिविर का शुभारंभ कर युवाओ को जागरूक करेगें।

### गांव पोटली में खेतों का रास्ता बंद किये जाने पर

**रादौर, 18 सितंबर (कुलदीप सैनी) :** गांव पोटली में किसानों के खेतों में जाने वाला रास्ता बंद किए जाने से आक्रोशित भारतीय किसान यूनियन ने आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। भाकियू जिलाध्यक्ष



सुभाष गुर्जर ने बताया कि एनएचएआई कंपनी किसानों की लगातार अनदेखी कर रही है और अधिकारियों का रवैया अड़ियल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि 23 सितंबर को सैकड़ों किसान धौलरा स्थित एनएचएआई कार्यालय व मैटेरियल गोदाम का घेराव कर गेट बंद करेंगे। गुर्जर ने आरोप लगाया कि एसडीओ विक्रम सिंह ने चालाकी से किसानों का रास्ता बंद किया और प्रशासन को गुमराह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक रास्ता बहाल नहीं होता, धरना जारी रहेगा और हाईवे का काम भी नहीं चलने दिया जाएगा।

मौके पर अनेक किसान नेता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# धान और बाजरे की सरकारी खरीद को लेकर भाकियू चढ़ूनी की भूख हड़ताल



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर,धर्मबीर-**

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की ओर से मंगलवार को डीसी कार्यालय पर धान और बाजरे की सरकारी खरीद शुरू करवाने की मांग को लेकर सांकेतिक हड़ताल रखी गई। धरना स्थल पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सभी किसान भूख हड़ताल पर बैठे रहे। बाद में किसानों ने डीसी यमुनानगर को मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा।किसानों ने कहा कि वे लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि धान की सरकारी खरीद 15 सितंबर से शुरू की जाए। लेकिन 18 तारीख तक भी सरकार ने खरीद को लेकर आदेश जारी नहीं किए। किसानों ने आरोप लगाया कि मंडियों में हजारों क्विंटल धान पहुंच चुकी है, लेकिन सरकारी खरीद न होने से व्यापारी मनमाने दामों पर किसानों की फसल लूट रहे हैं।भाकियू नेताओं ने बताया कि 10 सितंबर को संगठन की मीटिंग हरियाणा के मुख्यमंत्री से चंडीगढ़ स्थित सीएम निवास पर हुई थी। उस समय मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि सरकार जल्द ही खरीद शुरू करने की घोषणा करेगी और इसके लिए केंद्र सरकार को पत्र भेजा जा चुका है। किसानों का कहना है कि जानकारी मिली है कि केंद्र ने हरियाणा सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, लेकिन इसके बावजूद खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हुई।किसानों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही धान और बाजरे की खरीद शुरू नहीं की, तो 22 सितंबर को प्रदेशभर के किसान पिपली (कुरुक्षेत्र) स्थित ताऊ देवीलाल पार्क में इकट्ठा होंगे और वहीं से अगला आंदोलन तय किया जाएगा।

# स्पीकर हरविन्द्र कल्याण ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ

**शिविर**

उन्होंने टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की और सीएचसी परिसर में पौधारोपण किया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सेवा पखवाड़े में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने गुरुवार को घरौंडा कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की और सीएचसी परिसर में पौधारोपण किया। हरविन्द्र कल्याण ने इस मौके पर कुछ टीबी मरीजों से बातचीत करते हुए उन्हें नियमित रूप से दवाई और अच्छा आहार लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई परेशानी हो तो उन्हें बताना। विधानसभा अध्यक्ष ने सांकेतिक रूप से तीन मरीजों को पोषण किट वितरित की। आज 15 मरीजों को ये किट बांटी गई, इनमें ज्यादातर महिलाएं शामिल थीं।

इस मौके पर कुछ स्टाफ नर्सों ने वर्कलोड अधिक होने के बारे में स्पीकर को अवगत कराया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सीएमओ को इस बारे में विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

आज शिविर में मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया। नि-क्षम मित्र अरोमा एग्रो टेक लि. की ओर से 25 टीबी मरीजों को अपनाया गया। इन्हें 6 महीने तक पोषण आहार उपलब्ध कराया जाएगा। उप सिविल सर्जन डा. सिमी ने संपन्न लोगों से अपील की कि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टीबी मरीजों को गोद (एडाप्ट) लें।

अलग-अलग जगह होंगे कार्यक्रम आयोजित

सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी ने बताया कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के तहत पूरा पखवाड़ा ऐसे शिविर अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। 19 अक्तूबर को सीएचसी पाढ़ा, 20 को असंध के सरकारी अस्पताल, 24 को सीएचसी निगदू, 25 को बला, 26 को तरावड़ी में शिविर लगाए जाएंगे। एक अक्टूबर को करनाल के सरकारी अस्पताल में मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल भी भाग लेंगे। शिविरों में स्त्री रोग, ईएनटी, चर्म रोग, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विशेषज्ञ डाक्टर मरीजों की जांच करेंगे। रोगियों को शिविर में निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी, सब-सेंटर आदि पर रोजाना 200 पौधे भी लगा रहे हैं। उन्होंने लोगों से इन शिविरों का फायदा उठाने की अपील की है। इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, पूर्व चेयरमैन निर्मल बैरागी एसएमओ मुनेष गोयल, एचएमओ डॉ. विनोद गुप्ता, दंत चिकित्सक डा. प्रदीप, मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, यशपाल ठाकुर, मंडल महामंत्री सुरेंद्र सैनी, तरसेम राणा, पार्षद अमित गुप्ता, सोमनाथ प्रजापत, अनिल जावा, संजीव पाल आदि मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़े के तहत स्कूलों में किया गया पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 18 सितंबर (कुलदीप सैनी) :** उपमंडल के गांव चमरोड़ी, बकाना व कांजनू स्थित सरकारी स्कूलों में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, समृद्ध भारत, जल बचाओ व पर्यावरण संरक्षण इत्यादि विषयों पर पेंटिंग बनाई।

कार्यक्रमों में सेवा पखवाड़ा अभियान के जिला सह संयोजक हैप्पी खेड़ी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया। हैप्पी खेड़ी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर छात्रों के कौशल को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। इस मौके पर महिंद्र चानना, हरपाल बकाना, ओमप्रकाश कांबोज, राजकुमार, बंटी सैनी इत्यादि मौजूद रहे।



# प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों की प्रतिभा में आता है निखार: जसपाल सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 18 सितंबर (कुलदीप सैनी) :** सेवा पखवाड़ा के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालय पोटली में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्याध्यापक राजेश कुमार ने की। कार्यक्रम में भाजपा नेता व एसआईटी इंफोटेक के संचालक जसपाल पोटली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

प्रतियोगिता में कक्षा 6 से आठ तक के बच्चों ने भाग लिया और सुदंर पेंटिंग तैयार कर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। प्रतियोगिता में छात्रा निमरत ने प्रथम, रितिका ने द्वितीय व समर व अलीजा तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को मुख्य अतिथि जसपाल पोटली ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। जसपाल पोटली ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों की प्रतिभा में निखार लाती है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत इस वर्ष छात्रों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उनके कौशल में निखार लाने का प्रयास किया गया है। इस मौके पर प्रवीन कुमार, नितिन कुमार, मंजू कुमार इत्यादि मौजूद रहे।




# नशा मुक्ति अभियान के तहत स्कूली छात्रों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री 18 सितंबर(मैनपाल कश्यप)**

जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए स्कूली छात्रों को कहा कि जब युवा नशे की गिरफ्त से बाहर निकलते हैं तो वे शिक्षा, सेवा, खेल और सकारात्मकता की राह पर चलते हैं। नशा मुक्ति टीम इंचार्ज उप निरीक्षक सुखबीर सिंह व उनकी टीम द्वारा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल घरौंडा व गवर्नमेंट मिडिल स्कूल गांव जनेसरों,इंद्री में स्कूली छात्रों को बताते हुए कहा कि - नशा समाज का शत्रु है ह्लनशा सिर्फ शरीर को बीमार नहीं करता, यह परिवार को तोड़ता है और समाज में अपराध व हिंसा को जन्म देता है। व नशे से बड़ा दुश्मन कोई नहीं है ह्व यही वह स्थिति है, जब हम भयमुक्त समाज का सपना साकार कर सकते हैं। जब युवा नशामुक्त होंगे तो समाज अपने आप भयमुक्त और सुरक्षित बनेगा ह्व इस कार्यक्रम में

नशा मुक्ति टीम के ईंचार्ज उप निरीक्षक सुखबीर सिंह, सुभाष चंद व काउंसलर हर्ष कुमार व स्कूल प्रिंसिपल ईश्वर कुमार, घरौंडा व धीरज कुमार इंद्री मौजुद रहे ।



## संपादकीय

# विदेशी फंडिंग से बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का खेल

**हाल** ही में राजस्थान के अनूपगढ़ इलाके में बड़े स्तर पर धर्मपरिवर्तन का गिरोह का खुलासा हुआ है, जो हिंदुओं को ईसाई धर्म में शामिल करने का काम कर रहा है. जानकारी के मुताबिक, चेन्नई से संचालित फ्रेंड्स मशीनरी प्रेयर बैंड  धर्म परिवर्तन का खेल कर रहा है. इस संगठन का खुलासा उस समय हुआ, जब अनूपगढ़ के गांव 24 एपीडी के 23 वर्षीय युवक संदीप पुत्र राय साहब कुमार ने संगठन के इंचार्ज पौलुस बारजो और उसके दो सहयोगी पिता-पुत्र विनोद और आर्यन के खिलाफ शादी का झांसा देकर धर्म परिवर्तन करवाने का मामला दर्ज करवाया। इससे दो सप्ताह पहले मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में धर्मांतरण की एक बड़ी साजिश का पदार्फाश हुआ है. यहां नवानगर थाना क्षेत्र के निगाही बस्ती में कुछ लोग 50 से ज्यादा लोगों को पैसों का लालच देकर और हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कहकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसा रहे थे. पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ़्तार किया है और 50 लोगों को चंगुल से मुक्त कराया है. इसी तरह राजस्थान के अलवर जिले में एमआईए थाना क्षेत्र के गोलेटा स्थित सैय्यद कॉलोनी में अवैध धर्मांतरण का मामला सामने आया है। विश्व हिंदू परिषद कार्यकताओं के साथ पुलिस ने यहां दबिश देकर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ जारी है। बता दें कि गोलेटा में एक निजी स्कूल के पीछे एक मिशनरी में 12 से 15 वर्ष की उम्र के करीब 60 बच्चे मिले। ये बच्चे गुरुग्राम और देश के अन्य कई हिस्सों से पूछताछ में सामने आया कि वहां साल से धर्मांतरण का खेल चल रहा था। पुलिस को यहां बाइबिल और ईसाई धर्म की पुस्तकें मिली। पुलिस ने अमृत और सोनू को हिरासत में लिया है। राजस्थान में धर्मांतरण गिरोह के संगठन के इंचार्ज पौलुस बारजो ने हैरान करने वाले कई खुलासे किए. पौलुस बारजो ने बताया कि वह अकेला अब तक 454 हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन करवा चुका है. पुलिस ने संगठन इंचार्ज पौलुस बारजो और आर्यन को राउंडअप कर लिया है. पुलिस में शिकायत दर्ज करवाने वाले संदीप ने बताया कि अनूपगढ़ के रेलवे स्टेशन के पास बाइक स्पेयर पार्ट्स की दुकान के मालिक आर्यन और उसके पिता विनोद कुमार उसके पुराने परिचित हैं. करीब एक महीने पहले वह दुकान पर बाइक का सामान लेने गया था तो बातों बातों में उन्होंने संदीप से उसकी शादी के बारे में पूछा तो उसने बताया कि उसकी शादी अभी तक नहीं हुई है. संगठन इंचार्ज पौलुस बारजो ने केवल हिंदू धर्म के लोगों का ही धर्म परिवर्तन करवाया है. सीकर में भी इसी के खिलाफ कुछ दिन पूर्व धर्म परिवर्तन करवाने के आरोप में मामला दर्ज हुआ है. संदीप का कहना है कि तब आर्यन और उसके पिता विनोद ने उसे शादी का झांसा देकर संगठन के इंचार्ज पौलुस बारजो से मिलवाया. पौलुस बारजो ने उससे कहा कि अगर तुम ईसाई धर्म अपना लेते हो तो उनके प्रभु उस पर खुश हो जाएंगे और उसकी शादी हो जाएगी.

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# विचारों को मूर्त रूप प्रदान करना : मोदी का अंदाज



श्री हसमुख अधिया

> "वैज्ञानिकों और आम लोगों, दोनों के नवाचारों को प्रोत्साहित करते हुए मोदी ने दिखाया कि कैसे घरेलू विचारों को राष्ट्रीय समाधानों में बदला जा सकता है। ये कहानियाँ मिलकर मोदी के जीवन के एक अनवरत सूत्र को उजागर करती हैं। मंदिर में मामूली प्रतीत होने वाली असुविधा को दूर करने से लेकर, एक आधुनिक शहर की रूपरेखा तैयार करने, किसी तबाह क्षेत्र के पुनर्निर्माण या किसी क्रांतिकारी उर्वरक को अपनाने तक, उनकी प्रक्रिया एक समान ही रही है : स्थिति का ध्यानपूर्वक अवलोकन करना, लोगों की वास्तविक आवश्यकताओं की पहचान करना और उसे पूरा करने के लिए निर्णायक रूप से कार्य करना।"

नरेन्द्र मोदी की यात्रा के मूल में एक विशेष आदतः अनवरत अवलोकन निहित है। वह प्रत्येक मुलाकात को विचारों के स्रोत के रूप में देखते हैं, चाहे वह सामान्य बातचीत हो या विदेश यात्रा। लेकिन इन्हें नवीनता या अकादमिक विचार मानने वाले अनेक लोगों के विपरीत, मोदी इनमें से प्रत्येक विचार को संभावित समस्या के मूल कारण के आधार के तौर पर परखते हैं और फिर उसे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुकूल समाधान में ढालते हैं। जिज्ञासा, विश्लेषण और प्रभावी क्रियान्वयन के इसी मिश्रण ने उन्हें जमीनी स्तर के आयोजक से एक वैश्विक राजनेता के रूप में स्थापित किया है।

वास्तव में, मोदी के लिए सीखना कभी उम्र का मोहताज नहीं रहा। बचपन से ही, उनमें सहज जिज्ञासा थी और वे विविध कहानियों और अनुभवों को आत्मसात करते और तलाशते थे। जीवन भर उनका यही विश्वास रहा है कि जिज्ञासा हर स्तर पर को सीखने को बढ़ावा देती है। यहाँ तक कि उनकी जिम्मेदारियाँ जब क्षेत्रीय नेतृत्व से राष्ट्रीय पद तक बढ़ गई, इसके बावजूद, ऐसी नियमित मुलाकाते उनके मन में विचारों को जन्म देती रहीं और छोटी-छोटी बातें सीख में बदल गईं, जो वर्षों बाद, ऐन कार्रवाई करने का समय आने पर ही फिर से उजागर हुईं।

किशोरावस्था में, ज्ञान की इसी ललक ने उनकी यात्रा का आगाज किया। पहले-पहल आध्यात्मिक साधक के रूप में और बाद में एक समर्पित संघ प्रचारक के रूप में उन्होंने समूचे भारत की यात्रा की और ऐसे अनुभव बटोरे, जिन्होंने दुनिया को देखने-समझने की उनकी दृष्टि को आकार दिया। हर बातचीत उनके लिए कुछ नया सीखने का अवसर थी। लेकिन जो बात उन्हें दूसरों से जुदा करती है, वह यह है कि यह सूझबूझ केवल सैद्धांतिक नहीं रही; अवसर पाते ही, उन्होंने इसे क्रियान्वित किया।

हालाँकि, समस्या-समाधान की यह कला अक्सर अप्रत्याशित तरीकों से सामने आती रही। उदाहरण के लिए, काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के दौरान,



उन्होंने देखा कि कर्मचारी संगमरमर के ठंडे फर्श पर नंगे पाँव काम कर रहे थे और उन्होंने तुरंत उन कर्मचारियों के लिए जूट की चप्पलों का प्रबंध कर दिया, यह एक आसान उपाय था, जो सर्दी और आने वाली गर्मी, दोनों के लिए कारगर रहा। एक अन्य घटना में, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जापान की अपनी यात्रा के बाद, उन्होंने स्पर्शनीय मार्गचिन्ह (उभरी हुई सतह) की अवधारणा शुरू की। दृष्टिबाधित लोगों के लाभ के लिए उन्होंने इसे अहमदाबाद में लागू करने पर जोर दिया। ये संकेत उनकी एक अनवरत आदत को जाहिर करते हैंः अनदेखा कर दी गई बारीकियों को दैनिक जीवन को आसान बनाने वाले व्यावहारिक सुधारों में बदलना।

उनके कुछ विचार बीते दशकों की याद दिलाते हैं। 1993 में लॉस एंजिल्स की अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने फाइनेंशियल हाई-राइजिज के समूहों का अध्ययन किया; वर्षों बाद, उन्हीं विचारों ने गुजरात में गिफ्ट सिटी को भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को केंद्रीकृत करने के केंद्र के रूप में प्रेरित किया। इसी जिज्ञासा ने अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट को आकार दिया, जहाँ उन्होंने अधिकारियों से दुनिया भर की सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करवाया, लेकिन यह भी सुनिश्चित किया कि अंतिम डिजाइन स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित रहे। उनके अनुसार, ग्लोबल मॉडल तभी मायने रखते हैं, जब उन्हें पहले स्थानीय समुदायों की सेवा के लिए अनुकूलित किया जा सके। इस पद्धति में, कोई भी अवलोकन कभी भी सराहना किए योग्य अलग-थलग विचार नहीं होता, बल्कि यह एक रिसोर्स बैंक की तरह होता है, जो परिस्थितियों के अनुकूल होने पर लौटकर आता है, और संग्रहीत विचारों को विशाल परियोजनाओं में परिवर्तित कर देता है। 2002 में, कच्छ में आए विनाशकारी भूकंप के बाद मोदी ने आपदा से निपटने में इस पद्धति को अपनाया। उन्होंने नियमित नौकरशाही मॉडलों को नकारते हुए अपनी टीम को जापान के कोबे भूकंप प्रबंधन का अध्ययन करने और उसके योजनाकारों से संपर्क करने का निर्देश दिया। लेकिन उनका विचार स्पष्ट थाः मॉडलों को पूरी तरह से आयातित नहीं किया जाएगा। इसके बजाय, इन जानकारियों को गुजरात के लिए तत्काल आवश्यकता वाले समाधानों जैसे भूकंपरोधी आवास, सुरक्षित निर्माण पद्धतियाँ और सामुदायिक भागीदारी- में ढाला गया। भारत में यह पुनर्वास के लिए एक मानक बन गया, जिसने दिखाया कि कैसे एक संकट अंतर्राष्ट्रीय ज्ञान को भारतीय पहल के साथ मिलाने का परीक्षण स्थल बन सकता है। प्रधानमंत्री के रूप में, उन्होंने इसी क्रम को जारी रखा, दक्षिण कोरिया में नदी-सफाई परियोजनाओं का दौरा इसी इरादे से किया, कि उनसे प्राप्त सबक को नमामि गंगे में लागू किया जा सके।

भारत के भीतर से उभरने वाले विचारों के प्रति भी उन्होंने उतना ही उत्साह दिखाया है। इसका उल्लेखनीय उदाहरण नैनो यूरिया है, जो एक युवा वैज्ञानिक द्वारा प्रधानमंत्री को दिए गए सुझाव से उपजा नवाचार है। मोदी ने तुरंत इसकी क्षमता को पहचाना और इसके विकास पर जोर दिया। आज, इसकी एक छोटी बोतल पारंपरिक उर्वरक की एक बोरी की जगह ले सकती है, जिससे लागत में कमी आती है और किसानों का बोझ कम होता है। यही खुलापन सरकारी कार्यक्रमों को भी आकार देता हैः जब वित्तीय समावेशन योजना के नामकरण के लिए जनता की प्रतिक्रिया मांगी गई, तो नागरिकों ने ही जन धन शब्द गढ़ा। वैज्ञानिकों और आम लोगों, दोनों के नवाचारों को प्रोत्साहित करते हुए मोदी ने दिखाया कि कैसे घरेलू विचारों को राष्ट्रीय समाधानों में बदला जा सकता है। ये कहानियाँ मिलकर मोदी के जीवन के एक अनवरत सूत्र को उजागर करती हैं। मंदिर में मामूली प्रतीत होने वाली असुविधा को दूर करने से लेकर, एक आधुनिक शहर की रूपरेखा तैयार करने, किसी तबाह क्षेत्र के पुनर्निर्माण या किसी क्रांतिकारी उर्वरक को अपनाने तक, उनकी प्रक्रिया एक समान ही रही हैः स्थिति का ध्यानपूर्वक अवलोकन करना, लोगों की वास्तविक आवश्यकताओं की पहचान करना और उसे पूरा करने के लिए निर्णायक रूप से कार्य करना। आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः (प्रत्येक दिशा से कल्याणकारी विचार हमारी ओर आएँ) के भारतीय दर्शन का पालन करते हुए, मोदी हर यात्रा और संवाद से सक्रिय रूप से अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हैं और भारत को आगे बढ़ाने के लिए उनका उपयोग करने का दृढ़तापूर्वक प्रयास करते हैं। अंततः, उनका हर विचार लोगों के लिए होता है, उनके जीवन और विकसित भारत की उनकी आकांक्षाओं में निहित होता है।

**लेखक एक आईएएस अधिकारी हैं, जो भारत के वित्त एवं राजस्व सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।**

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सफल विदेश नीति, बढ़ता वैश्विक प्रभाव

**संजीव ठाकुर**

**वैश्विक** लोकप्रियता के शीर्ष पर प्रधानमंत्री।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने एक नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त की है। आज भारत केवल दक्षिण एशिया तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर एक सशक्त और निर्णायक आवाज बनकर उभरा है। मोदी जी की सरकार ने पड़ोसी पहले की नीति से लेकर एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के विचार तक, विश्व को भारतीय दृष्टिकोण से जोड़ने का प्रयास किया है। जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी ने भारत की कूटनीतिक शक्ति और आयोजन क्षमता को सिद्ध किया। वहीं, अमेरिका, रूस, फ्रांस और जापान जैसे देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी गहरी हुई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की सक्रिय भूमिका, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ सख़्त रुख और ऊर्जा सुरक्षा से लेकर तकनीकी सहयोग तक भारत की प्राथमिकताओं को स्पष्ट रूप से सामने रखती है।

**में विश्व के शीर्ष पर मोदी जी-**

भारत की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आज केवल भारत के नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में गिने जाते हैं। अनेक वैश्विक सर्वेक्षणों में उन्हें लगातार नंबर एक स्थान मिलना इस बात का प्रमाण है कि उनकी छवि सीमाओं से परे जाकर विश्वजन तक पहुँची है।मोदी की लोकप्रियता का रहस्य केवल उनकी सशक्त नीतियों में नहीं, बल्कि उनके जनझसंपर्क कौशल और सशक्त नेतृत्व में निहित है। अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया और जापान से लेकर खाड़ी देशों तक, जहाँ भी मोदी जाते हैं, भारतीय प्रवासी ही नहीं, स्थानीय नागरिक भी उन्हें उत्साह से स्वागत करते हैं। विदेश नीति हमेशा चर्चा में रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में इसकी दिशा और धारा बदल गई है। अब भारत केवल दूर का दर्शक नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका निभाने वाला देश बन गया है। यही वजह है कि मोदी सरकार की विदेश नीति को अक्सर बहु-संतुलन (मल्टी एलाइनमेंट)कहा जाता है।

**पड़ोसियों से रिश्ते की पहल -** मोदी जी ने 2014 में शपथ लेते ही सभी शार्क देशों के प्रमुखों को आमंत्रित कर पड़ोस को प्राथमिकता दी थी और बहुत ही सौहाद्रता पूर्वक रिश्ता बनाने की पहल की थी। 1947 में स्वतंत्रता के बाद से पाकिस्तान के साथ रिश्ते जरूर तनावपूर्ण रहे हैं, पाकिस्तान अपनी आतंकवादी गतिविधियों से बाज नहीं आने के कारण भारत के हमेशा निशाने पर रहा है और अनेक युद्ध हारने के बाद भी वह आतंकवादियों को लगातार वित्तीय पोषण कर रहा है लेकिन आतंकवाद के मुद्दे पर भारत ने उसे वैश्विक मंच पर अलग-थलग करने में सफलता पाई और संयुक्त राष्ट्र संघ के कई मंचों पर भारत ने पाकिस्तान को फटकार लगाई है।

## विचार

# आसुरी शक्ति पर दैवी शक्ति की विजय- नवरात्र और दशहरा

**वीरेंद्र बहादुर सिंह**

**नवरात्र** के दिन शक्ति की उपासना करने के दिन होते हैं। जगत में कोई भी नैतिक मूल्य केवल अच्छे होने से नहीं टिकते। उनके अस्तित्व को बनाए रखने के लिए उनके पीछे समर्थ लोगों की तपस्या का होना आवश्यक है। संसार में तपस्या को ही यश मिलता है, यह सत्य के उपासकों को नहीं भूलना चाहिए। तपस्या के बल से कई बार असत्य भी विजई हुआ है, यह बात हमें उपर्युक्त सत्य की झलक कराती है। निर्बल लोगों के सत्य, संस्कार या संस्कृति की कोई पूछ नहीं होती।

**कथा :** आश्विन महीने में आने वाले इस नवरात्र उत्सव के लिए एक पौराणिक कथा प्रसिद्ध है। महिषासुर नामक एक राक्षस अत्यंत प्रभावशाली था। उसने अपने सामर्थ्य के बल पर सभी देवताओं और मनुष्यों को त्राहिमाम् पुकारने पर विवश कर दिया था। दैवी विचारों की प्रभा मंद पड़ गई थी। दैवी लोग भयभीत हो उठे थे। हिम्मत हार चुके देवताओं ने ब्रह्मा, विष्णु और महेश की आराधना की। देवताओं की प्रार्थना से प्रसन्न हो कर आदि देवगण महिषासुर पर क्रोध से भर गए। उनके पुण्य-प्रकोप से एक दैवी शक्ति का जन्म हुआ। सभी देवताओं ने जयकार करते हुए उसका स्वागत किया और उसकी पूजा की।

दैवी शक्ति ने अपने दिव्य आयुधों से अलंकृत हो कर नौ दिनों के युद्ध के बाद महिषासुर का वध किया, आसुरी वृत्ति को दबा कर दैवी संपत्ति की पुनः स्थापना की तथा देवताओं को अभय वरदान दिया। यही दैवी शक्ति हमारी जगदंबा हैं। इन दिनों में 'मां' से सामर्थ्य मांगना चाहिए तथा आसुरी वृत्ति पर विजय प्राप्त करनी चाहिए। आज भी महिषासुर हर एक के हृदय में अपना स्थान बनाए बैठा है और भीतर की दैवी वृत्ति को दबा रहा है। इस महिषासुर की माया को पहचानने तथा उसकी आसुरी नागपाश से मुक्त होने के लिए दैवी शक्ति की आराधना आवश्यक है। यही कारण है कि नवरात्र के नौ दिन अखंड दीप प्रज्वलित करके 'मां जगदंबा' की पूजा की जाती है और उनसे शक्ति प्राप्त करने का अवसर माना जाता है। हमारे वेदों ने भी शक्ति की उपासना को अत्यंत महत्त्व दिया गया है। महाभारत में बालोपासना तथा शौर्य की पूजा का वर्णन है। व्यास, भीष्म और कृष्ण के समस्त व्याख्यान तेज, ओज, शौर्य, पौरुष और पराक्रम से ओतप्रोत दिखाई देते हैं। महर्षि व्यास ने पांडवों को शिक्षा दी थी और शक्ति उपासना का महत्त्व समझाया था। उन्होंने बताया था कि यदि धर्म के मूल्यों को टिकाए रखना है तो हाथ जोड़ कर बैठे रहना पर्याप्त नहीं है, शक्ति की उपासना करनी ही पड़ेगी। अर्जुन को दिव्य अस्त्र प्राप्त करने के लिए उन्होंने ही स्वर्ग जाने का संकेत दिया था। 0 मां जगदंबा की हमारी यह उपासना ही नवरात्र है

बोध : यह उपासना नवरात्र से आरंभ होती है, किंतु केवल नौ दिनों तक सीमित न रह जाए, इसका ध्यान रखना चाहिए। प्रत्येक क्षण की शक्ति उपासना हमें जड़वाद से घिरे इस जगत में टिके रहने की शक्ति प्रदान करेगी। ऐसा शक्ति-संपन्न जीवन मां के चरणों में समर्पित होना चाहिए। मां जगदंबा के चरणों में आराधना करते समय सच्चे भाव से प्रार्थना करनी चाहिए-

हे मां मैं तेरा कार्य करूंगा, मैं तेरा बालक हूँ, तू मुझे शक्ति प्रदान कर।
वह प्रत्येक पर उपकार करने वाली अचिंत्य शक्ति है।

**चंडीपाठ का श्लोक :**

टुगे स्मृताहरसि भीतिमशेषजन्तो।
स्वस्थ्येः स्मृता मतिमत्तीय शुभाम् दयासि।।
दारिद्रय दुखः भय हारणी कात्वदन्या,
सर्वोपकारकर्णाय सदार्दचित्ता।।

यह श्लोक हमारे दुख, दरिद्रता और भय का नाश करने वाली तथा हमें सुख-शांति देने वाली मां दुर्गा को समर्पित है। हम उनका ध्यान करते हैं, पूजन करते हैं। वे अपने आश्रित भक्तों पर सदा दया करने वाली हैं।

विजयादशमी :
गीता (अध्याय 18/श्लोक 78)
यत्र योगेश्वरः कृष्णो,
यत्र पार्थो धनुर्धरः।
तत्र श्रीः विजयोभूति,
ध्रुवा नीतिः मतिः मम।।

जहां योगेश्वर श्रीकृष्ण हैं और जहां धनुर्धर पार्थ (अर्जुन) हैं, वहां विजय है। वहां लक्ष्मी है, कल्याण है और शाश्वत नीति है-ऐसा मेरा मत है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# बेरोजगारी राष्ट्रीय खेल है

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**गधा** जंगल से थका-हारा लौट आया। गधी ने सोचा होगा—आज फिर कोई मजेदार किस्सा सुनाएगा, कोई इंसानी मूर्खता पर ढेंचू-ढेंचू करेगा। पर गधे की आंखें बुझी थीं। उसने न ढेंचू मारी, न कान फड़फड़ाए। कोने में बैठा रहा, जैसे बोझ उसकी पीठ से उतरकर आत्मा पर बैठा हो। गधी ने डरते हुए पूछा—क्या हुआ ढेंचू महाराज? आज बस्ती आपको चुप क्यों कर आई? और गधा बोला—गधी! आज मैं बोझ नहीं, इंसानों की बेरोजगारी का दर्द ढो कर आया हूँ। देख आया हूँ कि वहां डिग्रियां कबाड़ी में बिक रही हैं और सपने रस्सी पर झूल रहे हैं।

गधा बोला—गधी! इंसान कहता है युवावस्था देश का स्वर्ग है। पर वहां का स्वर्ग बेरोजगारी की नर्क-गली है। नौजवान फॉर्म भरते हैं, फीस जमा करते हैं, और अंत में पाते हैं - पेपर लीक। वे पढ़ते गणित हैं और सवाल आते हैं टोनों-टोटकों पर। रिजल्ट का ऐलान कोई पर्व नहीं, स्थगन की जलेबी है—बार-बार तली जाती है, कभी खाई नहीं जाती। और जब युवक सवाल करते हैं, तब पुलिस की लाठी अध्यापक बनकर समझाती है—बच्चो! पढ़ाई छोड़ो, धैर्य और दर्द सीखो। सोचो गधी! बेरोजगारी अब डिग्री का दूसरा नाम हो गया है। गधी भौंचक रह गई—पर इंसान तो नेता चुनते हैं, वे क्यों नहीं संभालते? गधे ने हंसी में कहा—नेता का काम बेरोजगारी हल करना नहीं, उसे भाषण में सजाना है। चुनाव से पहले वादाः हर साल एक करोड़ नौकरी। चुनाव जीतने के बाद स्पष्टीकरणः नौकरी का मतलब स्टार्टअप, पकौड़े, चाय। बेरोजगारी वहां बीमारी नहीं, इंडस्ट्री है। नेताओं के भाषण छपते हैं, कोचिंग सेंटर चलते हैं, फॉर्म की फीस वसूली जाती है—हर ओर पैसा ही पैसा। बस युवक ही खाली जेब का लोकतंत्र बन जाते हैं। गधा हिनहिनाया—गधी! मैंने देखा एम.ए. पास लड़के को समोसा तलते, पीएचडी वाली लड़की को बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते और इंजीनियर को फोन रिचार्ज की दुकान चलाते। यह बेरोजगारी नहीं, डिग्री का दहन है। डिग्रीधारी अब मजदूर हैं और मजदूर की मजदूरी से भी कम पाते हैं।

# आस्था और व्यवस्था में संतुलन जरूरी

**धीतेन्द्र कुमार शर्मा**

**सनातन** संस्कृति की विरासत को सहेजे और गंगा- जमुनी परंपराओं का वाहक होने के चलते हिमालय की गोद में बसा पुण्यधरा हमारा भारतवर्ष कश्मीर से कन्याकुमारी तक और द्वारका से जगन्नाथ पुरी और सुदूर पूर्वोत्तर अरुणाचल की वादियों तक शताब्दियों से धार्मिक-आस्था का बड़ा केन्द्र है। हर धार्मिक उत्सव को यह पवित्रता और अप्रतिम उल्लास से आलिंगन करता दिखता है। हाल ही गणपति उत्सव की धूम रही। हर गांव-शहर, महानगर क्षेत्र में सैकड़ों-हजारों पांडाल में गणपति बप्पा को विराजित किए श्रद्धालु भक्ति से सराबोर रहे। पंडालों के अलावा गली-मोहल्लों में बप्पा की प्रतिष्ठा हुई है सो अलग। हर कोई बुद्धि-प्रदाता की भक्ति में डूबा। नित्य-प्रति संकीर्तन हुए। जगह-जगह मेले लगे। यह आस्थाजन्य एक पहलू रहा है। लेकिन, दूसरा पहलू भी कम महत्वपूर्ण नहीं था। हर चंद कदम दूरी पर पांडाल आम रास्तों को अवरुद्ध किए रहे। कई मोहल्लों में रास्ते रोक कर गणपति विराजित किए गए। ज्यादातर स्थानों पर चौराहों का उपयोग हुआ और नित्य-प्रति होता रहता है। रोज शाम को जाम जैसे हालात बन जाते हैं। इनमें कई मुख्य मार्ग तक शामिल हैं। गणपति उत्सव कोई एक दिन का नहीं। दस दिन बाद बप्पा की विदाई हुई। ऐसे में रोजमर्रा की जिन्दगी यातायात अवरोध से जूझती रही। और यहां, बात सिर्फ गणपति उत्सव की नहीं है। अब त्योहारी सत्र चल पड़ा है। आगामी तीन माह तक त्योहारों की धूम रहेगी। अनन्त चतुर्दशी पर बप्पा की विदाई के बाद शक्ति-आराधना पर्व नवरात्र दस्तक दे रहे हैं। पूरे नौ दिन देवी आराधक जागरणों से सडकें सराबोर रहेंगी। इन्हीं स्थानों पर देवी पांडाल सज जाएंगे अपितु और अधिक संख्या में! उसके बाद दशहरा मेला आ रहा है। कई स्थानों पर दशहरा मेला भी पखवाड़े भर का लगने लगा है। फिर, दीपावली, देव उठनी एकादशी, कार्तिक पूर्णिमा मेले आदि- आदि! इस सबके अलावा विभिन्न सामुदायिक धार्मिक-पर्वों पर सडकों पर सजने वाला कथित अस्थाई लेकिन लगभग स्थाई हो चुका बाजार गति-शक्ति में बाधक बनता है।

## न्यूज फ्लैश

### पंचकूला की गुरु रविदास सभा, अंबेडकर महासभा ने पंजाब के सहयोग के लिए बढ़ाया हाथ



**पंचकूला 18 सितंबर** -मैनपाल पंजाब में बारिश के पानी से हुई तबाही में लोगों का भरपूर सहयोग करने और उन्हें विकास की पटरी पर लाने के लिए अब देश के हर नागरिक हाथ बढ़ा रहे है। हरियाणा प्रदेश का पड़ोसी राज्य होने की वजह से प्रदेश का हर नागरिक, सभा एवं संगठन भी पंजाब के नागरिकों के सेवा में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे है। पंजाब को दोबारा से हरा भरा, समृद्ध एवं खुशहाल बनाने के लिए दिल से जुट गए है।

पंचकूला की भारत रत्न डॉ बी आर अंबेडकर महासभा और श्री गुरु रविदास सभा ने संयुक्त रूप से मिलकर तीन लाख रुपए की राशि का सहयोग किया है और आगे भी दोनों संस्थाएं तन मन धन से सहयोग के लिए तत्पर है।

इन दोनों सभाओं के शिष्टमंडल ने डेरा सचखंड बल्ला जालंधर के गद्दीनशीन 108 संत निरंजन दास महाराज, संत मनदीप दास महाराज डेरा सचखंड सिरसगढ़ की अगुवाई में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए यह राशि मुहैया करवाई है।

इस मौके पर गुरु रविदास सभा के प्रधान कृष्ण कुमार व अंबेडकर महासभा के प्रधान सुरेश मोरका, पूर्व विधायक लहरी सिंह, पूर्व प्रधान बलबीर सिंह रंगा, राजकपूर अहलावत, मनोहर लाल, बी ड़ी खेड़वा, उप प्रधान डी पी बहमनी, उप प्रधान तेजपाल जोहर, महासचिव जयबीर सिंह रंगा, रामलाल, ईश्वर सिंह उगालन, सत्यवान पपोसा, प्रवेश माथुर, राजेंद्र मेहरा, राजीव भुक्कल व सरदार लालप्रीत सिंह, श्रीमती रूपवती आदि कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभा के पदाधिकारियों ने सहयोग के लिए सभी दानी सज्जनों का दिल की गहराइयों से आभार जताया और गुरु महाराज से प्रार्थना है कि सबके जीवन में सदैव खुशियां बनाए रखें।

### अमृता विश्व विद्यापीठम के इंटरनेशनल लॉ स्कूल कोयंबटूर कैंपस का उद्घाटन

**नई दिल्ली** : अमृता विश्व विद्यापीठम के कोयंबटूर कैंपस में अमृता इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लॉ का उद्घाटन केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय स्वतंत्र प्रभार तथा संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, ह्लआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चाहे कितना भी आगे क्यों न बढ़ जाए, वह मनुष्यों की तरह संविधान की नैतिकता और सही-गलत का अंतर नहीं समझ सकता। उन्होंने कहा,आज हम एक नए दौर में पहुँच रहे हैं, जहाँ एआई, 3डी प्रिंटिंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीकें तेजी से बढ़ रही हैं। लेकिन, इसके बावजूद हमारे जीवन में निर्णायक भूमिका मूल्यों से प्रेरित मानवीय तत्व ही निभाएँगे।इस अवसर पर

राजस्थान हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस के.आर. श्रीराम कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शामिल हुए। मद्रास हाई कोर्ट की जज जस्टिस एल. विक्टोरिया गोवरी ने मुख्य संबोधन दिया। माता अमृतानंदमयी मठ के कोषाध्यक्ष और ट्रस्टी तथा यूनिवर्सिटी की एग्जीक्यूटिव काउंसिल के सदस्य स्वामी रामकृष्णानंद पुरी ने बेनिडिक्टरी एड्रेस दिया।समारोह की शुरूआत एआईएसएल के नए मूट कोर्ट हॉल और शैक्षणिक फैसिलिटीज के उद्घाटन से हुई। एआईएसएल के डीन डॉ. अनिल जी. वरियथ ने मेहमानों का स्वागत किया। वाइस चांसलर डॉ. पी. वेंकट रंगन ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम का समापन रजिस्ट्रार डॉ. पी. अजित कुमार के धन्यवाद् प्रस्ताव के साथ हुआ।कार्यक्रम के महत्व को और बढ़ाते हुए भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटारमणी ने एक खास संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित अमृता इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लॉ की स्थापना का सपना अब साकार हो गया है।

# महापौर रेनू बाला गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई विशेष बैठक

**स्वागत**

**गांव दहा में ही 4 एकड़ भूमि में कंस्ट्रक्शन एंड डैमोलिशन वेस्ट प्लांट लगाने का लिया निर्णय**




**एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नगर निगम के सभागार में गुरूवार को वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के लिए भूमि उपलब्ध करवाने को लेकर नगर निगम हाऊस की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महापौर रेनू बाला गुप्ता ने की। बैठक में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, वार्ड 15, 16, 19 व 20 के पार्षद को छोडकर शेष सभी पार्षद व दो मनोनीत पार्षद, अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, अधीक्षण अभियंता पुनीत कुमार, उप निगम आयुक्त अभय सिंह, तकनीकी सलाहकार महीपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता ओ.पी. करदम व प्रदीप कल्याण, वरिष्ठद्द लेखा अधिकारी बलविन्द्र कुमार जग्गी तथा शाखाध्यक्ष मौजूद रहे।

बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त ने प्रस्ताव पड़ते हुए बताया कि बीती 7 अगस्त को हुई नगर निगम हाऊस की बैठक के आउट ऑफ एजेंडा क्रमांक 2 के तहत गांव फूसगढ़ में बने एस.टी.पी. के समीप वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाने के लिए प्रस्ताव को लंबित रखा गया था। कार्यालय की राजस्व शाखा द्वारा गांव में मौजूद भूमि का निरीक्षण करने उपरांत पाया गया कि यह कृषि योग्य भूमि है और इस भूमि को जाने वाला रास्ता भी छोटा है, जिस कारण किसी अन्य भूमि का चयन किया जाना उचित होगा। इसे देखते दिनांक 15 सितंबर को राजस्व शाखा के कर्मचारियों, सचिव तथा वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट के प्रतिनिधियों द्वारा गांव दहा में नगर निगम की भूमि का मौका मुआयना किया गया, जिसका कुल रकबा 48 एकड़ 7 कनाल 10 मरला है। यह भूमि बंजर स्थिति में है तथा इसे ठेके पर भी नहीं दिया गया है। इस प्रस्ताव पर विचार-विमर्श के बाद गांव दहा में उपरोक्त भूमि में से 16 एकड़ भूमि पर वेस्ट टू एनर्जी प्रोजैक्ट लगाने का प्रस्ताव पास हुआ। इसके अतिरिक्त गांव दहा में ही कंस्ट्रक्शन एंड डैमोलिशन (सी. एंड डी.) वेस्ट प्लांट के लिए भी 4 एकड़ भूमि सुरक्षित की गई है।

## पीएम मोदी की कार्यशैली से आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा देश: कृषि मंत्री राणा



**रादौर, 18 सितंबर (कुलदीप सैनी)** : कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से देश आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है और हर नागरिक को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना चाहिए। सेवा पखवाड़े के तहत वे रादौरी, नागल, दोहली, अलाहर, अंटावा, भोगपुर और गुन्दियाना सहित कई गांवों में पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सुशासन और विकास की भावना से कार्य कर रही है तथा जनता की समस्याओं को हल करने में सेवक की भूमिका निभा रही है। इस मौके पर मंत्री राणा ने ग्रामीणों को 25 सितंबर को रादौर अनाज मंडी में आयोजित होने वाली सुबह की सैर में भाग लेने का न्योता दिया। अलाहर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को उन्होंने सम्मानित किया और मिड-डे-मील शेड निर्माण का आश्वासन दिया। मंत्री ने स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए लोगों से अपने घर और गांव को साफ रखने की अपील की। मौके पर भाजपा कार्यकताओं व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### अवैध खनन में शामिल लोगों पर की जाए सख्त कानूनी कार्रवाई : मोनिका शर्मा

**एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सीटीएम मोनिका शर्मा ने कहा कि अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। अवैध खनन पर नियंत्रण लगाने के लिए अधिकारी अपनी गतिविधियां बढ़ाएं और उन पर कड़ी नजर रखें। जिला में किसी भी हालत में अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीटीएम मोनिका शर्मा वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।

## नगर पालिका लाडवा के कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच

**जांच**

**जब सफाई कर्मचारी स्वस्थ होंगे तभी होगा असली मकसद पूरा : डॉक्टर कृष्णकांत।**




**लाडवा 18 सितंबर (विजय कौशिक)** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा की अंतर्गत डॉक्टर कृष्णकांत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा की अध्यक्षता में नगर पालिका, लाडवा से आए 37 सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य संबंधित जांच की गई। जिसमें डॉक्टर कृष्णकांत ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन की उपलक्ष्य में एक विशेष स्वास्थ्य संबंधित कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत हमने अपने आसपास तथा सभी संस्थाओं में ज्यादा से ज्यादा सफाई रखनी है तथा सफाई से संबंधित कर्मचारियों के मेडिकल जांच भी की जानी है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी जो कि राष्ट्र को स्वच्छ रखने में एक विशेष योगदान देते हैं तथा दिन-रात राष्ट्र को स्वच्छ बनाने के लिए पूरी तरह से समर्पित रहते हैं। वे स्वयं अपने स्वास्थ्य की जांच नहीं रख पाते। इस संदर्भ में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी संस्थाओं में सफाई तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच करना अनिवार्य कर दिया है। जिसके तहत सभी सरकारी संस्थाओं के सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। क्योंकि अगर सफाई कर्मचारी स्वस्थ रहेंगे तभी वह बेहतर सफाई अभियान में योगदान दे सकते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका लाडवा की अध्यक्षा साक्षी खुराना भी मौजूद रही। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लाडवा शहर में दिन प्रतिदिन स्वच्छता को लेकर अभियान चलाया जा रहा है तथा शहर एवं गांवों में स्वच्छता को लेकर विशेष जोर दिया जा रहा है। क्योंकि अगर हमारे आसपास स्वच्छता रहेगी तो किसी भी प्रकार की बीमारी उत्पन्न नहीं हो पाएगी और भारत स्वच्छ एवं स्वस्थ रहेगा।

### सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**लाडवा, 18 सितम्बर(विजय कौशिक)** एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार - 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। पुरस्कार के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है।

उन्होंने कहा कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। संस्थानों, स्वैच्छिक संगठनों, कॉर्पोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक, अनुसंधान संस्थानों, प्रतिक्रिया या वर्दीधारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए उम्मीदवार ने भारत में आपदा प्रबंधन जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान या नवाचार या इस कार्य के क्षेत्र में काम किया हो।

## यातायात नियमों के पालन व अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया अभियान




**एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने व यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए जिला पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी दिशा में कारवाही करते हुए सितम्बर माह में जिला पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले, लेन बदलने के नियमों का पालन न करने वाले, मोटरसाइकिल का साइलेंसर बदल करके पटाखों की आवाज निकालने वाले इत्यादि वाहन चालकों के खिलाफ कठोर कारवाही की जा रही है।

जिला पुलिस ने शुरूआती पंद्रह दिनों में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 508 व्यक्तियों के चालान किए हैं। लेन चेंज के नियमों की पालना न करने वाले 2200 वाहन चालकों के चालान जारी किए हैं। बुलेट पटाखा वाले 243 वाहनों के चालान किए है या ज्यादातर वाहनों को इंपाउंड किया गया है। इसी प्रकार 203 ऐसे चालान किए गए है, जिनमें वाहन चालक प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करते हैं।

इस प्रकार नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालक ना केवल सडक दुर्घटना का शिकार बन जाते हैं, बल्कि अपने वाहन को नियमानुसार चला रहे अनुशासित वाहन चालक या सडक को पैदल पार कर रहे निर्दोष व्यक्ति भी इनकी वजह से दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। जिला पुलिस सभी जिले वासियों से अनुरोध किया है कि सडक पर वाहन चलाने के दौरान सभी नियमों का पालन करके सुरक्षित गंतव्य स्थल तक पहुंचे व एक आदर्श नागरिक होने का परिचय दें, ताकि सडकों पर न केवल अनुशासन कायम रहे व साथ ही सडक दुर्घटनाओं की दर भी न्यूनतम की जा सके।

## सेवा पखवाड़ा के तहत किये जा रहे जनसेवा के कार्य - नेपाल सिंह राणा



**रादौर, 18 सितंबर (कुलदीप सैनी)** : राजकीय उच्च विद्यालय मंधार में सेवा पखवाड़ा के तहत कक्षा 6 से आठ व कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य रोहित अरोड़ा ने की। प्रतियोगिता में छात्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से संबंधित पेंटिंग तैयार की। छात्रों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, आत्मनिर्भर भारत, ऑपरेशन सिंदूर व समृद्ध भारत इत्यादि विषय पर पेंटिंग बनाकर सभी को आकर्षित किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि नेपाल सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा शुरू किया गया है। जिसमें जनसेवा के कार्य किए जा रहे है। हम सभी को भी इस प्रकार के सेवा कार्य विशेष अवसरों पर करने चाहिए। इस मौके पर मुकेश कुमार, सुशील कुमार, प्रवीन कुमार, जोगिंद्र, प्रीती, उमा व विकास इत्यादि मौजूद रहे।

### लोगों को धन ब्याज पर देकर भारी वसूली करने वाले सूदखोरों के खिलाफ कार्रवाई

**एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** लोगों को शुरूआत में सस्ते ब्याज पर लोन देने का लालच देकर बाद में भारी ब्याज वसूल करने व उसे चुकाने में नाकाम रहने वाले व्यक्तियों का मानसिक व आर्थिक उत्पीड? करने वाले लोगों के खिलाफ जिला पुलिस ने सितम्बर के प्रथम 15 दिनों में कड़ी व प्रभावी कारवाही की है। जिला पुलिस ने पीड़ितों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर अब तक 22 मामले जिले के अलग- अलग थानों में दर्ज किए हैं व 23 आरोपियों को गिरफ्तार करके माननीय न्यायालयों के समक्ष पेश करके उनके आदेश पर जेल भेजा गया है।

## शुक्रवार से होगा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूलाः( मैनपाल ):** महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार से होगा। यह जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा पंचकूला के कन्वीनर अमित जिंदल ने बताया कि शुक्रवार को पंचकूला के सेक्टर 16 स्थित अग्रवाल भवन में सुबह 8:30 बजे महाराजा अग्रसेन जी को माल्यार्पण कर ध्वजारोहण के पश्चात हवन यज्ञ से महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ हो जाएगा।

अग्रवाल सभा पंचकूला के कन्वीनर अमित जिंदल ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर में अग्रवाल भवन में बच्चों के लिए क्विज कंपटीशन, कला एवं ड्राइंग कंपटीशन के साथ-साथ महिलाओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है।

अमित जिंदल ने बताया कि 20 सितंबर दिन शनिवार को दोपहर 2:00 बजे से महाराजा अग्रसेन जी की विशाल शोभायात्रा का आयोजन सेक्टर 7 से शुरू होगा। शोभायात्रा का पंचकूला के विभिन्न सेक्टरों से होते हुए सेक्टर 16 के अग्रवाल भवन में समापन होगा।

22 सितंबर सोमवार को राज्य स्तरीय महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का सरकारी स्तर पर आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का शुभारंभ इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में सुबह 8:30 बजे महा रक्तदान शिविर से होगा जबकि जयंती महोत्सव का आयोजन 10:30 बजे प्रारंभ होगा।अमित जिंदल के अनुसार इस राज्य स्तरीय जयंती उत्सव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रचारक प्रेम गोयल का विशेष सानिध्य प्राप्त होगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में आएंगे और हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार असीम गोयल, भारतीय जनता पार्टी के पंचकुला जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, मेयर कुलभूषण गोयल कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

## रामलीला में अंगद-रावण संवाद के मंचन ने बांधा समां।



**टीम एक्शन इंडिया**
**ाड़वा, 18 सितंबर (विजय कौशिक)**: जय भारत कला मंच ने गत रात्रि लाड़वा में रामायण के ह्यअंगद-रावण संवादह्व का एक शानदार मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह नाट्य प्रस्तुति न केवल रामायण के गौरवशाली प्रसंग को जीवंत करने में सफल रही बल्कि आपसी भाईचारे, नैतिकता और प्रभु श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाया। सैकड़ों दर्शकों की तालियों और जय श्री राम के नारों ने माहौल को उत्साह से सराबोर कर दिया। जिसने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माइक्रोलेक पेंट कंपनी के प्रख्यात मालिक एवं समाजसेवी मुकेश गर्ग और विनय गर्ग ने शिरकत की। दोनों अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधन में रामायण के मूल्यों को अपनाने पर जोर दिया। समाजसेवी मुकेश गर्ग ने कहा, ह्लरामायण हमें सिखाती है कि अहंकार और अनैतिकता का रास्ता विनाश की ओर ले जाता है। जैसा रावण के साथ हुआ। श्री राम का जीवन हमें भाईचारा, मयार्दा और कर्तव्य का पाठ पढ़ाता है।ह्व उनके इस संदेश ने दर्शकों के बीच गहरी छाप छोड़ी और जोरदार तालियां बटोरीं। मंचन का केंद्रबिंदु अंगद-रावण संवाद रहा। जिसमें अंगद की वीरता और रावण के अहंकार का रोमांचक चित्रण हुआ। अंगद की भूमिका में श्री मोनू शर्मा ने अपनी शक्तिशाली अभिनय कला से दर्शकों को अभिभूत कर दिया।आयोजन का सबसे रोमांचकारी पल रहा सेतु निर्माण का दृश्य, जिसमें स्क्रीन पर समुद्र की लहरों के साथ वानर सेना का सेतु बांधना दिखाया गया। यह दृश्य इतना जीवंत था कि दर्शक रोमांच से झूम उठे। साथ ही, भजन ह्लजिस पर कृपा राम करे, वो पत्थर भी तैर जाते हैंह्व ने माहौल को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। दर्शकों की निरंतर तालियां और जयकारे इस बात का प्रमाण थे कि जय भारत कला मंच ने इस बार रामलीला के मंचन को एक नया आयाम दिया है। जय भारत कला मंच के प्रधान रॉकी शर्मा ने कहा, ह्लहमारा लक्ष्य रामायण की कथा को आधुनिक तकनीक और पारंपरिक कला के मेल से नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। इस बार का मंचन न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि समाज को एकजुट करने वाला भी।ह्व उन्होंने सभी कलाकारों, दर्शकों और सहयोगियों का हृदय से आभार जताया और भविष्य के आयोजनों के लिए आमंत्रित किया।

उन्होंने कहा कि मंच ने इस मंचन के साथ सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का एक नया अध्याय लिखा है। यह आयोजन लाड़वा के सांस्कृतिक इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया है।

## हरियाणा में छात्र संघ चुनाव करवाने में फेल भाजपा सरकार: दीपांशु



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकुला**
कांग्रेस छात्र इकाई, एनएसयूआई लीगल सेल के राष्ट्रीय सह-संयोजक दीपांशु बंसल एडवोकेट ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के सरकारी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव करवाने में पूरी तरह फेल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया था, लेकिन तीसरी बार सरकार बनने के बाद भी यह वादा पूरा नहीं हुआ।

दीपांशु बंसल ने कहा कि हरियाणा के 10 सरकारी विश्वविद्यालयों और 180 सरकारी कॉलेजों में लाखों छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं, जिन्हें पिछले करीब 30 सालों से प्रत्यक्ष रूप से छात्र नेता चुनने का लोकतांत्रिक अधिकार नहीं मिला। वर्ष 1995 में भजनलाल सरकार के दौरान आखिरी बार प्रत्यक्ष चुनाव हुए थे। 2018 में मनोहर लाल सरकार ने अप्रत्यक्ष चुनाव करवाए, लेकिन उनमें सभी छात्रों को मतदान का अधिकार नहीं दिया गया।उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता से बाहर रहते समय चुनावी घोषणापत्र में छात्रों को बहलाने के लिए चुनाव करवाने का वादा किया, मगर सत्ता में आते ही कानून-व्यवस्था और माहौल खराब होने का बहाना बना लिया। दीपांशु बंसल ने कहा कि छात्र राजनीति लोकतंत्र की नर्सरी है, जहां से देश को बड़े-बड़े नेता मिले हैं। भाजपा यहां चुनाव इसलिए नहीं करवाती क्योंकि उसे डर है कि छात्र राजनीति में उसे समर्थन नहीं मिलेगा। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तुरंत प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव करवाने का ऐलान करें।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री मेवात उत्थान योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षा पास करने पर मिलेगा आर्थिक लाभ: प्रदीप मलिक



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**-उपायुक्त एवं एमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अखिल पिलानी मुख्यमंत्री मेवात उत्थान योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को आर्थिक लाभ दिया जाता है। इस योजना का उद्देश्य मेवात क्षेत्र के आर्थिक रूप से वंचित विद्यार्थियों को अग्रणी कोचिंग संस्थानों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। यह जानकारी एडीसी प्रदीप मलिक ने पत्रकारवार्ता के दौरान दी। प्रदीप मलिक एडीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री मेवात उत्थान योजना के तहत संघ लोक सेवा आयोग, हरियाणा सिविल सर्विसेज व न्यायिक सेवा की प्री परीक्षा पास करने पर एक लाख रुपए तथा मुख्य परीक्षा पास करने पर 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसी तरह हरियाणा सेवा लोक आयोग, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, एसएससी व सीजीएल व अन्य सीईटी-ए परीक्षा पास करने पर 30 हजार रुपए तथा मुख्य परीक्षा पास करने पर 10 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ लेने के लिए एमडीए के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत वहीं अभ्यर्थी पात्र होंगे, जो जिला नूंह या फिर जिला पलवल के केवल खंड हथीन के निवासी होंगे और उनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक न हो। इस योजना का उद्देश्य मेवात क्षेत्र के विद्यार्थियों का आर्थिक बोझ को कम करना व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी एमडीए.एनआईसी.इन की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन के साथ निवास प्रमाण-पत्र, शैक्षिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण-पत्र व प्रतियोगी परीक्षा पास करने संबंधी दस्तावेज उपलब्ध करवाने होंगे।

### प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर लागू

**पानीपत, (कमाल हुसैन) :** जिला समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर लागू कर दी गई है। इस योजना का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करना और उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाना है। राज्य नोडल अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हरियाणा, चंडीगढ़ के आदेशानुसार छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है। योजना के तहत पात्र छात्र राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा ने बताया कि विभाग द्वारा छात्रों के हित में इस योजना का अधिकतम प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति से वंचित न रहे।

# संस्कृत भाषा से ही हमारी संस्कृति बची रहेगी: कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान

## स्टार्टअपस, महिला सशक्तिकरण व बुनियादी ढांचे में भी तेजी से विकास हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें संस्कृत भाषा में निहित हैं। यदि हमें परंपराओं, आयुर्वेदिक शास्त्रों और धरोहर को संरक्षित रखना है तो संस्कृत का गहन अध्ययन जरूरी है। वे आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धांत विभाग द्वारा आयोजित 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर के समापन समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धांत विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृष्ण कुमार, सहायक प्रोफेसर सीमा रानी, व संस्कृत शिक्षक अंकित समेत अन्य उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सुश्रुत संहिता, चरक संहिता और वाग्भट्ट संहिता जैसे आयुर्वेदिक ग्रंथों को समझने के लिए संस्कृत का ज्ञान अनिवार्य है। संस्कृत में दक्ष विद्यार्थी ही अच्छे वैद्य और शिक्षक बन सकते हैं। प्रो. धीमान ने स्पष्ट किया कि



आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथ जैसे सुश्रुत संहिता, चरक संहिता और वाग्भट्ट संहिता को सही मायने में समझने और उनका गहराई से अध्ययन करने के लिए संस्कृत का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। यदि विद्यार्थी संस्कृत में दक्ष होंगे तो वे बेहतर वैद्य और शिक्षक के रूप में समाज की सेवा कर सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा को आत्मसात करने के लिए निरंतर अभ्यास और सतत मेहनत जरूरी है। तभी इस भाषा की वास्तविक सुंदरता और उसकी वैज्ञानिकता को समझा जा सकता है।

**वक्ताओं ने बताई संस्कृत की वैज्ञानिकता और सांस्कृतिक महत्ता**

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रो. ललित कुमार गौड़ ने संस्कृत की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसकी व्याकरण प्रणाली इतनी सटीक है कि इसे कंप्यूटर भाषा में भी अपनाया जा सकता है। संस्कृत ग्रंथों में गणित, खगोल शास्त्र और चिकित्सा का प्रामाणिक ज्ञान निहित है। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक संरचना है।प्रो. गौड़ ने बताया कि ऋग्वेद सबसे प्राचीन कृति है, जिसमें सृष्टि की उत्पत्ति का विस्तृत वर्णन मिलता है। यह दशार्ता है कि हमारे पूर्वजों ने हजारों साल पहले ही ब्रह्मांड, प्रकृति और जीवन के रहस्यों को समझने का प्रयास किया था।

# मोबिकविक एप्प के माध्यम से बैंक खातों मे आए रुपयों को जमा कराने लोगों की लगी भीड़



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूँह जिले में 11/12 सितंबर को तकनीकी सुरक्षा चूक व अन्य कारणों से मोबिकविक एप्प के द्वारा पैसे का लेन - देन और मोबिकविक एप्प के माध्यम से अनाधिकृत भुगतान प्राप्त हुआ था। उस रकम को वापिस करने के लिए दिनांक 16 सितंबर 2025 से दिनांक 23 सितंबर 2025 तक लघु सचिवालय में निः संकोच मोबिकविक एप्प की टीम ने सीवर लगाया हुआ है । नूँह ज़िले में जिन लोगों के खातों में मोबिकविक ऐप के माध्यम से पैसे आए हैं वो लोग लगातार लघु सचिवालय पहुँच रहे हैं और पैसों को जमा करा रहे हैं। लेकिन पैसे जमा करने जा रहे लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । लोगों ने बताया कि किसी कारणवश हमारे खातों में पैसा जमा हो गया, लेकिन अब हमें बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । कारोबार व अन्य कामों को छोड़कर आना पड़ रहा है, लेकिन यहाँ पर बड़ी परेशानी हो रही है। सुबह से शाम तक भी रकम जमा नहीं हो रही है । समाज सेवी हिदायत कमांडो ने बताया कि हमने लोगों से आह्वान किया था कि जिनके खातों में पैसे आए हैं वो टीम को आकर लघु सचिवालय में पैसों को जमा करा दें और भी किसी तरह की कोई समस्या है उसका निवारण कराए। लोग लगातार पैसों को जमा कराने लघु सचिवालय पहुँच रहे हैं, लेकिन यहाँ पर उन लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी कमांडो हिदायत खान ने बताया कि लोगों के खातों में पैसे आए किसी ने पेट्रोल डलवाया तो किसी ने खाना खाया या किसी ने कोई अन्य सामान लिया।

# नशा राष्ट्र के विकास में बाधक: डॉ. निधि माथुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू एनएसएस यूनिट-3 (यूटीडी) और यूथ सोशलग्राम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति पर आयोजित सेमिनार में बतौरत मुख्य वक्ता एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि माथुर ने कहा कि नशा राष्ट्र के विकास एवं प्रगति में बहुत बड़ी बाधा है। उन्होंने युवाओं को नशे की बुरी लत से दूर रहने तथा स्वस्थ समाज निर्माण में अहम योगदान देने का आह्वान भी किया। इसके साथ ही उन्होंने नशे से होने वाले



शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी तथा जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए जागरूक किया। एनएसएस स्वयंसेवकों और फाउंडेशन के सदस्यों ने युवाओं को समाज में नशा मुक्त संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सभी उपस्थित प्रतिभागियों ने नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने का संकल्प लेते हुए नशा मुक्त समाज की स्थापना हेतु कार्य करने की शपथ ली। इस मौके पर डॉ. निधि माथुर, एनएसएस स्वयंसेवक हर्ष कुमार, सचिन, विवेक, हरमनप्रीत, ज्योति आदि सभी मौजूद रहे।

# उपायुक्त ने सेवा पखवाड़ा को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने एनआईसी कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सेवा पखवाड़ा के तहत किए जा रहे कार्यो बारे जानकारी लेते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए इस पखवाड़े का सफलता पूर्वक आयोजन करवाए। पखवाड़े के तहत उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सरकार के दिशा-निदेर्शानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से कार्य किए जाएगें। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत सभी विभाग अपने अपने कार्यालयों में स्टाफ के साथ सफाई अभियान चलाए। इसके साथ-साथ सेवा पखवाड़ा के तहत जहां पर भी कार्यक्रम आयोजित हो रहे है वहां पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण भी करवाएं। उन्होंने





राजस्व अधिकारी को कहा कि वे सभी तहसीलों में सफाई व्यवस्था के कार्य को करवाएं, यदि कहीं पर कोई मरम्मत की जरूरत है तो उस कार्य को भी करवाएं। इसके साथ-साथ जहां पर लोगों का आना जाना ज्यादा होता है जैसे बस स्टैण्ड, तहसील, अस्पताल व अन्य स्थान है वहां पर भी सफाई व्यवस्था के साथ-साथ सौन्दर्यकरण के कार्य करवाएं। उपायुक्त ने यह भी कहा कि इस पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य शिविर, पौधा रोपण, नमो वन, नमो पार्क, पोषण पखवाड़ा, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार, श्रम विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्य के साथ-साथ नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान व अन्य गतिविधियां शामिल रहेगी। डीएफओ राजेश कुमार ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत नमो वन व नमो पार्क बनाने का कार्य किया जाएगा, विभाग द्वारा नमो पार्क के लिए स्थान चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि इस पखवाड़े के तहत 50 हजार पौधे वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है संबधित विभाग नर्सरी से यह पौधे ले सकते है। जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा 21 सितंबर को पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में विभाग द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है उसे बारे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक बोर्ड से कर्नल श्योराण ने बताया कि 23 सितंबर को यमुनानगर में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# श्री राम हनुमान रामलीला समिति ने निकाली शोभा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा /(शंकर लाल)**
**शहर** की धार्मिक मंचीय संस्था श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा शोभा यात्रा निकाली गयी। समिति के सचिव हेमंत सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा 18 सितंबर से प्रारम्भ हो रहे रामलीला मंचन के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमें भगवान राम, लक्ष्मण व हनुमान जी की झांकी अत्यंत दर्शणीय रही। शोभा यात्रा का शुभारम्भ वार्ड 12 की



पार्षद मधु सैनी ने भगवान राम की आरती कर व झंडी दिखा कर किया।

उन्होंने शोभा यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि समिति द्वारा प्रारम्भ किये जा रहे रामलीला मंचन के निमंत्रण देने के उद्देश्य से शोभा यात्रा का आयोजन किया गया ताकि पुरे क्षेत्र को इसकी जानकारी मिल सके। शोभा यात्रा प्राचीन नगर खेड़े से प्रारम्भ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई ठाकुरी देवी स्कूल के बाहर रामलीला मंच पर सम्पूर्ण हुई। शोभा यात्रा का शुभारम्भ करने के पश्चात मुख्यातिथि मधु सैनी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान राम का नाम समस्त दुखों को हरने वाला है और संसार के लिए उनका आचरण एक आदर्श व्यक्ति की मिसाल पैदा करने वाला है और समिति द्वारा भगवान राम के चरित्र का मंचन करना संस्कृति व सभ्यता विकास करने के उद्देश्य से अत्यंत सराहनीय कदम है जिसके लिए हर सदस्य बधाई का पात्र हैं।

# शिव मंदिर पर गिरी आसमानी बिजली, धरती हिली, इस सीजन का दूसरा मंदिर ध्वस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर/धर्मबीर**
बरसात के मौसम में आसमानी बिजली ने जिले में फिर एक मंदिर को निशाना बना दिया। देर रात करीब डेढ़ बजे लेदा खादर गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर गिरी बिजली से मंदिर पूरी तरह ध्वस्त हो गया। जोरदार धमाके और बिजली की कड़क से गांव की धरती तक हिल गई। गांव के पूर्व सरपंच अजय सिंह संधू ने मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए 51000 की राशि दान की, साथ ही उन्होंने अन्य धर्म प्रेमी सज्जनों से मंदिर के पुनर्निर्माण में सहायता करने की अपील की उन्होंने कहा भगवान



शिव कालकूट है , उन्होंने ग्रामीणों की मुसीबत अपने ऊपर ले ली है भगवान शिव सबका भला करें। ग्रामीणों नरेंद्र, सुशील व दलबीर और मंदिर कमेटी प्रधान जसविंदर ने बताया कि तेज गड़गड़ाहट और धरती के कांपने से पहले उन्हें भूकंप का आभास हुआ। लेकिन जब मंदिर पर बिजली गिरने की खबर सामने आई तो गांव में दहशत फैल गई। गौरतलब है कि इस मानसून सीजन में जिले में मंदिर पर बिजली गिरने की यह दूसरी घटना है।

## अवैध प्लॉटिंग, खरीदारों को चंगुल में फंसा रहे कॉलोनाइजर

**यमुनानगर/धर्मबीरः** जयधर गांव में 3 एकड़ से भी ज्यादा जमीन पर अवैध तरीके से प्लॉटिंग की जा रही है। गांव की आबादी के साथ लगती कृषि योग्य भूमि पर प्लॉटिंग हो रही है। कई लोगों से बयाने के रूप में टोकन मनी भी ली जा चुकी है। कॉलोनाइजर तरह-तरह के वादे कर खरीदारों को लुभाने में जुटे हैं। गांव के ही कुछ लोग उनके चंगुल में फंस रहे हैं। प्लॉट लेने वाले लोगों पर पूरी कीमत चुकाने का दबाव भी बनाया जा रहा है। कॉलोनाइजर ग्रामीणों को नक्शा दिखाकर प्लॉट बेच रहे हैं, जबकि ग्रामीण कानूनी नियमों से अनजान हैं।

# जीवीएम गर्ल्स कॉलेज ने सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में 103 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** जीवीएम कन्या कालेज में सेवा पखवाड़ा का आगाज रक्तदान शिविर के आयोजन से किया गया, जिसमें करीब 103 रक्तदाताओं ने इस पुनीत महायज्ञ में आहुति डाली, जिनमें कालेज की 55 छात्राएं शामिल रही। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व कोषाध्यक्ष राजेश रेलन ने बतौर मुख्यातिथि रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए युवाओं को बढ़-चढकर रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। जीवीएम की एनएसएस इकाई, एनसीसी इकाई, वाईआरसी और आउटरिच प्रोग्राम टीम के विशेष सहयोग से रक्तदान



शिविर का सफल आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कालेज के शिक्षण व गैर-शिक्षण कर्मियों के साथ छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। साथ ही अन्य संस्थानों व सामाजिक लोगों ने भी रक्तदान किया। इनमें विशेष रूप से डीसीआरयूएसटी, सीआरए कालेज व हिंदू कालेज शामिल रहा। एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी ने सभी अतिथियों व रक्तदाताओं का स्वागत करते हुए सेवा पखवाड़ा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पखवाड़े की शुरूआत रक्तदान शिविर से की गई है। पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करवाया जाएगा। कालेज की प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह और संस्था अध्यक्ष विपिन कुमार ने इस मौके पर अतिथियों के साथ रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जिसमें हर व्यक्ति को योगदान देना चाहिए। रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। रक्त की आवश्यकता को रक्त से ही पूरा किया जा सकता है। इसलिए नियमित तौर पर रक्तदान करना चाहिए। एक स्वस्थ व्यक्ति प्रत्येक तीन माह के अंतराल में रक्तदान कर सकता है। स्वयं रक्तदान करते हुए हमें अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

# वित्तीय साक्षरता एवं साइबर धोखाधड़ी विषय पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री/ (मैनपाल कश्यप )** शहीद उधम सिंह राजकीय शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी, इन्द्री में छात्र प्रगति प्रकोष्ठ एवं वाणिज्य विषय समिति के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता एवं साइबर धोखाधड़ी विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान का सफल आयोजन महाविद्यालय में छात्र प्रगति प्रकोष्ठ एवं वाणिज्य विषय समिति के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता एवं साइबर धोखाधड़ी विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस व्याख्यान का आयोजन छात्र प्रगति प्रकोष्ठ की संयोजिका



प्रो. पूजा एवं वाणिज्य विषय समिति की प्रभारी प्रो. डिम्पल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सेबी मास्टर ट्रेनर डॉ. जयपाल जिंदल ने छात्रों को वित्तीय साक्षरता के महत्व तथा साइबर अपराधों से बचाव संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में वित्तीय जागरूकता प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है और यदि सावधानी न बरती जाए तो साइबर फ्रॉड का शिकार होना आसान हो सकता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्दर सिंह बागी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें वित्तीय अनुशासन, ईमानदारी एवं सतर्कता को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना ही नहीं बल्कि उस ज्ञान को व्यवहार में लाना भी है, और ऐसे कार्यक्रम इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।इसी क्रम में डॉ. मंजू ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया और उन्हें इस प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु उत्साहित किया।मंच संचालन प्रो. डिम्पल ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर छात्र प्रगति प्रकोष्ठ के सभी सदस्य डॉ. हरीश कुमार, डॉ. सविता रानी, डॉ. वंदना सैनी एवं डॉ. सुमन सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। साथ ही वाणिज्य विभाग के सभी सदस्य डॉ. मंजू, डॉ. निर्मला, डॉ. रजनी,डॉ. प्रदीप, डॉ डिम्पल, डॉ पूजा एवम डॉ सुमन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में प्रो. पूजा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के व्यक्तित्व विकास एवं व्यवहारिक ज्ञान के विस्तार में सहायक सिद्ध होते हैं।

# बाढ़ प्रभावित गाँवों में लगा पशु चिकित्सा व जागरूकता कैंप

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री (मैनपाल कश्यप)**
बाढ़ की मार झेल रहे गाँवों कलसौरा, जपटी छपरा और चोगामा में पशुओं के उपचार और बचाव हेतु एक विशेष क्लीनिकल एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा के दिशा-निदेर्शों और विस्तार शिक्षा निदेशालय के तत्वावधान में, हरियाणा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर 130 से अधिक पशुपालकों ने भाग लिया। शिविर में पशुओं के





उपचार हेतु निःशुल्क दवाइयाँ, खनिज मिश्रण और परामर्श प्रदान किया गया। गाँव कलसौरा के पशु चिकित्सक डॉ. विकास खिचड़ ने शिविर में सक्रिय भूमिका निभाई और पशुओं के लिए आवश्यक दवाइयाँ वितरित कीं। शिविर में डॉ. सुजॉय खन्ना (विस्तार विशेषज्ञ) ने पशुपालकों को बाढ़ से पहले, दौरान और बाद में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने चारे व पानी का सुरक्षित भंडारण, पशुओं को ऊँचाई वाले स्थानों पर ले जाने, तथा दवाइयों का स्टॉक रखने जैसे व्यावहारिक सुझाव दिए। डॉ. खन्ना ने बताया कि बाढ़ के बाद पशुओं में संक्रामक रोगों के फैलने की संभावना बढ़ जाती है।

# उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मान राशि के साथ विभिन्न विभागों में नौकरी मिल रही: कादियान

## रौनक स्कूल में राज्य स्तरीय साफ्टबाल प्रतियोगिता का समापन, हिसार और झज्जर की टीमों का रहा दबदबा

**शिरकत**

साफ्टबाल प्रतियोगिता समापन समारोह में विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में चल रही राज्य स्तरीय साफ्टबाल प्रतियोगिता का वीरवार को समापन हुआ। समापन समारोह में विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। प्रतियोगिता में अंडर-14 वर्ग में हिसार की टीम प्रथम, फतेहाबाद द्वितीय व झज्जर तृतीय स्थान पर रही। अंडर-17 वर्ग झज्जर प्रथम, हिसार द्वितीय व रोहतक तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार अंडर-19 में हिसार की टीम प्रथम, कैथल द्वितीय व पंचकूला तृतीय स्थान पर रही। प्रथम स्थान पर रही।
विधायक देवेंद्र कादियान ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। कादियान ने कहा कि खेलों में भविष्य सुरक्षित है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मान राशि के साथ-साथ विभिन्न विभागों में नौकरी भी मिल रही है और समाज में उन्हें विशेष पहचान मिल रही है। युवाओं का रुझान खेलों की ओर लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, परंतु उचित मार्गदर्शन के अभाव में वे दम तोड़ देती हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ओलंपियन व खेल विभाग के उपनिदेशक अमित दहिया ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि भारत लगातार वैश्विक पहचान बना रहा है। रौनक पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया, प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह खोखर, अनिल वर्मा, प्रतियोगिता संयोजक देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# राजकीय स्कूल गढ़ी केसरी के छात्रों को क्लब द्वारा पाठ्य सामग्री वितरित

**कार्यक्रम**

– रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल प्रधान प्रवीण मित्तल की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला लालगढ़ी मे जरूरत छात्रों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। अध्यक्षता क्लब के प्रधान प्रवीण मित्तल ने की। प्रोजेक्ट के चेयरमैन नंदकिशोर त्यागी और सचिन वधवा ने बताया कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और यदि समाज मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देगा तो देश का भविष्य निश्चित रूप से सुनहरा होगा। क्लब के सचिव नितिन बंसल ने कहा कि रोटरी क्लब समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्य करता रहता है। उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई केवल इस कारण से न रुके कि उसके पास जरूरी पाठ्य सामग्री उपलब्ध नहीं है।स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने रोटरी क्लब के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में क्लब के सदस्य जतिन जैन, अजय त्यागी, अनुज बंसल, अंकित गोयल, संदीप वर्मा, नितिन जैन, दिव्य गुप्ता, मुकुल बंसल और सागर बत्रा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**न्यूज फ्लैश**

## युवा विरासत को सहेजने के साथ-साथ स्वच्छता का संकल्प लें : प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली



**राई।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी ने स्वाभिमान की भावना को जाग्रत करने का काम किया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की विरासत को नई पहचान व नई रफ्तार मिली है। बड़ौली गुरुवार को एथनिक इंडिया टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स, राई में आयोजित कार्यक्रम गविरासत की हिफाजतग में सहभागिता कर लोगों को देश की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और सुरक्षित रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमारी विरासत देश की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा पुंज है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शक्ति विरासत को सहेजने के साथ-साथ स्वच्छता का संकल्प लें और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भारत का निर्माण करें।
उन्होंने कहा कि हम अपनी ह्यविरासतह्न से वैश्विक पर्यटकों को जोड़ेंगे। युवाओं व विद्यार्थियों को अपनी विरासत का भ्रमण करवाते हुए इतिहास से जोड़ा जाएगा। बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के 75वें जन्म दिन पर हरियाणा ने नया इतिहास रचा है। हरियाणा के हर जिले में भाजपा परिवार के कार्यकताओं और समाज के हर वर्ग ने मिलकर महाश्रमदान कर स्वच्छता की मिसाल पेश की है। हमें सेवा पखवाड़े को जनसेवा का महा अभियान बनाना है और नायब सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाना है। इस अवसर जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज सहित पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे।

## खेवड़ा रोड पर शमशान घाट के पास लगाए कूड़े के ढेर से परेशान लोग

**राई।** बहालगढ़ में खेवड़ा रोड पर शमशान घाट के पास नगरनिगम द्वारा लगाए गए कूड़े के ढेर से लोग परेशान है। बरसात होने पर बदबू से दाह संस्कार के समय लोगों व पास के दुकानदारों जीना दूभर हो जाता है। वहीं दुकानदारों का कहना कि उनकी कोई सुनने वाला नही है। अब सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहार है। उन्हें उॅम्मीद है कि अब तो उनकी कोई सुनेगा ताकि इस गंदगी के ढेर से निजात मिल जाए। यहीं से विभिन्न गांवों के जाने वाले लोग जाते है। दीपक बंसल, प्रदीप बंसल, सुनील चौहान, कप्तान, ईश्वर, आदि दुकानदारों ने रोष व्यक्त करते हुए कूड़े के ढेर को हटाने की मांग की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान की सरकार के दावों की यह कूड़े का ढेर पोल खोल रहा है लेकिन इसाके प्रति नगर निगम के अधिकारी भी गंभीर नही है। उनका कहना कि अब देखना है कि क्या दुकानदारों द्वारा मांग करने के बाद उन्हें गंदगी के ढेर से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि बरसात होने पर इतनी गंदगी बदबू आती है कि लोगों का जीना दूभर हो जाता है। ऐसे में वे बहुत परेशान है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा का शुभारम्भ- पवन गर्ग

**लाडवा, 18 सितंबर (विजय कौशिक)** संजय गाँधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनोरा-लाडवा में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर तहसीलदार एचसीएस नवम धानिया एवं विद्यालय के सम्मानित प्रधान एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता पवन गर्ग ने विद्यालय में त्रिवेणी रोप कर सेवा पखवाड़ा का शुभारम्भ किया। त्रिवेणी में नीम, पीपल और वट वृक्ष के पौधे रोपे गए जो पर्यावरण के लिए उत्तम माने जाते हैं। प्रधानमंत्री के लम्बे एवं स्वस्थ जीवन की कामना के लिए पंडित नरेश कौशिक और उनके सहयोगिओं द्वारा एक पवित्र यज्ञ किया गया।

# 25 सितंबर को सम्मान दिवस समारोह रोहतक रैली तोड़ेगी : अभय चौटाला



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में बुधवार शाम को राई रेस्ट हाउस पर दर्जनों युवाओं ने इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी में आस्था जताई। इस मौके पर जयकरण ठेकेदार गांव रोहना ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर इनेलो की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा इशु दहिया हलालपुर, मोहित राणा फाजिलपुर, जतिन मलिक, तेजस खत्री, विनय खत्री, रूपांशु मलिक, हर्षित पिनाना, नितिन अन्तिल मुरथल, विक्रांत मुरथल, क्रिश कुराड, अरुण कुमासपुर, राहुल शेरावत, लवी बिन्दरौली, अमित, अक्की, निखिल बहालगढ़, साहिल लखन माजरा, हिमांशु जाहरी, निक्की बहालगढ़, रवि पाराशर, रजनीश रोहना, सुधीर दहिया सहित सेकड़ो युवाओं ने कांग्रेस बीजेपी व अन्य पार्टियों को छोड़कर इनेलो में अपनी आस्था जताई। अभय सिंह चौटाला ने सभी पार्टी में शामिल होने वाले युवाओं को आश्वासन दिया कि उनको पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा।
चौटाला ने कहा जननायक चौधरी देवीलाल के 108 वें जन्मदिवस सम्मान दिवस समारोह रोहतक रैली पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ने का काम करेगी।
अबकी बार लोगों में भारी उत्साह रैली को लेकर है। जिला अध्यक्ष कुणाल गहलोत ने कहा रैली को लेकर युवाओं में जोश है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत, पूर्व एस पी अनूप दहिया, रोहताश दहिया, मनजीत फोगाट, प्रमोद मोदी, हलका अध्यक्ष प्रदीप दहिया, राजेश पलड़ी, सिद्धार्थ अंतिल, गोपाल जाजी, बलजीत नैन आदि मौजूद रहे।

# आईटीआई पुरखास में पौधारोपण व सफाई अभियान चलाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत वीरवार को पुरखास आईटीआई में सफाई अभियान व पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान को स्वच्छ और हरियाली युक्त बनाने का संदेश दिया गया। आईटीआई इंचार्ज सुरेंद्र देव ने बताया कि दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 30 सितंबर कर दी गई है। इच्छुक छात्र 15 से 30 सितंबर तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सीटों का पूरा विवरण संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन करते समय आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मार्कशीट, फोटो, मोबाइल नंबर और अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा।

# कौशल विकास और आत्मनिर्भर भारत से जुड़ने को किया प्रेरित



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** आईटीआई राजलूगढ़ी में वीरवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक शामिल हुए।
इस दौरान विद्यार्थियों को कौशल विकास और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करी कि वे अपने हुनर और मेहनत से न सिर्फ रोजगार प्राप्त करें बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी योगदान दें। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार अपनाने वाले युवाओं को एसोसिएशन रोजगार के लिए किट भी उपलब्ध करवाएगी। वहीं जो युवा नौकरी करना चाहते हैं उनके लिए भी हर संभव मदद करेगी। कार्यक्रम में नवीन कौशिक ने आईटीआई प्रधानाचार्य आशोक कुमार व स्टाफ के साथ पौधारोपण भी किया। मेले में विभिन्न कंपनियों ने विद्यार्थियों को नौकरी की पेशकश की।

# छात्र सक्षम ने विरासत की हिफाजत पेंटिंग प्रतियोगिता में बाजी मारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी के छठी कक्षा के छात्र सक्षम ने विरासत की हिफाजत पेंटिंग प्रतियोगिता (एथनिक इंडिया रिजॉर्ट राय हरियाणा टूरिळम कॉरपोरेशन हरियाणा)द्वारा एथनिक इंडिया राई में आयोजित प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया। सक्षम ने विरासत की हिफाजत पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए अपने शिक्षकों अभिभावकों का मान-सम्मान बढ़ाते हुए रचनात्मक सोच के कारण रंगों के उम्दा प्रयोग के कारण निर्णायकों का दिल जीत लिया प्रतिभावान विद्यार्थी को परिवार ,शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्याग अनीता यादव ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल किताबों तक सीमित शिक्षा देना नहीं बल्कि बच्चों की छिपी हुई क्षमताओं को निखारना भी होता है। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक मौजूद थे।

# श्री राम हनुमान रामलीला समिति ने निकाली शोभा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 18 सितम्बर (विजय कौशिक)** : शहर की धार्मिक मंचीय संस्था श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा शोभा यात्रा निकाली गयी। समिति के सचिव हेमंत सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा 18 सितंबर से प्रारम्भ हो रहे रामलीला मंचन के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमें भगवान राम, लक्ष्मण व हनुमान जी की झांकी अत्यंत दर्शणीय रही। शोभा यात्रा का शुभारम्भ वार्ड 12 की पार्षद मधु सैनी ने भगवान राम की आरती कर व झंडी दिखा कर किया।

# विधायक ने 6.40 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास व उद्घाटन

**उद्घाटन**

कादियान ने कहा कि हमारा प्रयास गन्नौर हलके के संतुलित और समग्र विकास को लेकर है।




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने वीरवार को विभिन्न गांवों में लगभग 6.40 करोड़ की लागत से बनने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने सबसे पहले तीन सड़कों के निर्माण का शिलान्यास किया गया है। इनमें नया बांस से आहुलाना तक 3180 मीटर लंबी सड़क का निर्माण 276.93 लाख रुपए, आहुलाना से चुलकाना रोड तक 4800 मीटर सड़क पर 180.14 लाख और भिगान गांव में मुख्य सड़क से स्कूल तक 750 मीटर सड़क पर 64.56 लाख खर्च होंगे। इसके साथ ही, खिजरपुर अहीर माजरा गांव में पेयजल आपूर्ति को बेहतर करने के लिए करीब 1 करोड़ 1 लाख 93 हजार रुपए की लागत से नई पाइपलाइन बिछाने, पुरानी पाइपलाइन की मरम्मत और ट्यूबवैल लगाने की योजना का शिलान्यास किया गया। इसके अलावा जल निकासी की समस्या से निपटने के लिए करीब 19 लाख की लागत से बने दो नालों का उद्घाटन किया गया।
कादियान ने कहा कि हमारा प्रयास गन्नौर हलके के संतुलित और समग्र विकास को लेकर है। सड़क, पानी, स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार है, और हम सुनिश्चित कर रहे है कि ये सुविधाएं हर गांव तक पहुंचे। इस अवसर पर आहुलाना सरपंच प्रतिनिधि अजीत सिंह, अहीर माजरा सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र यादव, अनिल कुमार ब्लाक समिति अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# कम्यूनिटी सैंटर बहालगढ़ व शमशान घाट में पौधारोपण कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** सेवा पखवाड़ा कम्यूनिटी सैंटर बहालगढ़ व शमशान घाट में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल व सेवा पखवाड़ा जाखौली मंडल के संयोजक अनिल मलिक की देखरेख में किया गया। इस दौरान दोनो स्थानों पर 31 पेड़ लगाया गया।
अभियान की शुरूआत भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के बेटे सोनू कौशिक व भाजपा नेता माईराम कौशिक के बेटे राहुल कौशिक ने पदाधिकारियों के सहयोग से की। सोनू कौशिक ने कहा कि पखवाड़े के तहत हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल ने कहा कि अगर समय रहते ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए ध्यान नही दिया तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेगे। इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगाए। इस मौके पर हैप्पी रोहिल्ला, प्रिंस छाबड़ा, प्रिंस नम्बरदार आदि मौजूद थे।

# पिछले 6 वर्षों से पिंजौर कृषि उपमंडल कार्यालय भवन का निर्माण नहीं कर रहा मार्केटिंग बोर्ड: बंसल



**टीम एक्शन इंडिया**
**पिंजौर**
किसान हित की बात करने वाली बीजेपी सरकार के दावों की पोल खुद कृषि विपणन बोर्ड ने पिंजौर में अनुसूचित जाति के किसानों के लिए प्रशिक्षण केंद्र भवन का निर्माण न कर पूरी पोल खोल के रख दी है। उक्त शब्द शिवालिक विकास मंच प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा किसान कांग्रेस प्रदेश के वरिष्ठ उप प्रधान विजय बंसल एडवोकेट ने पिंजौर में उनसे मिलने आए किसानों को बोलते हुए कहे। विजय बंसल ने इसी विषय पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कृषि मंत्री को ज्ञापन भेज कर पिंजौर उपमंडल कृषि कार्यालय एवं अनुसूचित जाति किसान प्रशिक्षण केंद्र भवन का निर्माण तुरंत करने और भवन निर्माण होने तक कार्यालय को एचएमटी स्थित आधुनिक एप्पल मंडी में शिफ्ट करने की मांग की है। गौरतलब है कि पिंजौर ब्लॉक, मोरनी ब्लॉक, बरवाला ब्लॉक और रायपुर रानी ब्लॉक के किसानों की सुविधा के लिए सन 1985 में तत्कालीन प्रदेश सरकार ने पिंजौर गार्डन के सामने लगभग एक एकड़ भूमि पर कृषि उपमंडल कार्यालय का निर्माण करवाया था जिसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं को लागू कर उन्हें किसानों तक पहुंचाना था। लेकिन वर्ष 2019 में यहां पर कृषि उपमंडल कार्यालय और इसी परिसर में अनुसूचित जाति के किसानों का प्रशिक्षण केंद्र भवन का निर्माण को भी मंजूरी दी गई थी और उपमंडल कार्यालय भवन को तोड़कर कार्यालय को अस्थाई तौर पर हिमाचल प्रदेश के बॉर्डर के साथ कालका के टिपरा में एक प्राइवेट भवन में शिफ्ट कर दिया गया था जहां पर पहुंचने के लिए किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कृषि उपमंडल कार्यालय में किसान बीज, कीटनाशक दवाइयां, खाद आदि अन्य कृषि संबंधित कार्यों के लिए पिंजौर में आसानी से आ जाते थे लेकिन अब उन्हें कई बार ऑटो रिक्शा आदि अन्य वाहनो से कालका के टिपरा में जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। विशेष कर अर्ध पहाड़ी क्षेत्र के गरीब और बेहद पिछड़े हुए अनुसूचित जाति के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।
विजय बंसल एडवोकेट ने कहा कि बीजेपी सरकार की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना सरकारी फाइलों में ही दम तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों के विकास के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत कृषि विभाग ने वर्ष 2019 में ही 3 करोड़ 98 लाख 36000 रुपए की राशि मार्केटिंग बोर्ड के निर्माण विभाग के पास जमा करवा दी थी लेकिन मार्केटिंग बोर्ड ने पिछले 6 वर्षों के दौरान भवन का ही निर्माण नहीं किया।

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सरकारी स्कूलों के 70 दिव्यांग बच्चों की हुई जांच




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गन्नौर में दिव्यांग स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन प्राचार्य विनोद शर्मा की अध्यक्षता व उपसिविल सर्जन डा. स्वराज के नेतृत्व में हुआ। शिविर में बतौर विशिष्ट अतिथि सहायक जिला परियोजना समन्वयक डा. अत्तर सिंह और डाइट से वरिष्ठ प्राध्यापक अनिल मलिक उपस्थित रहे।
शिविर में ब्लाक गन्नौर के सरकारी स्कूलों के करीब 70 दिव्यांग बच्चों की जांच हुई। जांच के दौरान सामान्य अस्पताल गन्नौर से आई टीम ने बच्चों का हीमोग्लोबिन, हाइट, वेट व विशेष शिक्षा से संबंधित स्क्रीनिंग की। साथ ही बच्चों के मेडिकल व रेफरल कार्ड भी बनाए गए ताकि भविष्य में उन्हें निःशुल्क व सुगम स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। टीम में डा. दीपक झंडेवाला व डा. प्रीति शर्मा ने अहम भूमिका निभाई। शिविर में विशेष शिक्षक अनुराधा गौतम, मीना कुमारी, इमरान, सुनील कुमारी व दिपेश मल्होत्रा का सहयोग रहा।

# नरेला में श्री अग्रसेन धाम महिमा एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः अग्रकेसरी** महाकुटुंब अंतरराष्ट्रीय ट्रस्ट, दिल्ली (श्री अग्रसेन धाम कुंडली) के तत्वावधान में तथा अग्रवाल सेवा संघ नरेला एवं समस्त नरेला वैश्य समाज के सहयोग से अग्रवाल धर्मशाला, पुरानी अनाज मंडी नरेला में श्री अग्रसेन धाम महिमा एवं सम्मान समारोह का आयोजन अभूतपूर्व रहा। इस समारोह ने न केवल समाजसेवियों को सम्मानित किया, बल्कि समाज की एकता, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को भी नई दिशा दी।







**सजावट और स्वागत की अनूठी छटाः** धर्मशाला का विशाल प्रांगण आकर्षक सजावट से सुसज्जित था। प्रवेश द्वार पर पुष्पों की तोरण, भीतर रंगोली और मंच पर भव्य दरबार सुशोभित रहा। समाजबंधु पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर पहुंचे। आगमन पर अतिथियों का स्वागत पुष्पवृष्टि, माल्यार्पण और पारंपरिक वाद्य ध्वनियों से किया गया।

**मुख्य अतिथि और अतिथियों का हुआ अभिनंदनः** समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आये हुए नरेश बंसल, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष भाजपा एवं राज्यसभा सांसद, उत्तराखंड, अनिल अग्रवंशी अंतरराष्ट्रीय कवि दोनों का ही अभिनंदन वरिष्ठ अग्र बंधुओं द्वारा शाल, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया। सभागार गगनभेदी तालियों से गूंज उठा।

**ज्योति प्रज्वलन, आरंभ का पावन क्षणः** कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योति प्रचंड से हुआ। दीप प्रज्वलन का कार्य समाज के वरिष्ठ अग्र बंधुओं हेमराज बंसल, कृष्ण बंसल, कृष्ण दास गर्ग, राजेंद्र सिंघल, राजकुमार गोयल, सुभाष चंद्र गर्ग, सुरेश गर्ग, राजेंद्र अग्रवाल, दीपक मंगला एवं टीकाराम मित्तल द्वारा किया गया। दीपों की रोशनी ने वातावरण को पावन और ऊर्जावान बना दिया।

**सम्मान समारोह, समाजसेवा का गौरवगानः** समाजोत्थान और सेवा कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाजबंधुओं को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। अग्रकेसरी शिरोमणि सम्मान श्री अग्रसेन धाम कुंडली की कोर कमेटी के द्वारा समाज के लिए अनुकरणीय सेवाओं हेतु हेमराज बंसल राष्ट्रीय अध्यक्ष राजभाषा संघर्ष समिति व चेयरमैन अग्रवाल वैश्य समाज, श्रीकृष्ण बंसल अध्यक्ष अग्रवाल सेवा संघ नरेला, श्रीकिशन दास गर्ग संस्थापक अग्रवाल सेवा संघ नरेला, राजेंद्र सिंघल केंद्रीय मंत्री गोवंश आयाम विश्व हिंदू परिषद, राजकुमार गोयल प्रधान राम कुटी मंदिर नरेला, सुभाष चंद्र गर्ग पूर्व अध्यक्ष महाराजा अग्रसेन एजुकेशनल सोसाइटी नरेला, सुरेश गर्ग संस्थापक पैटर्न ट्रस्टी अग्रसेन धाम कुंडली को श्री अग्र केसरी शिरोमणि सम्मान द्वारा सम्मानित किया गया। अग्रकेसरी सम्मान, संगठनात्मक और सांस्कृतिक योगदान हेतु सुरेंद्र अग्रवाल संस्थापक ट्रस्टी, मनोज बंसल संस्थापक ट्रस्टी व उत्तरी विभाग सह मंत्री विश्व हिंदू परिषद , मोहित गुप्ता संस्थापक ट्रस्टी, पंकज गुप्ता महामंत्री अग्रवाल सेवा संघ नरेला, संजय बंसल संस्थापक ट्रस्टी को अग्रकेसरी सम्मान के द्वारा सम्मानित किया गया

**विशेष सम्मानः** श्री अग्रसेन धाम कुंडली के नरेला क्षेत्र से सभी सम्मानित ट्रस्टियों को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया।

**महोत्सव संयोजक सम्मानः** आयोजन को सफल बनाने वाले सभी महोत्सव संयोजकों को महोत्सव संयोजक सम्मान के द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर सभी विभूतियों ने समाज के प्रति कृतज्ञता और सेवा जारी रखने का संकल्प लिया।

**भक्ति-रस से सराबोर हुआ सभागारः** सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहक प्रिंस जैन और शुभम रिठालिया ने भक्ति गीतों की ऐसी झड़ी लगाई कि पूरा पंडाल भक्ति में डूब गया। एक भजन के बीच जब सभी ने सामूहिक स्वर में 'जय अग्रसेन' का उद्घोष किया तो वातावरण रोमांच से भर उठा।

**धाम की महिमा का वर्णनः आध्यात्मिक संदेशः** श्री अग्रसेन धाम कुंडली के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने विस्तार से धाम की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्री अग्रसेन धाम केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि यह समाज की एकता, संस्कार और सेवा का केंद्र है। यह धाम आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देगा।

**मुख्य अतिथियों का प्रेरक उद्बोधनः** मुख्य अतिथि नरेश बंसल ने कहा कि अग्रवाल समाज व्यापार, शिक्षा और सेवा में सदैव अग्रणी रहा है। हमें गर्व है कि समाज की नई पीढ़ी भी संस्कृति और संगठन से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रही है।
अंतरराष्ट्रीय कवि अनिल अग्रवंशी ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की नीतियाँ आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। समाज को चाहिए कि उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े। उन्होंने अपनी ओजस्वी कविता से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**विशाल ध्वज यात्रा, समाज की एकता का प्रतीकः** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही विशाल ध्वज यात्रा। दर्जनों ध्वजों के साथ समाजबंधु, मातृशक्ति और युवा यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान 'जय अग्रसेन' के उद्घोष से आयोजन स्थान गूंज उठा। तत्पश्चात सभी ध्वज ध्वज दरबार में अर्पित किए गए।

**महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारीः** समारोह में समाज की मातृशक्ति और युवा वर्ग की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। महिलाओं ने स्वागत, आरती, प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाई। वहीं युवा वर्ग ने ध्वज यात्रा, मंच संचालन सहयोग और भजन प्रवाह में सक्रिय योगदान दिया। इसने स्पष्ट किया कि समाज का भविष्य सशक्त हाथों में है और नई पीढ़ी परंपराओं से जुड़े रहते हुए आधुनिक दृष्टिकोण के साथ समाजोत्थान के लिए तैयार है।

**51 ज्योतियों से आरती, दिव्यता का अद्भुत क्षणः** धन्यवाद ज्ञापन से पूर्व 51 ज्योतियों से महाराजा अग्रसेन जी एवं कुलदेवी माता महालक्ष्मी जी की भव्य आरती की गई। दीपों की आभा ने सभागार को स्वर्णिम छटा से भर दिया। जयकारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

**प्रसाद वितरण और धन्यवाद ज्ञापनः** कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। श्री अग्रसेन धाम कुंडली के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल और संस्थापक ट्रस्टी एवं विश्व हिंदू परिषद उत्तरी विभाग सहमंत्री मनोज बंसल ने सभी अतिथियों, सहयोगी संस्थाओं और समाजबंधुओं का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

**संचालन, आयोजन की सफलता की कुंजीः** सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन मनोज बंसल ने अत्यंत कुशलता और गरिमा के साथ किया। उनके संचालन ने पूरे आयोजन को प्रभावशाली रूप प्रदान किया।

# निगम पार्षद अजीत यादव ने रामलीला पार्क में करवाई सफाई








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः वार्ड-17** भलस्वा के निगम पार्षद अजीत यादव ने गुरूवार को वार्ड-17 भलस्वा के अंतर्गत आने वाले जहांगीरपुरी के रामलीला पार्क के ब्लॉक की साफ-सफाई करवाई। इस मौके पर डिपार्मेंट के अधिकारियों के साथ निरीक्षण भी किया। 22 तारीख से होनी वाली रामलीला के प्रोग्राम को देखते हुए सभी अधिकारी को निर्देश दिए की सभी दुर्गा पूजा और रामलीला में साफ-सफाई में कोई कोताही न बरते। निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि क्षेत्र के विकास पर मैं विशेष रूप से ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने क्षेत्र की जनता से भी अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित कृत्रिम अंग वितरण शिविर के दौरान पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी, सांसद प्रवीण खंडेलवाल, विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज, जिला अध्यक्ष अरविन्द गर्ग, जिला अध्यक्ष अजय खटाना, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, पार्षद विकेश सेठी व अन्य गणमान्य लोग।**

# अणुव्रतः डिजिटल डिटॉक्स और एलीवेट एक्सपीरियंस द रियल हाई कार्यशाला का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली के साउथ कैंपस** स्थित भगवान महावीर मेमोरियल केंद्र में जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा दिल्ली, अणुव्रत समिति ट्रस्ट दिल्ली एवं राम लाल आनंद महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य महाश्रमणजी के विद्वान शिष्य डॉ मुनि अभिजीत कुमार व मुनि श्री जागृत कुमार के सान्निध्य में अणुव्रत : डिजिटल डिटॉक्स और एलीवेट एक्सपीरियंस द रियल हाई कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुनि जागृत कुमार ने युवाओं को अणुव्रत डिजिटल डिटॉक्स और एलीवेट एक्सपीरियंस द रियल हाई कार्यशाला आयोजित करने का उद्देश्य बताया जो वर्तमान समय में युवाओं के लिए क्यों जरूरी हैं। उन्होंने युवाओं को मेडिटेशन करवाकर इस कार्यशाला का महत्व से अवगत कराया। डॉ. मुनिश्री अभिजीत कुमार ने युवाओं को डिजिटल डिटॉक्स जिसका उद्देश्य मोबाइल का कम से कम प्रयोग करना और एलीवेट एक्सपीरियंस द रियल हाई नशे से दूरी बनाने एवं युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि आज अगर हम इसके प्रति जल्द से जल्द जागरूक होंगे तो समय रहते इनसे बचाव कर सकेंगे।


# मतदाता सूची में नाम काटने और शामिल करने के लिए भाजपा जिम्मेदार हैः यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं की विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) करना भाजपा के वोट चोरी के षडयंत्र को दबाने और गरीबों, झुग्गी झौपड़ीवालों और दूसरे शहरों से बसे प्रवासियों को दिल्ली से खदड़ने की साजिश है। मैं चुनाव आयोग से पूछना चाहता हूं कि 2002 में दिल्ली की जनसंख्या सिर्फ 1.39 करोड़ थी और 2025 में दिल्ली में मतदाताओं की संख्या 1.55 करोड़ है। दिल्ली चुनाव आयोग के पास ऐसा कौन सा फामूर्ला है जिससे वो 2002 की मतदाता सूची के साथ 2025 की मतदाता सूची के साथ मिलान करके एस.आई.आर. को अंजाम देंगे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली को बनाया और बसाया है।
भाजपा दिल्ली अध्यक्ष विरेन्द्र सचदेवा पहले अपने गिरेबान में झांके फिर कोई बयानबाजी करें।
दिल्ली सहित देश भर में वोट चोरी के प्रकरण की महारथी भाजपा का वोट चोरी का खेल पूरे देश के सामने उजागर हो चुका है।
उन्होंने कहा कि 2014 से केन्द्र में भाजपा की सरकार है और दिल्ली की पुलिस केन्द्रीय गृहमंत्रालय के हाथ में है। विरेन्द्र सचदेवा कांग्रेस को कोस कर सिर्फ अपनी मौलिक जिम्मेदारी निभाने का काम कर रहे है क्योंकि जन नायक राहुल गांधी ने केन्द्र और राज्यों में भाजपा की सरकार बनने की साजिश को देश के सामने वोट चोरी के षड्यंत्र को उजागर कर रहे है।
देवेंद्र यादव ने कहा कि मतदाताओं से लुभावने वादे करके सत्ता में आई भाजपा अब अपने वोट आधार को मजबूत करने के लिए मतदाता सूची से नाम हटाने या जोड़ने के लिए जमीन तैयार कर रही है।

# स्वरूप नगर से कुशक रोड़ के गड्ढे दे रहे हैं बड़ी दुर्घटना को दावतः खेमचंद सैनी







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः राजधानी दिल्ली में सड़को** की हालात ठीक न होने की वजह से रोज लोगों को परेशान होना पड़ता है। कुछ ऐसा ही मामला दिल्ली के स्वरूप नगर जीटीरोड़ से कुशक नम्बर-2, कादीपुर, कुशक नम्बर-1, इब्राहिम पुर गांव तक रोड़ का खस्ता हाल है। जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है।

**ठीक से नहीं हुआ मरम्मत का कार्यः** इस संदर्भ में कादीपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व समाजसेवी खेमचंद सैनी ने कहा कि स्वरूप नगर जीटीरोड से बुराड़ी विधानसभा के कुशक नम्बर-2, कादीपुर, कुशक नम्बर-1, इब्राहिम पुर गांव तक सालों पहले दिल्ली जल बोर्ड द्वारा डाली गई सीवर लाईन व पीने के पानी की लाईन डाली गई थी। जिसकी मरम्मत में उस पर डाली कंक्रीट सीमेंट की सीसी में घटिया तरीके के किस्म का सामान इस्तेमाल किया गया। जिस कारण से पूरे रोड पर जगह-जगह गड्ढे हो गये है और यह किसी बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहे है।

**प्रशासन से की जा चुकी है शिकायतः** खेमचंद सैनी ने बताया कि इस संदर्भ में मैंने संबंधित विभाग से शिकायत भी की है। लेकिन संबंधित विभाग इस समस्या के समाधान पर ध्यान नहीं दे रहा है।

**स्कूली बच्चे भी हो रहे है परेशानः** श्री सैनी ने आगे बताया कि इसकी शिकायत कई बार संबंधित विभाग को कर चुके है, इसके बाद भी हालत जस के तस हैं। इस सड़क पर किसी भी गाड़ी का चलना मुश्किल हो रहा है। इस सड़क से पैदल जाने वाले स्कूली बच्चो, महिलाओं, बुजुर्गो को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्हें यहां से गुजरने पर जूते चपल हाथ में लेकर निकलना पड़ता है, स्कूली बच्चो की स्कूल ड्रैस कीचड़ में गन्दी हो जाती है।

**कई पलट चुके है वाहनः** खेमचंद सैनी ने बताया कि कई बार इस सड़क पर ई-रिक्शा का पलट चुके है, लेकिन प्रशासन इस समस्या का हल नहीं कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि अब बरसात में सड़क पर पानी भर जाता है, पानी भर जाने से गड्ढे पानी में डूब जाने के कारण दिखाई नहीं देते है। जिससे दुर्घनाएं हो रही है।

**सैनी ने की संबंधित विभाग से मांग, समस्या का जल्द हो समाधानः** कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष व बुराड़ी के समाजसेवी खेमचंद सैनी ने कहा कि मेरी संबंधित विभाग से मांग है कि इन गड्ढे को जल्द से जल्द भरा जाये। जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े।

# भाजपा आयोजित करेगी कई कार्यक्रम, रूपरेखा तैयार : विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 17 सितम्बर को जन्मदिन से आरंभ हुए सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत अम्बाला छावनी में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे जिनकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। विज सेवा पखवाड़े को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा 2 अक्तूबर तक लाल बहादुर शास्त्री जी और महात्मा गांधी जी के जन्मदिन तक चलेगा। ऊर्जा मंत्री अनिल विज के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अम्बाला छावनी में सेवा पखवाड़ा पर आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई जिसमें तय किया गया की चारों मंडलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि नमो वन कार्यक्रम के तहत 19 सितम्बर को इंडस्ट्रियल एरिया पार्क में नमोवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसके तहत 75 वृक्ष लगाए जाएंगे। इसी प्रकार 20 सितम्बर को अग्रवाल धर्मशाला में रक्तदान शिविर आयोजित होगा जिसमें 75 लोग रक्तदान करेंगे। 21 सितम्बर को चंद्रपुरी धर्मशाला रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। 22 सितम्बर को बीडी फ्लोर मील के पीछे वार्ड नंबर 17 में हेल्थ चेकअप कैंप लगाया जाएगा। 23 सितम्बर को तोपखाना झील पर नमो वन कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण होगा। 24 सितम्बर को बब्याल स्थित महाराणा प्रताप भवन में रक्तदान शिविर होगा।

26 सितम्बर को अग्रवाल धर्मशाला में हेल्थ चेकअप कैंप होगा। 27 सितम्बर को श्री बांके बिहारी धर्मशाला में रक्तदान शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 28 सितम्बर को मच्छौंडा-शाहपुर में हेल्थ चेकअप कैंप लगेगा। 29 सितम्बर को मैरी गोल्ड स्कूल में हेल्थ चेकअप कैंप होगा। इसके अलावा 30 सितम्बर को शहीदी स्मारक और 1 अक्तूबर को पंजोखरा साहिब राजकीय स्कूल में नमो वन कार्यक्रम के तहत वृक्ष रोपित किए जाएंगे।

**सभी कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेंगे कार्यकर्ता**

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सेवा पखवाड़े के दौरान अम्बाला छावनी विधानसभा के चारों मंडल अलग-अलग दिन अपने-अपने मंडलों में कार्यक्रम करेंगे। उन्होंने कार्यकताओं को बढ़चढ़कर उत्साह के साथ इनमें भाग लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाजपा नेता राजीव गुप्ता डिम्पल, किरणपाल चौहान, विजेंद्र चौहान, संजीव सोनी, जसबीर जस्सी, बीएस बिंद्रा, सुरेंद्र बिंद्रा, हर्ष बिंद्रा, रवि बुद्धिराजा, प्रवेश शर्मा, विकास बहगल, नरेंद्र राणा, आशीष अग्रवाल, भरत कोछड़, राज कुमार राजा, पुनीत सरपाल, तरविंद्र सिंह, विपिन खन्ना, रामबाबू यादव व अन्य नेता मौजूद रहे।

## व्यासपुर में पोषण माह का शुभारंभ, कुपोषण मुक्त समाज की ओर बड़ा कदम



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर,धर्मबीर**

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से व्यासपुर आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा की देख-रेख में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना अधिकारी किरण बाला ने की। किरण बाला ने जानकारी दी कि यह पोषण माह 16 अक्टूबर 2025 तक मनाया जाएगा। इस दौरान महिलाओं और बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में पोषण मंथन और पोषण शपथ जैसे कार्यक्रम होंगे, जिनमें अति कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें सामान्य श्रेणी में लाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रभात फेरी, मां की रसोई, जल संरक्षण अभियान, विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर तथा नवजात शिशुओं और स्तनपान कराने वाली माताओं से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## न्यूज फ्लैश

### जिला पुलिस मुख्यालय पर किया अनुसंधानकर्ताओं के लिए सेमिनार का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस द्वारा वीरवार देर शाम पुलिस मुख्यालय के सभागार में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक प्रतीक गहलोत तथा उप जिला न्यायवादी डॉ चंद्रमोहन ने किशन भाई बरखिलाफ गुजरात के बारे में जिला पुलिस के अनुसंधानकताओं को जानकारी दी। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री नीतीश अग्रवाल के आदेशानुसार वीरवार को जिला पुलिस मुख्यालय के सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक प्रतीक गहलोत तथा उप जिला न्यावादी डॉ. चंद्रमोहन ने जिला के अनुसंधानकताओं को किशन भाई बरखिलाफ गुजरात के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि माननीय सर्वोच्च अदालत द्वारा इस मामले में दिए गये दिशा-निदेर्शों की पालना करना अति आवश्यक है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतीक गहलोत ने किशन भाई बरखिलाफ गुजरात मामले में बारे में बोलते हुए कहा कि माननीय अदालत के आदेशों की पालना करना हम सबकी जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी केस का अनुसंधान करते समय पूरी सावधानी बरतनी चाहिए तथा केस डायरी को पूर्ण रूप से लिखना चाहिए। जिला उप न्यायवादी ने बताया कि अनुशंधन के समय हमे चैन ऑफ कस्टडी को ध्यान में रखना है तथा सभी साक्ष्य सही तरीके से जोड़कर केस फाइल तैयार करनी है। इस मौका पर डीएसपी मुख्यालय श्री सुनील कुमार, उप जिला न्यायवादी अभिनव बंसल तथा काफी संख्या में जिला पुलिस के अनुसंधानकर्ता मौजूद रहे।

### जनता समाधान शिविर में सुनी गई लोगों की शिकायतें, मौके पर हुआ निस्तारण: डॉ. संजय



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर आमजन के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभर रहे हैं। इन शिविरों में नागरिकों की समस्याओं को मौके पर ही सुना और हल किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया के निदेर्शानुसार जिला सचिवालय सभागार में गुरुवार को जनता समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि जनता समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत को पूरी गंभीरता से सुना जा रहा है और उसका समाधान भी प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि लोगों को राहत मिले। उन्होंने कहा कि जनता समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को राहत देना और प्रशासन व जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत करना है। इस प्रकार जनता समाधान शिविर न केवल समस्याओं का त्वरित निवारण कर रहे हैं, बल्कि यह भी साबित कर रहे हैं कि प्रशासन जनता के साथ खड़ा है।

## नोहरा में किसानों को दी गई नई तकनीकों की जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

जिले के गांव गांव नोहरा में गुरुवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निदेशक (कृषि) डॉ. आत्मा राम गोदारा ने की।

यह पखवाड़ा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पशुपालन, बागवानी और मत्स्य पालन विभाग द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिलेभर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में किसानों को नवीनतम कृषि पद्धतियों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। खंड कृषि अधिकारी, मडलौडा, डॉ. बिजेंदर सिंह ने किसानों को विभागीय योजनाओं के लाभों से अवगत कराया और विशेष रूप से फसल अवशेष प्रबंधन पर जोर दिया। उपमंडल कृषि अधिकारी, डॉ. देवेंद्र कुहाड़ ने किसानों से अपील की कि वे फसल कटाई के बाद खेतों में आगजनी की घटनाओं से बचें और पराली का प्रबंधन इन सीटू और एक्स सीटू तरीके से करें।

## जर्मन भाषा सीखने से युवाओं के लिए खुलेंगे वैश्विक अवसरों के द्वार : धर्मवीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर, नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मैजिक बिलियन संस्था ने युवाओं को जर्मन भाषा सीखने के महत्व और इसके जरिए खुलने वाले अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से अवगत कराया गया। इस प्रेरणादायक सत्र का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें यह विश्वास दिलाना था कि विदेशी भाषा का ज्ञान उनके करियर के लिए नये द्वार खोल सकता है। इस कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को प्रशिक्षण किट भी प्रदान की गई। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल युवाओं को जर्मन भाषा के माध्यम से रोजगार के नये अवसर प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। श्री बसब बनर्जी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में जर्मन भाषा सीखना केवल एक अतिरिक्त योग्यता नहीं, बल्कि यह युवाओं के लिए यूरोप समेत अनेक देशों में रोजगार और शिक्षा के अवसरों का पासपोर्ट है। इससे न केवल करियर के रास्ते खुलते हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास भी मजबूत होता है। डॉ. मनीष मिश्रा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन हमेशा युवाओं को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। आज के प्रतियोगिता के समय में जर्मन भाषा जैसी स्किल्स युवाओं के लिए रोजगार पाने का महत्वपूर्ण साधन सिद्ध होने जा रही है। सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर की स्थापना अपने संकल्प को पूरा करने के लिए की है। युवाओं को नवीन अवसर प्लेटफार्म के माध्यम से विश्व स्तर का कौशल प्रशिक्षण दिलाकर नये अवसर उपलब्ध कराने का उनका संकल्प है ताकि यहां का युवावर्ग सही मार्गदर्शन, प्रेरणा और कौशल प्रशिक्षण के जरिए अपने सपनों को हकीकत में बदल सके।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छछरौली में 'स्वस्थ नारी-स्वस्थ परिवार अभियान' का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर/धर्मबीर**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छछरौली में मंगलवार को 'स्वस्थ नारी-स्वस्थ परिवार अभियान' के तहत विशाल मेडिकल व स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. वक्षीश गुप्ता ने की। कैंप में प्रशासनिक व चिकित्सा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) से शुरू हुआ है और गांधी जयंती (2 अक्तूबर) तक चलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं व किशोरियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें विभिन्न बीमारियों से बचाव और उपचार के प्रति जागरूक करना है। कैंप में एनसीडी स्क्रीनिंग के तहत रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर, थायरॉइड, एनीमिया व अन्य बीमारियों की जांच की गई। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण व नशामुक्ति जागरूकता, योग, रक्तदान व आयुष विभाग की परामर्श सेवाएँ भी दी गईं।

## जर्जर हुए जिला कांग्रेस भवन का निर्माण कार्य शुरू

**जींद।** शहर में पुराना बस अड्डे के साथ जेडी सात मार्ग पर शहर की पॉश कालोनी के नुक्कड़ पर बने जिला कांग्रेस भवन का निर्माण कार्य गुरूवार से शुरू हुआ है। वर्षों से कांग्रेस भवन अपने जीर्णोद्धार की बाट जोह रहा था, लेकिन कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई तो किसी ने भी इस भवन की सुध नहीं ली। अब कांग्रेस पदाधिकारियों की नियुक्तियां धीरे-धीरे हो रही हैं। ऐसे में करोड़ों रुपये की इस भवन की जर्जर हालात को भी ठीक करवाया जा रहा है। पिछले दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भी इस भवन की जर्जर हालात को जल्द ठीक करवाने की बात कही थी।

## स्नेह संबंध मंच व जन सहयोग संस्था के संयुक्त प्रयास से 26 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** स्नेह संबंध साहित्यिक एवं सामाजिक सेवा मंच एवं जन सहयोग संस्था के सार्थक प्रयासों से एलएनजेपी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र में एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मोत्सव एवं डॉ. बिरला के सुपुत्र के जन्मदिन को समर्पित था। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री सुभाष सुधा एवं सीएमओ डॉ. सुखबीर महैला विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। शिविर में 26 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल प्रस्तुत की। डॉ. सीमा बिरला ने कहा कि जिस तरह से आजकल पूरी दुनिया में लगातार हादसे हो रहे हैं और रक्त की खपत लगातार बढ़ती जा रही है इस खपत को पूरा करने के लिए आज हर परिवार में एक रक्तदाता पैदा करना बेहद जरूरी है।

ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।अस्पताल प्रशासन एवं दोनों संस्थाओं के स्वयंसेवकों ने शिविर को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष अंगूरी लाल ,उपाध्यक्ष नितेश मंगल मोहन नागरथ,श्याम सुंदर, सतीश जुनेजा, मिथुन समाना, मास्टर जितेंद्र, सीमा, पूजा ,डिंपल, श्रवण कुमार, विपिन शर्मा, कृष्ण, डॉ मीत मोहन वह अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## रिमांड से बड़ा खुलासा: 90 लाख की ठगी का पर्दाफाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूह मेवात (लियाकत अली ):**



पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित ठगी नेटवर्क का पदार्फाश किया है। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने 14 सितंबर को गिरफ्तार किए गए राशिद पुत्र इसराईल निवासी ग्राम पढेनी तावडू से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। एएसपी आयुष यादव द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी गई जानकारी के अनुसार, राशिद एक सीएससी संचालक था। वह अपनी दुकान पर आने वाले लोगों के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी सिम कार्ड बनाता और उन्हें साइबर ठगों को बेचता था। जांच में सामने आया कि इन फर्जी सिम कार्ड्स का उपयोग देशभर में ऑनलाइन ठगी करने के लिए किया गया।

पुलिस रिमांड के दौरान खुलासा हुआ कि राशिद द्वारा बेचे गए फर्जी सिम कार्ड्स से करीब 90 लाख रुपए की ठगी की गई। इस ठगी की शिकायतें देशभर से साइबर पोर्टल पर दर्ज की गई थीं। तकनीकी जांच में सामने आया कि इस गिरोह ने तमिलनाडु और तेलंगाना के लोगों को भी अपना शिकार बनाया।

अब तक की जांच में पीड़ितों की पहचान तमिलनाडु के प्रदीप, तेलंगाना के बी. वाम्शी, लांडू शिवा और टी. श्रीकांत के रूप में हुई है।

इस मामले में इससे पहले अरबाज और जैतुन की गिरफ्तारी हुई थी। उनकी गिरफ्तारी के बाद जब ठगी की मनी ट्रेल और तकनीकी डाटा की गहन जांच की गई तो राशिद की संलिप्तता सामने आई। राशिद साइबर अपराधियों को फर्जी सिम कार्ड और बैंक खातों में गलत डाटा फीड करने का काम करता था। पुलिस ने आरोपी राशिद से कई मोबाइल फोन, फर्जी सिम कार्ड और एक पीओएस मशीन बरामद की है।

## नूंह साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**



साइबर अपराध पर शिकंजा कसते हुए नूंह साइबर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी लंबे समय से ऑनलाइन ठगी और धोखाधड़ी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से फर्जी सिम कार्ड, मोबाइल फोन और डिजिटल उपकरण भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान शौकीन पुत्र सहाबुद्दीन निवासी सिंगार थाना बिछोर, आदिल पुत्र जफरुद्दीन निवासी सुनहेड़ा थाना बिछोर, खालिद पुत्र सलीग निवासी लिंगाव थाना सदर पुन्हाना, वसीम उर्फ नटीया पुत्र सहीद निवासी बालोत गौहल्ला गोंय थाना बिछोर तथा नसीम पुत्र अब्दुल वहाब निवासी रहपुवा थाना पिंगवा जिला नूंह के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि आरोपी फर्जी सिम कार्ड और नकली सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। वे इन अकाउंट्स पर विभिन्न प्रकार के विज्ञापन और ऑफर डालकर मासूम लोगों को लालच देते और फिर उनसे ठगी करते थे।

## सेवा ट्रस्ट ने सफाई कर्मी महिलाओं को वितरित की बूस्टर किट, स्वच्छता अभियान की ली शपथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा वार्ड 28 न्यू लक्ष्मण कालोनी नजदीक जय भारती स्कूल के पास स्वच्छता प्रहरीयों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कुरुक्षेत्र कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल के नेतृत्व में सफाई कर्मी सभी महिलाओं को डाबर इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित की गई। यह वितरण सेवा ट्रस्ट की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम के दौरान सेवा ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने उपस्थित स्वच्छता प्रहरीयों को अपने वार्ड शहर को साफ और सुंदर बनाने के लिए अपने विचार सांझा किए और इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वच्छता ही सेवा को एक आंदोलन बनाने के लिए प्रेरित किया।

## केनरा बैंक द्वारा वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान, भारतीय रिजर्व बैंक चंडीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक विवेक श्रीवास्तव पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**



नूंह जिले के उजीना गांव में बुधवार को केनरा बैंक द्वारा वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक चंडीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक विवेक श्रीवास्तव ने शिरकत की। अभियान ने ग्रामीणों को न केवल वित्तीय साक्षरता प्रदान की, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित भी किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता प्रदान करना, सरकारी योजनाओं के लाभों से अवगत कराना और उन्हें बैंकिंग सेवाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। यह अभियान ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। केनरा बैंक का यह प्रयास उनके सामाजिक उत्तरदायित्व और वित्तीय समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि जुलाई, अगस्त व सितंबर इन तीन महीने चल रहे अभियान के तहत देशभर में कुल 2 लाख 7 हजार शिविर लगाए जा रहे हैं। जिसमें लोगों को ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, और अटल पेंशन योजना के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 19 सितम्बर 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## छोटी बातें बड़े काम की..



दूध को उबलने से बचाने के लिए बर्तन के किनारों पर जरा सा घी लगा दें।

- विटामिन ई के कैप्सूल के अंदर से निकलने वाले पाउडर को जले हुए स्थान पर लगाने से जल्द आराम मिल जाता है।
- नेल पॉलिश को परफ्यूम की सहायता से साफ किया जा सकता है।
- -अगर जूतों के फीतों की टिप निकल जाए तो फीते के किनारों पर नेलपालिश लगाकर उसे सख्त किया जा सकता है।
- कांच के सामान को धोने से पहले वाशबेसिन में तौलिया बिछा दें इससे उनके टूटने या चटकने की संभावना कम रहती है।
- टी-बैग्स को गर्म पानी में भिगोकर उस पानी को करीब बीस मिनट के लिए अपनी आंखों के नीचे लगाने पर वहां की सूजन को दूर किया जा सकता है।
- इंजेक्शन लगने के बाद होने वाली तकलीफ, सनबर्न तथा रेजर से कट जाने पर कुछ टी-बैग्स को पानी में भिगोने के बाद चोट वाले स्थान पर लगाएं।
- कुम्हलाई हुई सब्जियों को नींबू की कुछ बूंद पड़े ठंडे पानी में एक घंटा तक भिगो दें। सब्जियां ताजा हो जाएंगी।
- चाय का स्वाद बढ़ाने के लिए उबालते समय इसमें सूखे या ताजे संतरे के कुछ छिलके डाल दें।
- रबर बैंड को गर्मी के कारण चिपकने से बचाने के लिए उसके डिब्बे में थोड़ा सा टैल्कम पाउडर डाल दें।
- जले हुए दूध की महक दूर करने के लिए इसमें पान के दो पत्ते डालकर कुछ मिनट उबालें।

## स्टोन पेंटिंग से सजाएं घर



इमारतों के निर्माण के साथ घर की सजावट में भी पत्थरों की अहम भूमिका है। आर्टीफेक्ट्स के अलावा पत्थरों के जरिये बनाई जाने वाली पेंटिंग्स की खूबसूरती का भी कोई जवाब नहीं। घर के लिविंग रूम, किड्स रूम और बेडरूम के अलावा पूजाघर की सज्जा में भी ऐसी पेंटिंग्स का इस्तेमाल किया जा सकता है..

संगमरमर, ग्रेनाइट, कोटा स्टोन या फिर कसौटी पत्थर के विविध रूपों का इस्तेमाल बिल्डिंग्स के निर्माण और उनकी सजावट के लिए वर्षो से होता रहा है। लाल पत्थर से बने बात चाहे दिल्ली के लाल किला की हो या फिर सफेद संगमरमर से दमकते ताजमहल की। सैंड स्टोन से बने कोणार्क के सूर्य मंदिर और लिंगराज मंदिर की खूबसूरती भी कुछ कम नहीं। वैसे इन सभी इमारतों में एक चीज समान है और वो यह कि पत्थर से विभिन्न तरह के पत्थरों से बनी इन इमारतों की खूबसूरती अद्वितीय है। इमारतों के निर्माण, उनकी फ्लोरिंग आदि से लेकर पत्थरों से बने आर्टीफेक्ट्स के जरिये घर व ऑफिस की सुंदरता बढ़ाने के पत्थरों का इस्तेमाल वैसे तो सदियों से किया जा रहा है। लेकिन आज के दौर में पत्थर का इस्तेमाल एक नए रूप में भी हो रहा है। जिसे जाना जाता है स्टोन पेंटिंग के नाम से।

पत्थरों के रंग-बिरंगे छोटे-बड़े टुकड़ों का चूरा बनाकर विविधता भरे डिजाइनों पर इन्हें चिपका कर चमकीली स्टोन पेंटिंग तैयार की जाती है। जो कि देखने में बेहद आकर्षक होती है। इस तरह की पेंटिंग से घर की सज्जा को नई जीवंतता दी जा सकती है। ऐसी पेंटिंग तैयार करने के लिए ऐमेथिस्ट, कैल्सीडोना, कोर्नोलियन, एग्टे, ब्लड स्टोन आदि का इस्तेमाल किया जाता है। स्टोन पेंटिंग बनाने के लिए कैनवास पर मनचाही आकृति बना लेने के बाद उस पर गोंद जैसा एक खास तरह का चिपकने वाला पदार्थ लगाया जाता है। इसे लगाने के बाद बड़ी सफाई के साथ कैनवास या शीट पर रंग-बिरंगे पत्थरों को चिपकाने के बाद सूखने के लिए छोड़ दिया जाता है।

पूरी तरह सूख जाने के बाद इन पेंटिंग्स के रंगों में भी ऑयल पेंटिंग जैसा ही लुक आ जाता है। यह भी आप और आपके घर आने वाले मेहमानों का उतना ही ध्यान आकर्षित करने में समक्ष हैं जितना कि ऑयल या फिर ग्लास पेंटिंग की खूबसूरती किसी को आकृष्ट करती है।

अगर आप अपने घर को इस तरह की पेंटिंग से सजाना चाहते हैं तो विभिन्न बाजारों से इन्हें खरीद सकते हैं। आर्ट गैलरीज के अलावा साउथ एक्सटेंशन के डिपार्टमेंटल स्टोर्स, कनॉट प्लेस और हौज खास जैसे इलाकों में स्थित आर्ट गैलरियों में इनकी विविधता भरी वेरायटी देखी जा सकती है। स्टोन पेंटिंग के रूपों में जहां राजसी परिवारों के



राजा और रानियों के चित्र देखे जा सकते हैं, वहीं इनके जरिये की गई लैंड-स्केपिंग भी आंखों को कुछ ऐसी ताजगी देती है कि मन करता है कि पेंटिंग से नजरें हटाई ही न जाएं। आप चाहें तो ईश्वर की आकृतियां वाली स्टोन पेंटिंग भी ले सकते हैं। खासकर घर या फिर ऑफिस के पूजाघरों के लिए इन्हें उपयुक्त कहा जा सकता है। इसके अलावा बच्चों के कमरों में इन्हें सजाने के लिए उनके पंसदीदा कार्टून कैरेक्टर्स के चेहरे के रूप में भी लिया जा सकता है।

जहां तक ऐसी पेंटिंग्स की कीमत का सवाल है तो इसमें इनका आकार महत्वपूर्ण भूमिका निभता है। साथ ही पेंटिंग बनाने में कैसे और कौन सी किस्म के पत्थर का इस्तेमाल किया गया है, यह भी उसकी कीमत को प्रभावित करती है। वैसे डेढ़ फुट की लंबाई-चौड़ाई वाल ी ऐसी पेंटिंग के लिए आपको कम से कम कम डेढ़ हजार रुपये का बजट रखना होगा। जैसे-जैसे आकार और पेंटर की मेहनत बढ़ेगी इसकी कीमत में भी इजाफा होता जाएगा।

पेंटिंग के पत्थरों से बनने की वजह से अगर आप इनकी देख-रेख को लेकर चिंतित हैं, तो फिक्र की कोई बात नहीं, क्योंकि फोटोग्राफ्स की तरह आमतौर पर इन्हें फ्रेम करा दिया जाता है, जिससे कि पत्थरों पर धूल-मिट्टी न पड़े। हां, अगर फ्रेम के शीशों पर धूल जमे तो सूखे और फिर हल्के गीले कपड़े से इन्हें साफ किया ही जा सकता है।

आम तौर पर पेंटिंग के रूप में घरों में ज्यादातर ऑयल कलर्स की पेंटिंग्स ही देखने को मिलती हैं। लेकिन अपने घर में कुछ अलग और नया करने के लिए आप भी स्टोन पेंटिंग का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## ऐसा हो किचन



परिवार छोटा हो या बड़ा, बैचलर हों या फिर बुजुर्ग, हर किसी के लिए कुछ अलग तरह के किचन की जरूरत पड़ती है। बुजुर्ग और बड़े परिवार के लिए कैसा हो किचन और कैसी सुविधाएं हों इसमें मौजूद..

घर में बैचलर हों तो छोटे किचन से काम चल जाता है, लेकिन परिवार बड़ा हो तो किचन में ज्यादा स्पेस का होना स्वाभाविक भी है। साथ ही खाना बनाने के अलावा दूसरे अप्लायंसेज की जरूरत भी कुछ ज्यादा ही होती है। इसी तरह से यदि घर में सिर्फ बुजुर्ग ही हों तो भी किचन में कुछ खास चीजों के अलावा किचन का डिजाइन अलग तरह का होना जरूरी है। कैसे परिवार के लिए कैसा हो किचन आइये जानते हैं-

**बुजुर्गों के लिए**

- पहले आप जितना चल-फिर पाते थे या काम कर पाती थीं हो सकता है अब आप उतना मूव नहीं कर पाएं इसलिए किचन ऐसे ढंग से व्यवस्थित करें जहां आपको बार-बार पीठ झुकानी और घुटने मोड़ने न पड़े। आपकी जरूरत का सारा सामान आपके चारों ओर हो। यहां दिए गए उपायों को अपनाकर आप अपने किचेन को सुविधाजनक बना सकते हैं।
- ऐसी फ्लोरिंग चुनें जिसे साफ करना आसान हो। इसके लिए सिरेमिक टाइल्स, टेक्सचर्ड टाइल्स, बैंबू या इसी प्रकार कोई भी फ्लोर मटीरियल चुनें। ताकि फिसल कर गिरने का डर भी न हो।
- बुजुर्गो के लिए मॉड्यूलर किचन बेस्ट विकल्प है। ताकि नीचे वाले कैबिनेट का इस्तेमाल करने में ज्यादा मशक्कत न करनी पड़े। किचन के अंदर ही मेज और दो कुर्सी की व्यवस्था ताकि सब्जी वगैरह काटते समय या बीच में आराम के लिए बैठा जा सके।
- किचन का लेआउट इस प्रकार हो कि वह सुरक्षित भी हो। सामने की तरफ एक खिड़की भी हो ताकि वेंटीलेशन हो सके।
- सीढ़ियों का प्रयोग न करें। अगर आप रैंच होम में रह रहे हैं तो सीढ़ियों को पाट दें या बराबर कर दें ताकि दिनभर ऊपर नीचे न करना पड़े।
- किचेन खुला और जगह वाला चाहिए ताकि आपको चलना-फिरना आसान हो।
- डाइनिंग एरिया के निकट ही किचेन होना चाहिए। ताकि पुरानी हैवी कटलरी/डिशेज़ उठाकर डाइनिंग टेबल तक ले जाना आसान हो। आप चाहें तो सामान ले जाने के लिए ट्रॉली का इस्तेमाल भी कर सकते हैं लेकिन इसके किचेन की फ्लोरिंग फ्लैट होनी चाहिए।
- सबसे महत्वपूर्ण है नेचुरल लाइट। इस उम्र में नजर कमज़ोर होने के कारण चीजों को देखना भी मुश्किल हो जाता है इसलिए तेज लाइट की व्यवस्था होनी जरूरी है।
- किचेन का रंग हलका चुनें ताकि वह खुला-खुला व साफ नजर आए।

**5 जरूरी चीज़ें**

- वाइब्रेटिंग लिक्विड लेवल इंटीकेटर
- माइक्रोवेब
- फूड एटीमर
- पोर होल्डर
- नॉन-स्लिप प्लेसमैंट

**बड़े परिवार के लिए**

ऐसे परिवार में आमतौर पर किचन के काम के लिए घरेलू सहायक होते हैं। इसलिए यहां बड़े और खुली जगह वाले किचन की जरूरत होती है। किचन का रोजमर्रा और 80 प्रतिशत काम घरेलू सहायक करते हैं इसलिए होममेकर के लिए उसी किचन में अपनी पसंद का कुछ बनाने के लिए सैपरेट काउंटर और बर्नर की जरूरत होती है।

- ऐसे परिवार के लिए लेजर किचन परफेक्ट होता है। यहां सामान डबल होता है। किचन अप्लायंस और उपकरणों का डबल सेट होता है। इसमें बार भी होता है।
- दो फ्रिज रखने के लिए कैबिनेट होना चाहिए।
- बर्तन धोने की जगह अलग होनी चाहिए और छोटी-मोटी जरूरत के लिए छोटा सिंक किनारे बनवाना चाहिए।
- छह बर्नर वाला एक चूल्हा और दो बर्नर वाला एक चूल्हा रखना चाहिए।
- फ्लैप ग्रेनाइट का रखें और काउंटर आर सी सी बेस होनी चाहिए ताकि अगर कभी कोई सामग्री कूटनी हो तो प्लैटफार्म में दरार न पड़े।
- टाइल्स फ्लोर रखें ताकि किचन बड़ा और साफ सुथरा दिखे। स्टोरेज की जगह जरूरी है।
- रंग ओक या बेज रखें ताकि खुला-खुला नजर आए।
- जगह बड़ी हो तो किचन के मध्य में डाइनिंग टेबल भी रख सकते हैं ताकि खाना बनाने के साथ परिवार के लोग होममेकर के साथ एंजॉय भी कर सकें। लाइव कुकिंग का मज़ा ही अलग होता है।

**5 जरूरी चीज़ें**

- स्लो कुकर/क्रॉकपॉट
- मीट टेंडराइज़र
- फूड प्रोसेसर
- स्टॉकपॉट

## ..ताकि तंग न करें सीढ़ियां



अगर आप भी अपना घर बनवाने जा रहे हैं तो उसमें सीढ़ियों का विशेष ध्यान रखें। सीढ़ियों की ऊंचाई और चौड़ाई का सही अनुपात, घर के सदस्यों को आसानी से ऊपरी मंजिलों तक पहुंचाने और नीचे लाने में सहायक होगा..

जमीन खरीदकर मनमाफिक आशियाना बनवाने की चाह रखने वालों की कमी आज भी कुछ कम नहीं। क्या आपकी भी कुछ ऐसी ही ख्वाहिश है? अगर जवाब हां में है तो प्लॉट पर घर की कंस्ट्रक्शन कराते समय कुछ चीजों का खास ध्यान रखना जरूरी है। कंस्ट्रक्शन से पहले जाहिर है सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आप सॉयल टेस्टिंग तो कराएंगे ही साथ ही घर को भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से सुरक्षित रखने भूकंप-रोधी संरचना तैयार कराने पर भी विचार करेंगे। इन सब के साथ यह जरूर ध्यान रखें कि जब आप घर का नक्शा या फिर डिजाइन किसी आर्किटेक्ट से डिजाइन कराएं तो उसे सीढ़ियों की ऊंचाई और चौड़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहें। वैसे अक्सर ऐसा भी होता है कि ज्यादातर लोग आर्किटेक्ट की मदद के बगैर ही कांट्रेक्टर के बताए नक्शे के मुताबिक प्लॉट पर कंस्ट्रक्शन कराना आरंभ कर देते हैं। इसका असर तब दिखता है जब वे घर में रहना शुरू करते हैं। ऐसी ही कुछ परेशानियों में सीढ़ियां भी एक हैं। अक्सर प्लॉट के आकार के छोटा होने पर तंग सीढ़ियां बना दी जाती हैं और फिर उस घर में रहने वाले जब भी सीढ़ियों पर चढ़ते उतरते हैं तो हमेशा तंग ही होते रहते हैं। ऐसे में कुछ चीजों का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है। आइये जानते हैं-

- सीढ़ियां बनाते समय हेड रूम का ध्यान रखना जरूरी है, जिससे कि लंबे व्यक्तियों का सिर छत से न टकराए। अक्सर ऐसा होता है कि जल्दीबाजी में सीढ़ियों से उतरते हुए सिर अथवा माथा छत या छज्जे से टकरा जाता है और चोट लग जाती है।
- सीढ़ियों को कम से कम 840 एमएम और ज्यादा से ज्यादा एक मीटर तक अपनी जरूरत के अनुसार रखना चाहिए।
- अच्छी सीढ़ी वही है जिसमें चढ़ते और उतरते वक्त आपको बहुत ज्यादा मेहनत न करनी पड़े। आम तौर पर किसी भी वयस्क का एक पग यानी स्टेप 600 एमएम यानी 2 फुट का होता है। इसको ध्यान में रखते हुए ही सीढ़ियों का निर्माण कराएं।
- यह ध्यान रखें कि सीढ़ियों पर ऊपर चढ़ते हुए दुगनी ऊर्जा लगानी पड़ती है, ऐसे में अगर सीढ़ियां ऊंची-नीची होंगी, उनमें सामंजस्य नहीं होगा तो दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी।
- घर में इस्तेमाल की जाने वाली सीढ़ियों में 250 एमएम का ट्रेड और 165 एमएम से 175 एमएम तक का राइजर इस्तेमाल में लाया जा सकता है। आप इसे ज्यादा से ज्यादा 220 तक का रख सकते हैं। अगर राइजर ज्यादा ऊंचा होगा तो पैर भी ज्यादा ऊंचाई तक उठाने होंगे, जिससे चंद सीढ़ियां चढ़ने के बाद ही थकान महसूस होने लगेगी।
- सीढ़ियां इस तरह डिजाइन कराई जानी चाहिए कि उस तक आसानी से पहुंचा जा सके।
- अगर कमरों के दरवाजे सीढ़ियों के साथ खुल रहे हों तो ऐसे में कम से कम 310 मिलीमीटर तक की न्यूनतम दूरी जरूरी बनाकर रखनी चाहिए। इसका फायदा यह होगा कि कमरे से सीढ़ियों तक आसानी से स्टेप-अप किया जा सकेगा।
- सीढ़ियों को कभी बहुत तंग नहीं रखना चाहिए। ऐसा होने से खासकर ऊपरी मंजिलों पर फर्नीचर चढ़ाने और उतारने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।
- सीढ़ियों की डेकोरेशन के लिए तमाम तरह के विकल्प मौजूद हैं। इन्हें सजाने में सबसे ज्यादा भूमिका रेलिंग की होती है। रेलिंग के लिहाज से आयरन या फिर स्टील फिनिश वाली रेलिंग का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।